ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन कृष्ण पक्ष 13, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 08 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 141, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय ▸ महिलायें कर रहीं समानता की अर्थव्यवस्था का मार्ग प्रशस्त... 8

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सीमा पर किसी भी खतरे से निपटने ...12 ◂ देश/विदेश

## सीएम चंपाई के हाथों नियुक्ति पत्र लेकर खुशी से झूमे युवा, भाजपा ने कसा तंज

■ तीन-चार महीने में झारखंड में 30 हजार नियुक्तियां निकाली जाएंगी ■ नवनियुक्त 2454 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री ने दिया नियुक्ति पत्र

**रांची।** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले चंपाई सोरेन सरकार ने ढ़ाई हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर बेरोजगारों को साफ संदेश दिया कि वे अपने वादे को हर हाल में धरातल पर उतारेंगे। सीएम ने कहा कि तीन-चार महीने में 30 हजार रिक्त पदों के लिए नियुक्तियां निकाली जाएंगी। वहीं भाजपा ने इसपर तंज कसते हुए कहा कि चार साल के बाद चुनाव से पहले कुछ को नौकरी देकर सरकार हवा बनाने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन गुरुवार को राजधानी के धुर्वा स्थित शहीद मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विभिन्न पदों पर नवनियुक्त 2454 अभ्यर्थियों को सरकार नियुक्ति पत्र दे रही है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के हाथों से जब युवा नियुक्ति पत्र ले रहे थे, तब उनका जोश और उत्साह देखने लायक था, वे जमकर मुख्यमंत्री के पक्ष में नारे लगा रहे थे। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताते हुए कहा कि आप सभी नवनियुक्त अभ्यर्थी यहां के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत करने में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक अपनी भूमिका निभाएंगे। मैं आप सभी को अपनी ओर से बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

### किसानों-पशुपालकों की आय में बढ़ोतरी के लिए उठाए जा रहे कदम : मुख्यमंत्री

**जमशेदपुरी।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में ना सिर्फ आत्मनिर्भर बनाना है, बल्कि इसे अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा करना है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को जमशेदपुर के बालीगुमा में मेधा डेयरी प्लांट के भूमि पूजन कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा तथा किसानों-पशुपालकों की आय स्रोत में बढ़ोतरी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि किसानों की खुशहाली से ही राज्य की समृद्धि संभव है। ऐसे में किसानों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जो भी योजनाएं बना रही है, उसे धरातल पर उतारने का काम कर रही है। हम योजनाओं के प्रचार-प्रसार से ऊपर उठकर उसका लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने



के लिए कार्य कर रहे हैं। आज राज्य सरकार की योजनाओं से जुड़कर लोग अपने को सशक्त बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार वर्षों में हमारी सरकार के द्वारा विकास के जो कार्य किए गए हैं, वह पिछले 19 वर्षों में नहीं हुआ। आज झारखंड विकास की नई गाथा लिख रहा है।

#### चांडिल डैम से भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से खेतों में पहुंचेगा पानी

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान अब सालों भर खेती का कार्य कर सकेंगे, इसके लिए सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चांडिल डैम से भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचेगा। इसके लिए जल्द योजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जा रहा है। लगभग 15 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़क बनाई जा रही है। अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख लोगों को तीन कमरों का मकान देंगे। गांव और शहर के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की शुरूआत हो चुकी है। इसके अलावा भी कई और ऐसी योजनाएं चल रही हैं, जो इस राज्य को नई दिशा देगी।

#### भगवान मिल जाएंगे, लेकिन नौकरी नहीं मिलेगी : सत्यानंद भोक्ता



राज्यस्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में युवाओं को संबोधित करते हुए श्रम, नियोजन प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अपने शेरो-शायरी अंदाज में कहा कि इस समय भगवान मिल जाएंगे, लेकिन नौकरी नहीं मिल पाएगा, इसलिए यह ऐतिहासिक पल है, हेमंत सोरेन ने विकास की जो लकीर खींची है, उसे गति देने का प्रयास किया जा रहा है।

#### जल्द जनजातीय शिक्षकों की भी होगी नियुक्ति

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही जनजाति भाषाओं के जनजातीय शिक्षकों की भी नियुक्ति करेगी। राज्य सरकार की यह सोच है कि झारखंड की समृद्ध जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई भी अब प्राथमिक विद्यालयों से ही शुरू की जाए। इस निमित्त पूरी तैयारी की जा रही है। झारखंड को सोने की चिड़िया वाले प्रदेश के रूप में देखा जाता रहा है, लेकिन यह विडंबना है कि बरसों से यहां के आदिवासी, मूलवासी, गरीब, शोषित, पिछड़े अल्पसंख्यक सहित जरूरतमंदों को व्यवस्था से दूर रखने का काम किया गया। उनकी सरकार अब इन वर्गों के लोगों को उनका हक-अधिकार देने का कार्य कर रही है।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

### पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 65,540
चांदी (किलो) 74,180

### एक नजर

#### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का संदेश



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों को विशेष रूप से महिलाओं को बधाई दी और उनके स्वर्णिम भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। हर साल 08 मार्च को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा, 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, मैं अपने सभी देशवासियों विशेष रूप से महिलाओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।'

#### ट्रेन की चपेट में आने से महिला और पुरुष की मौत

**कोडरमा।** कोडरमा रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूर रेलवे ओवरब्रिज के समीप पोल संख्या 393/6 के समीप रेल लाइन पार करने के क्रम में एक महिला एवं पुरुष की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हो गई। घटना लगभग 6:20 बजे संध्या की है। महिला की उम्र लगभग 30 वर्ष एवं पुरूष की उम्र लगभग 40 वर्ष है। महिला का शव घटनास्थल पर मिला एवं पुरुष का शव लगभग 1 किलोमीटर दूर गझण्डी की ओर लॉ कॉलेज के समीप मिला। सूत्रों के अनुसार ट्रेन की चपेट में आने के कारण पुरुष का शव ट्रेन के इंजन के साथ उतनी दूर चला गया होगा। घटना की सूचना के बाद आरपीएफ प्रभारी जवाहरलाल दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि महिला व पुरुष रेलवे लाइन पार कर रहे होंगे उसी दरमियान किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई है। घटना के बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई है। समाचार लिखे जाने तक उक्त महिला और पुरुष की पहचान नहीं हो पाई।

## आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर परिवारवादी राजनीति का सबसे बड़ा शिकार : पीएम

अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है

6,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की



**श्रीनगर/ नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में कहा कि आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर परिवारवादी राजनीति का सबसे बड़ा शिकार रहा है।

कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का मस्तक है और इसका विकास सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री विकसित भारत, विकसित जम्मू कश्मीर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 6,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की और जम्मू-कश्मीर के लगभग 1000 नए सरकारी भर्तियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे।

नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस की पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने परिवारवाद की राजनीति पर ध्यान केंद्रित किया और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। 370 से फायदा जम्मू कश्मीर को था या कुछ राजनीतिक परिवारों को आवाम ये सच्चाई जान चुकी है। प्रधानमंत्री ने लोगों को आश्वासन दिया कि जम्मू-कश्मीर के लिए विकास अभियान किसी भी कीमत पर नहीं रुकेगा और क्षेत्र अगले 5 वर्षों में और अधिक तेजी से विकसित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2023 में यहां दो करोड़ से भी ज्यादा पर्यटक आए। अब उनका अगला मिशन वेड इन इंडिया है। लोगों को जम्मू-कश्मीर आना चाहिए और अपनी शादियों की मेजबानी यहीं करनी चाहिए।

## जमीन घोटाला मामले में हेमंत और भानु की हिरासत अवधि 21 तक बढ़ी



**रांची।** जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में हुई। कोर्ट ने दोनों की न्यायिक हिरासत की अवधि 21 मार्च तक बढ़ा दी है। अब दोनों आरोपितों की अगली पेशी कोर्ट में 21 मार्च को होगी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने 13 दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। जबकि भानु को 12 दिनों रिमांड लेकर पूछताछ की गई थी। इसके बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया गया था। ईडी ने इस मामले में ईसीआईआर 6/2023 दर्ज किया है और मामले की जांच कर रही है। इस मामले में भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन एवं अज्ञात अन्य को आरोपित बनाया गया है।

## झारखंड को मिली तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन, 12 से शुरू होगा परिचालन

**रांची।** झारखंड को तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मिली है। रांची से वाराणसी के बीच इस ट्रेन का परिचालन 12 मार्च से शुरू होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाएंगे। इस ट्रेन का परिचालन झारखंड में वाया लोहरदगा-टोरी रूट पर होगा। रांची से वाराणसी के बीच की दूरी यह ट्रेन 6 घंटे 20 मिनट में तय करेगी। फिलहाल रांची से वाराणसी के बीच चलने वाली बाकी ट्रेनों को यह सफर तय



करने में करीब साढ़े दस घंटे का वक्त लगता है। ट्रेन वाराणसी से सुबह 5 बजकर 30 मिनट पर खुलेगी और दोपहर 12.20 पर रांची पहुंच जाएगी। वापसी में रांची से दोपहर 1.30 बजे रवाना होकर 7.50 बजे वाराणसी पहुंच जाएगी। झारखंड को इसके पहले दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन रांची से पटना और रांची से हावड़ा के बीच होता है। तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन का रांची और आसपास के जिलों के लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

## पश्चिमी सिंहभूम में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों का कैंप ध्वस्त किया

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के टोन्टो थाना क्षेत्र के जिम्की और ईकीर के बीच जंगली, पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के कैंप को ध्वस्त कर दिया। गुरुवार को नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक पुराने अस्थायी नक्सली कैंप को ध्वस्त कर दिया गया। इस कैंप में 95 लोगों की रुकने की व्यवस्था थी जिसे सुरक्षाबलों ने ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही नक्सली कैंप से विस्फोटक समेत दैनिक उपयोग में आने वाले सामग्री को बरामद किया। नक्सलियों के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु,



चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इसको लेकर जिले के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के कुईडा, छोटा कुईडा, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर


## भाजपा का आक्रामक अभियान, विपक्षी का अपनी ढपली-अपना राग

### बीजेपी उम्मीदवार के समर्थन में घर-घर दस्तक, विपक्ष में कौन लड़ेगा चुनाव पता नहीं

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** लोक सभा चुनाव-2024 में पलामू का किला फतह करने के लिये भाजपा का जहां आक्रामक चुनाव अभियान शुरू हो गया है। वहीं विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए में पलामू से किस दल का उम्मीदवार होगा। अभी तक इसी का पता नहीं है। भाजपा की तेजी का पता इसी से चल रहा है कि उम्मीदवार की घोषणा के बाद विभिन्न टोलियों में प्रचारक जहां घर-घर दस्तक देने लगे हैं। दूसरी तरफ गठबंधन के घटक दल अपनी ढपली-अपना राग अलाप रहे हैं। लोकसभा चुनाव का काउंट-डाउन शुरू हो गया है। कभी भी आचार संहिता की घोषणा हो सकती है। सरकार, शासन से लेकर राजनीतिक दल पूरी तरह चुनावी मोड में नजर आ रहे हैं। प्रदेश की राजनीतिक राजधानी पलामू में भी चुनावी रंग परवान चढ़ने लगा है, किंतु अभी तक इसका नजारा एकतरफा देखा जा रहा है। केंद्र में सत्तासीन भाजपा ने शुरू से ही आक्रामक चुनाव प्रचार से विपक्षी पर भारी बढ़त बना ली है। पार्टी द्वारा अपनी पहली ही सूची में उम्मीदवार की घोषणा के साथ पूरे संसदीय क्षेत्र में प्रचारकों की टोली को मैदान में उतार दिया है। शहरों के साथ सुदूर अंचलों में जिले के साथ प्रवासी पदाधिकारी कैंप कर रहे हैं। दूसरी तरफ प्रदेश की सत्ता में शामिल कांग्रेस, राजद व झामुमो अभी तक पलामू सीट किसके हिस्से में आयेगी। इसका निर्धारण ही नहीं कर सके हैं। जिले में गठबंधन दलों में आपसी समन्वय का अभाव भी देखा जा रहा है। चुनाव को लेकर अभी तक किसी भी स्तर पर संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन भी नहीं हुआ है। कांग्रेस व झामुमो द्वारा अलग-अलग धरना-प्रदर्शन अवश्य किये जा रहे हैं, किंतु पलामू की प्रमुख दावेदार कही जा रही राजद फिलहाल फिजा से गायब नजर आ रही है।

#### भाजपा के प्रदेश प्रभारी 10 को पलामू में



भाजपा के प्रदेश प्रभारी डा. लक्ष्मीकांत वाजपेयी 10 मार्च को मेदिनीनगर के शिवाजी में आयोजित बूथ स्तरीय सम्मेलन में सहभाग करेंगे। इसके बाद बीजेपी के चुनाव प्रचार पूरे उफान पर आने की संभावना जताई जा रही है।

## कैबिनेट: राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक एआई मिशन को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक एआई मिशन लेकर आई है। इस पर 10371.92 करोड़ रुपये खर्च किए जायेंगे। इसके तहत रणनीतिक कार्यक्रम और सार्वजनिक निजी भागीदारी का इस्तेमाल कर एआई क्षेत्र से जुड़े नावाचार के पूरे तंत्र को बढ़ने के लिए मदद पहुंचाना है। इसे डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन के एक स्वतंत्र बिजनेस निकाय ह्यइंडिया एआईह्न के माध्यम से जमीन पर उतारा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज इसे मंजूरी प्रदान की। मिशन की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इसके माध्यम से उच्च क्षमता वाले एआई कंप्यूटर तंत्र को विकसित किया जाएगा। स्वदेशी एआई मॉडल को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एआई विकास के लिए गैर-व्यक्तिगत गुणवत्तापूर्ण डाटा उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। महत्वपूर्ण क्षेत्रों, सरकारी कामकाज, केन्द्र और राज्यों के मंत्रालय में एआई के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।

#### केंद्रीय कर्मचारियों के डीए और पेंशनभोगियों के डीआर में 4 प्रतिशत बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को अपने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) और पेंशनभोगियों के महंगाई राहत (डीआर) में एक जनवरी से चार प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। अब यह मूल वेतन का 50 प्रतिशत हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।

## इंडिया — महिला दिवस के दिखावे से नहीं समाज के सशक्त बनाने से होगा विकसित भारत



सुनील बादल

**अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस या महिला दिवस, कामगारों के आंदोलन से निकला था, जिसे बाद में संयुक्त राष्ट्र ने भी सालाना जश्न के तौर पर मान्यता दी। 1908 में लगभग पंद्रह हजार महिलाओं ने न्यूयॉर्क शहर में एक परेड निकालकार मांग की थी कि महिलाओं के काम के घंटे कम हों, वेतन सही मिले और महिलाओं को वोट डालने का भी अधिकार मिले। एक साल बाद अमेरिका की सोशलिस्ट पार्टी ने पहला राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का एलान किया। इसे अंतरराष्ट्रीय बनाने का श्रेय 1910 में क्लारा जेटकिन नाम की एक महिला को जाता है । तब उनके आह्वान पर 17 देशों से आई 100 महिलाएं शामिल थीं और वो एकमत से क्लारा के इस सुझाव पर सहमत हो गईं थीं । पहला अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 1911 में ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विटजरलैंड में मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को औपचारिक मान्यता 1975 में दी । संयुक्त राष्ट्र ने इसके लिए पहली थीम 1996 में चुनी थी, जो बीते हुए समय का जश्न और भविष्य की योजना बनाना था। आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक फैशन या दिखावे का रूप ले चुका है, समाज में, राजनीति में पर भारतीय कार्य क्षेत्र या सामान्य घरों में महिलाओं की त्योहार मनाने का दिन बनना शेष है। इसको समझने के लिए भारतीय समाज की जटिलताओं को समझना जरूरी है ।



प्राचीन भारतीय धार्मिक ग्रन्थों या पारंपरिक लोक कथाओं में नारी को यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः की शैली में ही चित्रित किया गया है और विवाह में वर चुनने की स्वतन्त्रता से लेकर युद्ध में भागीदारी के सैंकड़ों उदाहरण हैं ।आज का आधुनिक समाज माता के नाम से बच्चे की पहचान को कानूनी मान्यता देता है पर हजारों साल पहले की कथाओं में कुंतीनंदन,सीता राम,राधा कृष्ण के प्रसंग बताते हैं कि यह तब की परंपरा थी जब पश्चिमी देश सभ्य भी नहीं हुए थे । भारत में आज भी जिन्हें पाश्चात्य विद्वान और आधुनिक भारत के लोग पिछड़े मानते हैं वह जनजातीय समाज अपनी बेटियों को लक्ष्मी मानकर पैर छूने से मना करता है और आधुनिक इंडिया की तरह लड़कियों को बोझ नहीं मानकर स्त्रीधन मानता है जिसका मूल्य वर पक्ष को चुकाना पड़ता है । फिर क्या हुआ कि हमने संभ्रांत होने के लिए अपने स्त्रीधन को छुपा लिया या तो पर्दे में या घर की सीमा के अंदर ? इसके पीछे मध्यकालीन इतिहास है जब विदेशी लुटेरे भारत को सोने की चिड़िया समझकर हजारों किलोमीटर दूर तक से लूटने आते थे और यहां के राजाओं को भेदभाव की राजनीति में फंसाकर न सिर्फ लूटते थे वरन महिलाओं बच्चियों का यौन शोषण की छूट अपने बर्बर सैनिकों को देते थे जिससे भोले भाले धर्म भीरु लोगों के मन में भय घर कर गया और तब शुरू हुआ बाल विवाह, रात्रि में विवाह और नाक कण छिदवाने से लेकर सर पर गोदना की परंपरा ताकि धर्म परिवर्तन रोका जा सके । अंतरराज्यीय पलायन और विकसित प्रदेशों से भागकर जंगली प्रदेशों में बसने के पीछे संभवतः यही कारण था क्योंकि तब जनसंख्या इतनी नहीं थी कि उसके दबाव में पलायन हो । दुखद यह है कि अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई और देश में लागू पश्चिमी मॉडल ने भारत को दो भागों में विभाजित कर दिया है पहला पश्चिमी मॉडल जो बीसवीं सदी के विकास को भी शुरूआत मानता है और अंग्रेज लेखकों के एकतरफा लेखन को वैज्ञानिक जबकि भारतीय जनजातीय समाज या सनातन समाज की परंपराओं को न सिर्फ दकियानूसी बल्कि भ्रामक और देसी । भारत की प्राचीन जड़ी बूटी से लेकर चिकित्सा पद्धति और नारी को देवी मानने की परंपरा गुलामी के दौर में सुप्त हो गई थी और हमने भी महिलाओं को उपभोग की मादा वस्तु समझना शुरू कर दिया था पर कुछ दशकों से योगा को योग और आयुर्वेद को हानिरहित इलाज समझना शुरू किया है तब से देश के लोगों का ध्यान भी यजुर्वेद और सामवेद की ओर गया है कि इसपर भी रिसर्च हो परखा जाए आशा है अगला कदम इन लोगों का यह होगा कि नारी को महिला दिवस का दिखावा नहीं परिवार से सशक्त बनाने की शुरूआत होगी । आज 26 जनवरी की भावुक परेड या हर मुकाम पर सफल महिलाओं ने जो प्रेरणा दी है वह मुखियापति,सांसदपति या ऐसे दिखावे के पदों से ऊपर एक विकसित भारत की नींव रखेगा ।

## अभिनेत्री अमीषा पटेल मामला राष्ट्रीय लोक अदालत में भेजा गया, कल होगा एग्रीमेंट

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** चेक बाउंस मामले में गुरुवार को न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में सुनवाई हुई। फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल कोर्ट में हाजिर नहीं हुई। इसके बाद अदालत ने समझौता के तहत बने एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर के लिए अमीषा पटेल को नौ मार्च को मध्यस्थता के लिए आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होने का आदेश दिया है। शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के अधिवक्ता विजयालक्ष्मी श्रीवास्तव ने अदालत से कहा कि बार-बार समय लेकर अभिनेत्री कोर्ट के आदेश की अवेहलना कर रही है। उनका बेल रिजेक्ट किया जाये। इससे पूर्व बुधवार को अभिनेत्री के अधिवक्ता जय प्रकाश ने अदालत को बताया था कि पांच किस्तों में



बकाया राशि दो करोड़ 75 लाख रुपये को आपसी समझौते के आधार पर लौटाने के लिए अमीषा तैयार हो गयी है। इसके बाद अदालत ने उन्हें गुरुवार को कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया था। फिल्म मेकर अजय कुमार सिंह ने अभिनेत्री अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। देशी मैजिक फिल्म बनाने के नाम पर अजय कुमार सिंह से अमीषा पटेल ने रुपये लिये थे, लेकिन फिल्म नहीं बनी।

## एक नजर

### बूथ सम्मेलन की तैयारी जोरों पर



**पाटन।** कुड़वा मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में बैठक कर कार्यकर्ताओं ने बूथ सम्मेलन की रणनीति बनायी। इस दौरान 10 मार्च को मेदिनीनगर स्थित शिवाजी मैदान में आयोजित लोकसभा स्तरीय बूथ सममेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का निर्णय लिया गया। विदित हो कि सम्मेलन में झारखण्ड के प्रभारी डा. लक्ष्मीकांत वाजपेयी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने की। बैठक मे जिला कार्यकारी सदस्य निरंजन पासवान, मंडल उपाध्यक्ष गोपाल पासवान,कामता सिंह, मंडल मंत्री अर्जुन तिवारी,धीरेन्द्र सिंह, पंचायत संयोजक राकेश पाण्डे, बूथ अध्यक्ष उमा शंकर सिंह, सतीश कुमार सिंह, रामाधार साव उपस्थित थे।

### बीडीओ व इंस्पेक्टर की निगरानी में फ्लैग मार्च



**पाटन।** महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड में है। महापर्व के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार झा व इंस्पेक्टर रमाशंकर पटेल के नेतृत्व में पुलिस बल ने पाटन,किशनपुर, नावाजयपुर में फ्लैग मार्च कर नागरिकों को शांति का संदेश दिया। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि कोई भी सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न डालें। पुलिस पूरी तरह से इसकी निगरानी कर रही है।

### क्षेत्र भ्रमण कर नागरिकों को भाईचारे के साथ पर्व मनाने को किया प्रेरित

# फ्लैग मार्च कर पुलिस ने दिया शांति का संदेश

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर गुरुवार को हरिहरगंज पुलिस-प्रशासन ने फ्लैग मार्च कर लोगों को शांति का संदेश दिया। अधिकारी व जवानों ने नगर पंचायत के शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर सभी को भाईचारे के साथ पर्व मनाने के लिये प्रेरित किया। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से महाशिवरात्रि पूजा को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। पुलिस प्रशासन व अधिकारियों सहित जवानों ने एनएच-98, मेन रोड, अररुआ मोड, झंडा चौक, आरसी लाल चौक, महाराजगंज, सतगांवा सहित



बाजार क्षेत्र में भ्रमण किया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व प्रभारी बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी कुमार अरविंद बेदीया, पुलिस इंस्पेक्टर सह प्रभारी थाना प्रभारी चंदन कुमार ने किया। फ्लैग मार्च में एसआई राकेश सिंह, विगेश राय, नंदलाल साहनी, सुधांशु शेखर झा, एएसआई देवेंद्र सिंह, मनोज दास शामिल रहे।

### महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पुलिस ने किया मार्च



**हुसैनाबाद।** महशिवरात्रि पर्व को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इसको लेकर गुरुवार को हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन व अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने फ़्लैग मार्च किया। थाना परिसर से विभिन्न चौक-चौराहा होते हुए जवानों ने सभी मंदिरों और शिवालयों का भ्रमण किया। इस दौरान एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, बीडीओ रौशन कुमार ने लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से महाशिवरात्रि पर्व मनाने के लिये प्रेरित किया। मौके पर हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, सीआरपी के इंस्पेक्टर संवर लाल, थाना के एसआई, डीके प्रजापति, विरेंद्र मेहता समेत पुलिस के कई जवान शमिल थे।

## कलश यात्रा के साथ श्रीराधा-कृष्ण की प्राण-प्रतिष्ठा

### आशुतोष धाम मंदिर में भव्य आयोजन, श्रद्धालुओं में उत्साह



नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। जपला रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम मंदिर में राधा- कृष्ण की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। देवरी स्थित सोन नदी से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरी की प्रक्रिया पूरी की गई। पंडित शम्भू पाठक के नेतृत्व में श्रीराधा-कृष्ण की मूर्ति की प्राण- प्रतिष्ठा एवं समस्त धार्मिक अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि विधान के साथ किया गया। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य यजमान आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन व उनकी धर्मपत्नी शामिल रहीं। इस मौके पर पंडित शम्भू पाठक ने कहा कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। इस मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी राजेश्वर सिंह, एनआर सिंह, संजय कुमार सिंह, विजय कुमार, कुंदन कुमार, राकेश कुमार मौजूद रहे।

## पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, बालक सहित दो की मौत



### रांची-मेदिनीनगर मार्ग पर तुम्बागड़ा के समीप दर्दनाक हादसे से शोक

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर तुम्बागड़ा मलय डैम मोड़ से कुछ दूरी पर गुरुवार को पीछे से आ रही पिकअप ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बालक सहित दो लोगों की जहां मौत हो गयी। वहीं एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे चतरा सांसद खेलकूद जिला प्रतिनिधि धीरज प्रसाद, सामाजिक कार्यकर्ता शिवप्रसाद व दीपक कुमार की मदद से घायलों को नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा में लाया गया। मिली जानकारी के अनुसार सदर प्रखंड के सुआ लहसुनियां से एक बाईक पर सवार होकर तीन लोग पांकी के सालमदिरी जीरो गांव जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पीछे से आ रही पिकअप ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। घटना में एक दस वर्षीय संजय कुमार सिंह पिता प्यारी सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि आशीष कुमार सिंह 25 वर्ष पिता कमलेश सिंह ने नव जीवन अस्पताल तुंबागडा में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल 25 वर्षीय भूपेंद्र सिंह पिता अनुज सिंह का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद भाग रहे पिकअप को स्थानीय लोगों ने पीछा कर पकड़ लिया, किंतु मौका पाकर चकमा देकर चालक भागने लगा। इस दौरान वहां पहुंचे एएसआई बसंत दुबे ने चालक को दौड़ा कर पकड़ लिया।

### भुक्तभोगी ने उपायुक्त, एसपी सहित अधिकारियों ने लगायी गुहार

## जमीन पर जबरन कब्जा करने का लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता



**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के पिपरा बाजार निवासी सरोज कुमार गुप्ता ने गांव के ही कुछ लोगों के विरूद्ध उनकी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने का आरोप लगाते हुये संबंधित अधिकारियों में शिकायत दर्ज करायी है। उनका कहना है कि कब्जे का विरोध करने पर दबंग मारपीट पर उतारू हो जा रहे हैं। मामले को लेकर मुक्तभोगी ने उपायुक्त पलामू, पुलिस अधीक्षक पलामू, भूमि सुधार उप समाहर्ता अनुमंडल तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। आवेदन में उन्होंने गांव के ही दशरथ प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, गीता देवी, मनोज सोनी, रवि, रोहित सहित कई लोगों पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिपरा में पुराना खाता नंबर 21, प्लॉट नंबर 727 रकबा 43 डिसिमल जो बहादुर साव व नान्हू साव पिता सेवक साव द्वारा 13 अक्टूबर 1953 को महादेव सिंह वगैरह से निबंधित विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया गया था। वर्तमान में इसका मामला भी न्यायालय में चल रहा है। उन्होंने एसपी से खतरे का अंदेशा जताते हुए सुरक्षा और उचित कार्रवाई की गुहार लगायी है।

## शिव बारात में सौहार्द बनाए रखने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** महाशिवरात्रि पर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर हैदरनगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक बुधवार को बीडीओ सह सीओ विश्व प्रताप मालवा ने की। जिसमें विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों ने कई सुझाव को रखा। मुखिया संतोष कुमार सिंह, कमल कुमार पासवान व जितेन्द्र सिंह ने इस पर्व पर पारंपरिक प्राचीन शिव मंदिर बरेवा में एक दिवसीय मेला के अलावे हैदरनगर बाजार क्षेत्र के प्राचीन बड़ा शिवालय से शिव बारात निकलने की जानकारी दी। शिव बारात दोपहर तीन बजे निकलने के बाद मेन रोड, जवाहर पथ होते रेलवे गुमटी जाकर वापस बाजार चौक होते पुनः शिवालय के प्रांगण में संपन्न होगी। प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी राजीव रंजन ने कहा कि मेला सहित अन्य संभावित स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी होगी। बैठक में सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह, एसआई अफजल अंसारी आदि मौजूद थे।

### सामाजिक कार्यकर्ता ने थाना प्रभारी को किया सम्मानित



**सतबरवा।** सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में नागरिकों ने गुरुवार को नवनियुक्त थाना प्रभारी अंकित कुमार का स्वागत फूल माला व अंग वस्त्र देकर किया। इस मौके पर थाना प्रभारी अंकित कुमार ने कहा कि थाना आम लोगों के लिए है। जन सहयोग से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखा जायेगा। समस्याओं का जल्द से जल्द निदान करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता श्याम बिहारी प्रसाद, दीपक कुमार चंद्रवंशी, विरेंद्र मेहता, सत्येंद्र प्रसाद साहू, पोची पंसस अशोक राम, इंद्रदेव तुरी, कौशल प्रसाद मौजूद थे।

### आयुष शिविर में 349 मरीज का इलाज



**हरिहरगंज।** प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड स्तरीय चार दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का गुरुवार को समापन किया गया। आयुष चिकित्सक डॉ. सत्यम सौरभ ने बताया कि आयुष पद्धति के माध्यम से इलाज को बढ़ावा देने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मरीजों को परामर्श, इलाज तथा मुफ्त दवा भी दी गयी। शिविर में चार दिनों में कुल 349 मरीज का इलाज किया गया। उन्होंने बताया कि ऑर्थो, ऑर्थराइटिस, मांसपेशियों में दर्द, पैरों में सूजन समेत सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज मुफ्त में किया गया। मौके पर एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा, डॉ. गजाला नौशी, एएनएम शांति, संगीता, सरोजिनी, स्वास्थ्य सहिया ऊषा, सरिता, सुनीता, बालमती, लालो देवी, एमपीडब्ल्यू रणवीर मेहता, योग प्रशिक्षक ललन के अलावे हीलिंग फील्ड फाउंडेशन की बसंती देवी, आयुष सहिया सुगांती देवी, संगीता देवी मौजूद रहीं।

## असामाजिक तत्वों ने रोका कब्रिस्तान की चहारदीवारी का निर्माण

### पथरा के ग्रामीणों ने डीसी समेत सभी पदाधिकारियों से अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पथरा में झारखण्ड सरकार कल्याण विभाग द्वारा आवंटित कब्रिस्तान की चहारदीवारी निर्माण कार्य को जबरन रोक लगाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त पत्र पलामू डीसी एवं अंचल पदाधिकारी को प्रेषित कर मामले में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की गुहार लगायी है। गुरुवार को पथरा गांव निवासी बसरूद्दीन अंसारी ने अपने ही गांव के विनोद पासवान एवं सनद पासवान के द्वारा जबरन कार्य में बाधा उत्पन्न करने की लिखित शिकायत की है। पत्र में कहा गया है कि उक्त भूमि के खाता व प्लॉट को अंचल अधिकारी के सत्यापन व सरकारी अमीन के द्वारा सीमांकन के बाद कल्याण विभाग द्वारा कब्रिस्तान की चहारदीवारी निर्माण कार्य आवंटित किया गया है, लेकिन शरारती व्यक्तियों के द्वारा कार्य को बार-बार जबरन बन्द करा दिया जा रहा है। इतना ही नहीं कार्य में लगे मजदूरों के साथ मारपीट व धमकी भी दी जा रही है। जिससे क्षेत्र में शांति भंग होने की प्रबल संभावना बनी हुई है। पुलिस ने आवेदन के आलोक में मामले की छानबीन में जुट गयी है।

## विधायक ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने गुरुवार को नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 में चातर से लेकर छोटकी पहाड़ी तक पीसीसी पथ निर्माण का ऑनलाइन शिलान्यास किया। कार्यस्थल पर मौजूद एनसीपी के प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह तथा एनसीपी नेता सह मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद नारियल फोड़कर कार्य का श्रीगणेश किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, एनसीपी नेता मनीष सिंह, मुखिया सरोज कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, जिला सचिव अजय सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष उदय सिंह, सुमन कुमार, संवेदक बंशीधर दुबे तथा नवीन कुमार दुबे के अलावे सत्येंद्र सिंह, मृत्युंजय सिंह उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर धराये



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की देर रात हैदरनगर के प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन ने अवैध बालू का परिवहन करते चार ट्रैक्टर को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कराया है। उन्होंने बताया कि देर रात सूचना मिली कि सोन नदी से ट्रैक्टर पर बालू का अवैध परिवहन किया जा रहा है। उसके आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए रानीदेवा गांव के समीप से तीन व तारा गांव के समीप से एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना परिसर में लाया गया। प्रशिक्षु डीएसपी ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर की सूचना खनन पदाधिकारी मेदिनीनगर को दी गई है। उन्होंने बताया कि बालू के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

**अव्यवस्था** सुदूर अंचल में स्थित विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति दयनीय

# सीकनि विद्यालय की स्थिति जर्जर, अभिभावक चिंतित

नवीन मेल संवाददाता

**मनातू।** प्रखंड के सीकनि स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय की विद्यालय की स्थिति जर्जर होने के कारण हादसे की आशंका से परिजन चिंतित नजर आ रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय के कक्ष में जहां लकड़ी रखी गई है । वहीं कार्यालय से लेकर क्लासरूम,बरामदा सभी मरम्मती के अभाव में पूरी तरह जीर्णशीर्ण अवस्था में पहुंच गये हैं। व्यापक उदासीनता के कारण एमडीएम संचालन सहित पठन-पाठन की स्थिति भी पूरी तरह से बेपटरी हो गयी है। ग्रामीणों का कहना है कि प्राथमिक शिक्षा को गुणवत्ता पूर्ण बनाने के लिये एक तरफ जहां सरकार द्वारा लाखों रुपये खर्च किया जा रहा है। वहीं ग्रामीण अंचल में कोई ध्यान नहीं दिये जाने से समस्या दिन-प्रतिदिन गहराती जा रही है। ग्रामीण सुनील यादव, अनिल कुमार यादव, मीना देवी,विनय कुमार यादव आदि ने प्रधानाध्यापक सह सचिव पर मीनू के अनुसार एमडीएम का संचालन नहीं कराने का आरोप लगाते हुए गहरी नाराजगी जताई है।




### एमडीएम में दिया जा रहा टमाटर का झोर

ग्रामीणों का कहना है कि सप्ताह में एक भी दिन बच्चों को मीनू के अनुसार भोजन नहीं दिया जा रहा है। नियमित रूप से बच्चों को दाल-भात दिया जाता है। दाल नहीं रहने पर टमाटर का झोर बनाकर बच्चों को खाने के लिए दे दिया जाता है। साथ ही प्रधानाध्यापक भी सप्ताह में एक या दो दिन ही विद्यालय में आते हैं।

### कुकिंग कास्ट की राशि डकार गये शिक्षक

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुकिंग कास्ट की राशि भी बच्चों को नहीं दी जा रही है। अभिभावक जब राशि की मांग करते हैं तो प्रधानाध्यापक सह सचिव भीम यादव डांट कर भगा देते हैं। साथ ही पिछले दस सालों से प्रबंधन समिति का चुनाव भी नहीं कराया गया है।

### वर्जन...

इस सम्बन्ध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी परमेश्वर साहू ने कहा कि सभी विद्यालयों का निरीक्षण करने में परेशानी होती है। इसके बाद भी विद्यालय में अव्यवस्था को गंभीरता से लिया जा रहा है। जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**
लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान आपके जीवन को सबसे ज्यादा प्रभावित करता है, इसलिए मतदान अवश्य करें और ऐसे व्यक्ति या पार्टी को करें जो आपके क्षेत्र और स्थानीय व्यवस्थाओं को समझे।
**सन्नी शुक्ला अध्यक्ष झामुमो युवा मोर्चा, पलामू।**

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड कार्यालय परिसर में आयुष आरोग्य केंद्र के द्वारा आयोजित चार दिवसीय प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का गुरुवार को समापन किया गया। शिविर में प्रखंड क्षेत्र से पहुंचे मरीजों का आयुष पद्धति के द्वारा ऑर्थो पराइटिस, मांसपेशियों में दर्द ,जोड़ों में दर्द, गैस्ट्रिक, झिनझिनापन ,कमजोरी आदि की जांच डॉक्टर अखिलेश कुमार द्वारा कर मुफ्त दवा वितरण किया गया। मौके पर नावा बाजार बीडीओ विजय प्रकाश मरांडी,डॉक्टर राकेश रोशन,उपेंद्र मेहता , एएनएम प्रतिमा कुमारी, सुमन कुमारी, बसंती देवी उपस्थित रहीं।



जेएमएम जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

## सीएम को जिले की समस्याओं से कराया रूबरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सीएम चंपाई सोरेन से मुलाकात कर उन्हें जिले की बुनियादी समस्याओं से रूबरू कराया। इस दौरान सूबे के मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी मौजूद थे। श्री सिन्हा ने बताया कि जिला मुख्यालय का बस स्टैंड व्यवस्थित नहीं होने से शहरवासी जाम की समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं। व्यापक समस्या को देखते हुये इसे दुरुस्त कराया जाना निहायत जरूरी है। साथ ही मुख्यालय के साथ पूरे जिले में व्याप्त पेयजल संकट का भी स्थाई व त्वरित निदान किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लीज नवीनीकरण जिले की बहुत बड़ी समस्या है। इससे संपूर्ण विकास कार्य ठप है। इसे सरलीकरण कर जल्द से जल्द सुलझाया जाये। जिससे तेजी से विकास हो सके। प्रतिनिधि मंडल में सचिव सन्नू सिद्दिकी वरिष्ठ नेता अविनाश देव, युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज शामिल थे।



## तस्वीर झूठ ना बोले



नाली में रास्ता है कि रास्ते में नाली। इसे जिम्मेदार ही बखूबी समझ सकते हैं। (छाया-भोला)

### जिले में पुलिस की चौकसी बढ़ी, सोशल मीडिया पर खास नजर

# भड़काऊ सन्देश फैलाने वालों पर पैनी नजर : एसपी

### लोक सभा चुनाव को लेकर पलामू पुलिस अलर्ट मोड में, हेल्पलाईन नंबर जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आसन्न लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व व्यवधान रहित सम्पन्न कराने को लेकर पलामू पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ चुकी है। जिले के सीमावर्ती व पूर्व के उग्रवाद प्रभावित इलाकों के साथ-साथ संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। इसके अलावे सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर है, ताकि कोई इसका बेजा इस्तेमाल कर किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न नहीं कर सके। इसपर निगरानी और शिकायत के लिए पुलिस ने पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के आदेशानुसार 7070452955 मोबाइल नंबर जारी किया है।



**पुलिस ने पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के आदेशानुसार 7070452955 मोबाइल नंबर जारी**





बताया गया है कि आगामी लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर पलामू जिला में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए एसएमएस का दुरुपयोग और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निगरानी एवं शिकायतों के लिए उपरोक्त मोबाइल नंबर निर्धारित किया गया है। यह नंबर पलामू जिला के नियंत्रण कक्ष में स्थापित है। आगामी लोकसभा चुनाव में बाधा व व्यवधान उत्पन्न करने एवं भड़काने वाले ऐसे संदेश जो स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के निष्पादन में बाधक बनते हैं। इसकी रोकथाम के लिए उक्त नंबर निर्धारित किया गया है, ताकि इस नंबर पर पर कॉल या मैसेज के माध्यम से कोई भी व्यक्ति सूचना दे सके। कहा गया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जायेगी।

## जहरीले पदार्थ का सेवन कर दो ने की आत्महत्या

**पड़वा में पारिवारिक विवाद में तो गढ़वा में मानसिक तनाव में दी जान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के ग्राम बटसरा निवासी खेमन राम के पुत्र विरेंद्र राम उम्र 50 वर्ष ने बुधवार की दोपहर जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की बुधवार की दोपहर किसी बात को लेकर विरेंद्र का परिजनों से विवाद हुआ था। इससे क्षुब्ध होकर उन्होंने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। गंभीर स्थिति में परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। दूसरी ओर गढ़वा जिले के रमना गांव निवासी रामलाल रजक उम्र 45 वर्ष ने बुधवार की रात में शराब के नशे में मानसिक तनाव में आकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए गढ़वा जिला अस्पताल लाया गया। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देख उन्हें मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिये भेजवाया।



## एक नजर

### आज मनेगी पूर्व विधायक की पुण्यतिथि

**मेदिनीनगर।** पूर्व विधायक व प्रख्यात कानूनविद् सच्चिदानंद त्रिपाठी की 37वीं पुण्यतिथि आठ मार्च की सुबह 11 बजे से अधिवक्ता संघ कार्यालय भवन डालटनगंज में श्रद्धापूर्वक मनायी जायेगी। कार्यक्रम के संयोजक शशिभूषण दुबे ने बताया कि इस दौरान पूर्व विधायक श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित भी किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्रा मौजूद रहेंगे।

### भाकपा नेताओं ने जन समस्याओं की ली जानकारी

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, अखिल भारतीय किसान सभा के उपाध्यक्ष रामराज तिवारी, नौजवान संघ के उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी व मृत्युंजय तिवारी आदि ने मेदनीनगर नगर निगम बारालोटा के वार्ड संख्या छह एवं चार में लोगों से मुलाकात कर जन समस्याओं की जानकारी ली। इसके बाद पदाधिकारियों द्वारा अंबेडकर नगर जाकर भी लोगों से मुलाकात किया गया। इस दौरान क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर वर्तमान जन प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों को जमकर आड़े हाथ लिया गया।

## इलेक्ट्रोल बांड को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इलेक्ट्रोल बॉन्ड से किस राजनीतिक पार्टी को कितना चंदा मिला इसको उजागर करने के लिये एसबीआई द्वारा समय मांगने के खिलाफ गुरुवार को जिला कांग्रेस पार्टी द्वारा एडीबी बैंक के सामने धरना दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक एवं संचालन प्रखंड अध्यक्ष खुर्शीद आलम ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा इस मामले में एसबीआई को मोहरा बनाया गया है। अपने काले कारनामे को छिपाने के लिये बीजेपी एक और चाल चल रही है। इसे जनता खूब समझ रही है। कांग्रेस पार्टी इसके खिलाफ देश भर में हल्ला बोल करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कोऑर्डिनेटर शिक्षा विभाग श्याम नारायण सिंह, प्रदेश सचिव रामाशीष पांडे, पूर्णिमा पांडे, उपाध्यक्ष विनोद तिवारी,सुधीर चौबे, ओम प्रकाश, गिरजा राम, रामानंद पाठक, दीपक लाल,मनोज अग्रवाल, अनिल सिंह,विद्या सिंह चेरो आदि मौजूद रहे।

### आजसू ने सौंपा मांगपत्र

**मेदिनीनगर।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक राज के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने नीलांबर-पीतांबरपुर के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर तपन कुमार शांडिल्य को बुधवार को ज्ञापन सौंपकर शैक्षणिक अराजकता दूर करने की मांग की। विश्विविद्यालय में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी एनसीसीएफ की त्रुटियों, दोषी पाए गए दो शिक्षकों कार्रवाई नहीं होने, बिना टेंडर का काम कराने, इंटरकर्मियों को दो वेतन देने का मामला उठाया गया। बिपिन शुक्ला, राहुल मिश्रा, मुकेश पासवान, आयुष राज, शालिनी, जूही आदि ने ज्ञापन सौंपा।

### एनपीयू के प्रभारी कुलपति ने प्रमंडलीय आयुक्त को भेजा पत्र , पहल का अनुरोध

## कुर्का माडल डिग्री कालेज में शुरू किया जाये पठन-पाठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉक्टर तपन कुमार शांडिल्य ने पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त को पत्र प्रेषित कर चैनपुर के कुर्का गांव में स्थित मॉडल डिग्री कॉलेज में पठन-पाठन शुरू कराने के लिये आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया है। पत्र के माध्यम से डा. शांडिल्य ने अवगत कराया है कि डिग्री कॉलेज की चहारदीवारी निर्माण में वन विभाग के अड़ंगा लगाने से कार्य नहीं हो पा रहा है। नियमानुसार जब तक चहारदीवारी का निर्माण नहीं हो जायेगा। झारखंड राज्य बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड इसे विश्वविद्यालय को हस्तगत नहीं कर सकता। विदित हो कि मॉडल डिग्री कॉलेज का भवन दो वर्षों से बनकर तैयार है। उन्होंने कहा कि इस कालेज में पठन-पाठन शुरू हो जाने से चैनपुर प्रखंड से ही सटे रामगढ़ प्रखंड के आदिम जनजाति वर्ग के के छात्र-छात्राओं को भी अध्ययन में काफी सहूलियत होगी। इस संबंध में प्रभारी कुलपति द्वारा मेदिनीनगर के वन प्रमंडल पदाधिकारी और झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के सचिव को भी प्रतिलिपि प्रेषित की गयी है।



### जिले में नहीं रुक रहा दुर्घटनाओं का ग्राफ, चिंता का सबब

## सड़क हादसे में किशोर सहित दो की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में सड़क हादसों का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले 24 घंटे के अंतराल में जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर घटित सड़क हादसे में किशोर सहित दो लोगों की मौत हो गयी। इससे पूर्व मंगलवार को भी सड़क दुर्घटना में दो लोगों ने अपनी जान गवांयी थी। जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के हथिया पखल के समीप बुधवार की दोपहर एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें टेंपो पर सवार पोखरहा कला निवासी उमेश उरांव के पुत्र पीटर उरांव उम्र 15 वर्ष की मौत हो गई। एक अन्य घटना में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम राजो गाड़ी कुराइन पतरा निवासी सत्येंद्र साव उम्र 50 वर्ष की बुधवार की रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि बुधवार की रात आठ बजे सत्येंद्र अपने घर के पास सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात बाइक की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजनों द्वारा इलाज के लिये मेदिनीनगर सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय और सहायक अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार सिंह मृतक किशोर के घर पहुंच कर परिजनों को समझा-बुझा कर शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल भेजवाया।



## कहार को टिकट नहीं तो किसी को वोट नहीं : महासभा





**अखिल भारतीय कहार महासभा ने किया एलान, एका का आह्वान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** किसी भी राष्ट्रीय या क्षेत्रीय पार्टी द्वारा चुनाव में सीट नहीं दिये जाने से नाराज अखिल भारतीय कहार महासभा ने आसन्न चुनाव में टिकट नहीं दिये जाने पर वोट नहीं देने का ऐलान किया है। कहा गया है कि कहार का वोट लेना है तो राजनितिक दलों को झारखण्ड में कम से कम दो सीट देना होगा। इस बाबत गुरुवार को महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन चन्द्रवंशी ने शहर के बेलवाटिका स्थित अपने आवास पर आयोजित वार्ता में उक्त घोषणा की है। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि झारखण्ड में चंद्रवंशी जाति की आबादी 11 प्रतिशत है। मगर सभी राजनीतिक दलो ने हमारे समाज को हाशिये पर रखा है। यहां न तो राष्ट्रीय दल भाजपा या कांग्रेस और न ही क्षेत्रीय दल जेएमएम, आजसू पार्टी या बहुजन समाज पार्टी ध्यान दे रही है। सीपीएम,सीपीआई माले सरीखे दल भी हमारे समाज की अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय पदाधिकारियों से प्रदेश में कम से कम दो सीट देने की मांग की है। मौके पर सतीश कुमार, शैलेश चन्द्रवंशी, संजय किशोर सिंह आदि

### सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, हर संभव मदद का दिया भरोसा

## थाना प्रभारी ने लोकगीत से ग्रामीणों को किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर / मनातू ।** लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देशन में पलामू पुलिस द्वारा ग्रामीण अंचलों में विभिन्न तरीकों से ग्रामीणों को मतदान के लिये जागरूक किया जा रहा है। साथ ही जन सहयोग से बूथों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को मनातू थाना क्षेत्र के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुरगुजा, सेमराहा और बहेरा टांड टोला आदि का दौरा कर थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने ग्रामीणों से मुलाकात की। थाना प्रभारी ने बूथों का निरीक्षण कर सुरक्षा के अलावा बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत कर इलाके के बारे में जानकारी जुटाई। ग्रामीणों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए मुसीबत की स्थिति में हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। पुलिस ने पोस्ता, अफीम आदि जैसे खेती को न करने की सलाह दी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के बीच बैठकर मांदर की थाप पर लोकगीत गाकर उनसे मेलजोल भी बढ़ाया। साथ ही गांव के बच्चों के बीच बिस्किट और टॉफी का वितरण कर उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया।



### 7,70,166 लोगों का नहीं बना है आयुष्मान भारत कार्ड

**मेदिनीनगर।** पलामू में अब तक 7,70166 लोगों का आयुष्मान भारत कार्ड बना है। जिले में अभी भी 11,37,326 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनना शेष है। पलामू जिले में 19,07492 लोगों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाने का लक्ष्य स्वास्थ्य विभाग ने रखा है। इस योजना के तहत कार्डधारी आयुष्मान भारत योजना से इंपैनल अस्पतालों में पांच लाख रुपए तक अपना निःशुल्क इलाज करा सकते हैं। आयुष्मान भारत कार्ड के डीपीसी डॉ प्रेमचंद ने बताया कि जागरूकता और किसी का राशन कार्ड और आधार कार्ड में नाम का नहीं मिलने से आयुष्मान भारत कार्ड बनाने की गति धीमी है।

## महाशिवरात्रि को लेकर नावा बाजार में फ्लैग मार्च



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेहला कैंप इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान तथा नावा बाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार के नेतृत्व में महाशिवरात्रि को लेकर प्रखंड मुख्यालय सहित थाना क्षेत्र के कई गांवों में पुलिस ने फ्लैग मार्च कर शांति का संदेश दिया। एनएच-98 स्थित पावर सब स्टेशन होते हुए प्रखंड मुख्यालय बाजार के बस स्टैंड सहित अन्य जगहों का जवानों ने चक्रमण कर सभी को शांति के साथ पर्व मनाने का संदेश दिया। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक विश्वनाथ राणा, एएसआई भुनेश्वर तुरी सहित जवान मौजूद रहे।

### महाशिवरात्रि पर रेल चालकों के लिये गाईडलाईन जारी

**मेदिनीनगर।** महाशिवरात्रि त्यौहार को ध्यान में रखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर रेल चालकों को गति पर अंकुश के आदेश जारी किये गये हैं। यह आदेश महाशिवरात्रि त्यौहार पर श्रद्धालुओं के रेलवे लाइन को पार करने संबंधी सावधानी के लिए दी गई है। यह गति प्रतिबंध डालटनगंज से कजरी रेलवे स्टेशनों के बीच में लागू होगी। सभी ट्रेन के ड्राइवर चाहे वह पैसेंजर , एक्सप्रेस या मालगाड़ी क्यों न हो उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे लंबी सीटी बजाते हुए गति को प्रतिबंधित करते हुए ट्रेन का परिचालन करेंगे। इस दौरान उनकी निगाह रेलवे लाइन के दोनों और होनी चाहिए। यह गति प्रतिबंध शुक्रवार मध्याह्न 12 बजे से रात 10 बजे तक लागू रहेगा।

### सहयोग | पीडीजे के निर्देश पर डालसा सचिव ने की मुलाकात, दिये निर्देश

# विधिक सेवा प्राधिकार ने गैंगरेप पीड़िता को दी मदद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की नर्तकी के साथ हुये सामूहिक दुष्कर्म के मामले में झालसा ने स्वतः संज्ञान लिया है। पीडीजे नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने पीड़िता से मुलाकात कर सरकारी सहायता उपलब्ध कराया। गुरुवार को दुष्कर्म पीड़िता को जिला प्रशासन के सहयोग से सखी वन स्टॉप सेंटर में शिफ्ट कराया गया। साथ ही पीड़िता की देख रेख के लिये एक महिला कर्मी को लगाया गया है। सचिव श्री श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर पीड़िता की उचित सुरक्षा की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया है। पीड़िता को तत्काल सहायता के रूप में कपड़ा, चप्पल ,सैंडल ,मच्छरदानी, बेडशीट ,राशन इत्यादि सामान उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा पीएलभी की सहायता से पीड़िता द्वारा पीड़ित प्रतिकर के तहत आवेदन किया गया है। जिस पर जल्द कार्रवाई कर पीड़ित प्रतिकर की राशि दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

**गुरुवार को दुष्कर्म पीड़िता को जिला प्रशासन के सहयोग से सखी वन स्टॉप सेंटर में शिफ्ट कराया गया।**

### दसवीं की छात्रा है पीड़िता

विदित हो कि पीड़िता दसवीं की छात्रा है। अप्रैल माह में उसकी परीक्षा है। खुद की पढ़ाई व परिवार की आर्थिक मदद के उद्देश्य से वह आर्केस्ट्रा में नर्तकी का काम करती थी। इसी दौरान विश्रामपुर में पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। लाज में रह रही उसकी बहन को भी सखी वन सेंटर में रखा गया है।

## एक नजर

### विद्यालय से 1.98 लाख रुपए चोरी का नहीं मिला सुरगा

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय स्थित लोहिया समता उच्च विद्यालय केतार में एक सप्ताह पुर्व 1.98 लाख रुपए हुई चोरी की घटना का उद्भेदन करने में पुलिस को सफलता हाथ नहीं लगी है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी रौशन कुमार ने बताया की एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। जल्द ही चोरी की इस घटना का उद्भेदन किया जायेगा।

### प्रत्येक मंगलवार को होगी समीक्षा बैठक

**केतार।** प्रखंड कार्यालय केतार के सभागार कक्ष में प्रत्येक मंगलवार को मंगल दिवस के अवसर पर समीक्षा बैठक की जायेगी। इसकी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने दी। उन्होंने कहा की मंगल दिवस के अवसर पर मनरेगा, पंद्रहवें वित्त,आवास, पेंशन,राशन,अबुआ आवास की समीक्षात्मक बैठक 11 बजे पूर्वाह्न से होगी। बीडीओ ने उक्त बैठक में सभी पंचायत सचिव, बीपीओ, रोजगार सेवक,सभी कनीय अभियंता, बीएफटी, प्रखंड समन्वयक , कम्प्यूटर आपरेटर को अद्यतन रिपोर्ट के साथ ससमय उपस्थित रहने का निर्देश दिया है।

### जेएसपीएल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**खरौंधी।** प्रखंड में जेएसपीएल ने अंतरष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। समारोह को संबोधित करते हुए खरौंधी के पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिला आगे बढ़ रही हैं। इनको सहायोग करने की आवश्यकता है। महिलाएं आज खेलकूद प्रतियोगिता में सब से अधिक रुचि ले रही है। आज देश में महिलाए मुख्यमंत्री से राष्ट्रपति के पद पर बैठी है। झारखंड में एक से एक लड़किया खेल के क्षेत्र में जा कर देश का नाम रोशन कर रही है। महिला समाज की आईना है। इनसे सीख लेने की आवश्यकता है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कहा कि आज महिलाएं घर की चौखट लांघ कर अपने आप में मजबूत हुई है। हर क्षेत्र में महिलाएं आत्मनिर्भर हुई है। प्रखंड प्रशासन की ओर से जितना भी सहयोग बनेगा किया जायेगा। मौके पर समूह की सीमा देवी, सतवंती कुमारी, कंचन देवी, रीना देवी, शिवकुमार यादव, सुनील कुमार, प्रताप सिंह, पिंकी कुमारी, आरती कुमारी उपस्थित थीं।

### विद्युत स्पर्शाघात से बालिका की मौत

**गढ़वा।** बरडीहा थाना क्षेत्र के सरस्वतीया गांव में बिजली करंट की चपेट में आने से आठ वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी। मृतका की पहचान बरडीहा थाना क्षेत्र के रामर गांव निवासी गुंजन लोहार की पुत्री बोधनी कुमारी के रूप में हुई है । घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गुंजन ईट भट्ठा के बगल में एक बेर तोड़ रही थी। इस दौरान गेहूं के खेत में नीलगाय के लिए लगे बिजली करंट के चपेट में आ जाने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### चिनियां प्रखंड को मिला महाशिवरात्रि का महा तोहफा, ग्रामीणों में उत्साह

# गढ़वा में विकास कार्यां का बन रहा रिकार्ड : मंत्री मिथिलेश






नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के चिनियां प्रखंड को महाशिवरात्रि का महा तोहफा मिला है। महाशिवरात्रि के ठीक एक दिन पूर्व गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने 215 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न विभागों की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया है। गुरुवार को चिनियां प्रखंड के मसरा मोड़ के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जेएमएम के राज में नित्य गढ़वा के विकास का रिकार्ड स्थापित हो रहा है। चिनिया प्रखंड के झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित ग्राम खुरी गायघाट कनहर नदी पर नवनिर्मित पुल के उद्घाटन से तीनों प्रांतों के नागरिकों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। मंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना कर, नारियल फोड़ कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर इन योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले ग्रामीणों व समाज सेवियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर झामुमो कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने मंत्री श्री ठाकुर का भव्य स्वागत किया। इस दौरान पथ निर्माण विभाग से एक अरब 73 लाख चार हजार रुपए की लागत से गढ़वा से चिनियां पथ तथा चिनियां, रनपुरा, खुथुआ मोड़ पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण व राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य, ग्रामीण कार्य विभाग एवं विशेष प्रमंडल से खुर्री, नक्सीली खुर्री, राजबांस गांव व बरवाडीह पंचायत के विभिन्न गावों में 10 स्थानों पर 10 करोड़ 33 लाख एक हजार 100 रुपए की लागत से निर्मित पुल का उद्घाटन तथा 25 करोड़ 54 लाख आठ हजार रुपए की लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास किया गया। ग्रामीण कार्य विभाग से हेताड़कला, खुर्री, बिलैतीखैर व बरवाडीह पंचायत में सात सड़कों में 18 करोड़ 90 लाख 20 हजार रुपए की लागत से निर्मित सड़क का उद्घाटन व 13 करोड़ 53 लाख एक हजार रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया गया। भवन निर्माण विभाग से शिक्षा विभाग की योजना कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय चिनियां का पांच करोड़ 26 लाख 20 हजार रुपए की लागत से सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास, भूमि संरक्षण विभाग से तहले, बेता, मसरा, बिलैतीखैर, पाल्हे, चिरका, खुर्री चिनियां, परसुखांड़, डोल, छतैलिया, चपकली एवं तुरीमुंडा गांव में एक करोड़ 68 लाख 50 हजार 400 रुपए की लागत से छह तालाब का जिर्णाद्धार कार्य व 15 परकोलेशन टेंक निर्माण कार्य का शिलान्यास तथा छतैलिया एवं चिनियां गांव में सात लाख रुपए की लागत से दो डीप बोर, जिला योजना मद से सिगसिगा गांव में चौपाल निर्माण कार्य, कल्याण विभाग की चार करोड़ 57 लाख 10 हजार 700 रुपए की लागत से कब्रिस्तान चाहरदिवारी एवं सरना देव स्थल चाहरदिवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। साथ ही पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 27 करोड़ नौ लाख 34 हजार रुपए की निर्मित योजना का उद्घाटन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से ओएसडी चंद्रचूड़ सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दीपमाला, नवीन तिवारी, रौशन पाठक, झामुमो युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू सिंह खरवार, अरविंद यादव, फरीद खां, कांग्रेस नेता अमृत शुक्ला उपस्थित थे।

### कनहर पर पुल निर्माण ऐतिहासिक कदम

छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली कनहर नदी पर पुल का भी गुरुवार को उद्घाटन किया गया। यह गढ़वा जिले के लिए अति महत्वपूर्ण योजना है। इस पुल का उद्घाटन हो जाने से अब गढ़वा के लोगों का छत्तीसगढ़ आजा-जाना आसान हो जायेगा। इससे दोनों प्रांतों की लाखों आबादी लाभान्वित होगी। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में उन्होंने अपने कार्यकाल में विकास कार्यां का रिकार्ड स्थापित कर दिया है।

**इस पुल का उद्घाटन हो जाने से अब गढ़वा के लोगों का छत्तीसगढ़ आजा-जाना आसान हो जायेगा। दोनों प्रांतों की लाखों आबादी लाभान्वित होगी।**

# बीडीओ ने मनरेगा वेंडरों को रॉयल्टी जमा करने का दिया निर्देश



**ससमय रॉयल्टी जमा नहीं करने पर वेंडर को ब्लैक लिस्टेड करने के लिए वरीय पदाधिकारी को प्रतिवेदित किया जायेगा : प्रंखड विकास पदाधिकारी**

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने गुरुवार को पत्र प्रेषित कर सभी वेंडरों को वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा सामग्री में भुगतान की गई राशि की रॉयल्टी प्रखंड कार्यालय के नजारत में जमा करने का निर्देश दिया है। इनमें वेंडर विवेक जायसवाल के पास रु.चार लाख 56 हजार 519, लक्ष्मी टेंडर्स का रु. 67 हजार 50 , मिथिलेश कुमार गुप्ता को रु. 22 हजार 339, शम्भू जायसवाल ट्रेडर्स को रु. एक लाख 34 हजार 101 , मां शांति इंटरप्राइजेज को रु. 26 हजार 423 , एमएस नवल किशोर प्रसाद को रु. 21 हजार 339, आनंद कुमार सिंह को रु.एक लाख 35 हजार 533 एवं मुकेश कुमार को रु. 26 हजार 229 रॉयल्टी की राशि एवं जीएसटी जमा करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि ससमय रॉयल्टी जमा नहीं करने पर वेंडर को ब्लैक लिस्टेड करने के लिए वरीय पदाधिकारी को प्रतिवेदित किया जायेगा।

### शिवालयों में तैयारी पूरी, औघड़दानी का आज होगा अभिषेक

# सिसरी एवं राजी में धूमधाम से मनेगी महाशिवरात्रि



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** शिव उपासना का महापर्व शिवरात्रि आठ मार्च को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस पर्व को लेकर खरौंधी प्रखंड क्षेत्र के सभी शिवालयों में तैयारी पूरी कर ली गयी है। क्षेत्र के सिसरी एवं राजी गांव में महाशिवरात्रि पर शिव-पार्वती विवाह की विशेषता अलग ही रहता है। दोनों गांवों मे भगवान शिव की धूमधाम से बारात निकाली जाती हैं। जिसमें भ्रगवान शिव, माता पार्वती,पशु, पक्षी,भूत प्रेत के साथ निकली बारात की झांकती देखते ही बनती है। सूर्य मंदिर सिसरी, शिव मंदिर राजी, खरौंधी के खुरधन शिव मंदिर तथा मझिगावां के हनुमान मंदिर,सूर्य मंदिर करिवाडीह, सुंडी, चन्दनी, सिसरी, अरंगी, कूपा सहित सभी शिवालयों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। शिवालयों में जागरण के साथ ही भजन-कीर्तन, संध्या आरती और भोग वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी में प्रसिद्ध शिवरात्रि मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में आसपास के गांवों के अलावा सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के गांवों से हजारों की संख्या में लोग मेला देखने पहुंचेगे। सिसरी सूर्य मंदिर कमिटी की बैठक में मंदिर कमिटी के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, मुखिया प्रतिनिधि उदय अलबेला, सत्यनारायण सिंह,उत्तम कुमार, विनोद मेहता, आकाश कुमार, सौरभ कुमार, कृष्णा मेहता, नंदू सेठ,अतुल लाल, कामेश्वर मेहता,संदीप कुमार,रितेश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### विधायक ने किया सड़क मरम्मतीकरण का शिलान्यास

**विशुनपुरा।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क विशेष मरम्मती करण योजना अंतर्गत गुरुवार को बहुप्रतीक्षित पिपरी कला बाजार से जतपुरा भाया बांकी नदी पुल तक सड़क का विशेष मरम्मतीकरण कार्य का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने ग्रामीणों की मौजूदगी में नारियल फोड़कर किया। श्री शाही के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा उनका पारंपरिक रूप से भव्य स्वागत किया गया। सड़क निर्माण कार्य के लिए ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। शिलान्यास के बाद सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि दो करोड़ से बनने वाली इस सड़क से इस दुर्गम क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। मौके पर विधानसभा प्रभारी भगत दयानंद यादव, लक्ष्मण राम, अनिल चौबे, मुकेश चौबे, राजा सिंह, कृष्णा विश्वकर्मा, जितेंद्र दीक्षित, अशोक मेहता, अशोक पासवान, दिनेश कुमार मौजूद थे।

### मुंह के छालों की अनदेखी से हो सकता है कैंसर

**केतार।**ओरल अल्सर मुंह में होने वाले छाले या छोटे घाव होते हैं। जो आपके मसूढो,गाल ,होंठ और तालू में हो सकते हैं। हालांकि अधिकांशतः यह संक्रामक नहीं होते है और अपने आप से दूर हो जाते हैं। लेकिन इस समस्या के कारण दांतों से खून निकलने लगता है।समय पर इलाज नहीं कराने से कैंसर का कारण भी बन सकता है। हालांकि यह जरूरी नहीं कि हर छाले कैंसर का रूप ले लें।उक्त बातें केतार /भवनाथपुर के दंत चिकित्सक डॉ पंकज पाठक ने रविवार को ₹राष्ट्रीय नवीन मेल₹ से खास बातचीत के दौरान कहा। डॉ.पाठक ने कहा कि इस समस्या से भोजन करने में दिक्कत भी हो सकती है। हर व्यक्ति में इसका कारण अलग-अलग हो सकता है। जैसे कि पेट में गड़बड़ी, खट्टे चीजों का अधिक सेवन, जीभ या गाल के अंदर कटने के कारण, स्ट्रेस , प्रेगनेंसी, शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलाव, जेनेटिक ,विटामिन बी 12 या आयरन की कमी से भी हो सकता है। डॉ पाठक ने कहा की ओरल अल्सर की समस्या मुख्यत तीन तरह की होती है। जिसमें समान्य ओरल अल्सर समस्या मुंह में होने वाले छाले हैं जो 3-10 मिलीमीटर तक हो सकते हैं। यह छाले अक्सर सप्ताह भर में ठीक हो जाते हैं। दुसरा है गंभीर ओरल अल्सर जो समान्य से बड़े होते हैं जो दस दिनों तक रहते है। तीसरे तरह की अल्सर को पिनप्वाइंट अल्सर के नाम से जानते हैं। यह अल्सर ज्यादातर 30 से 40 वर्ष की उम्र वाले लोगों को होता है। डॉ पंकज पाठक ने कहा कि इससे बचाव के लिए लोगों को मसालेदार खाना खाने से परहेज करना चाहिए। बहुत ज्यादा चिंगम चबाने की आदत से बचना चाहिए। विटामिन सी युक्त हरे साग- सब्जी और फल खाना चाहिए। प्रतिदिन 7-8 ग्लास पानी पीना चाहिए,और कब्ज की समस्या से बचने के लिए रेशेदार सब्जी या फल का सेवन करें,ओरल हाइजीन मेंटेन रखें।

### विपुल राज को सीएम ने दिया नियुक्ति पत्र, परिवार में खुशी



**विशुनपुरा।** रांची में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। झारखंड डिप्लोमा स्तर पर जूनियर इंजीनियर नियुक्ति परीक्षा में विशुनपुरा के विपुल राज ने भी सफलता प्राप्त की है। वैसे इनका पैतृक गांव दवनकारा है, लेकिन इन्होंने प्राथमिक शिक्षा विशुनपुरा के बाल शिक्षा निकेतन स्कूल से प्राप्त की है। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पिता परशुराम यादव के मेहनत, माता जी का आशीर्वाद, गुरुजनों की कृपा और मित्रों के सहयोग को दिया है। विपुल राज की सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इन्होंने वर्ष 2018 में मैट्रिक परीक्षा पास की थी, फिर रांची स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज से तीन वर्षीय डिप्लोमा का कोर्स सिविल डिपार्टमेंट से किया। उसके बाद कड़ी मेहनत से जेएससीसी द्वारा आयोजित परीक्षा पास करके मुकाम हासिल किया। इन्हें जल संसाधन विभाग में पोस्टिंग मिली है।

### लावारिश हालत में फोरलेन पर मिला बारात में आये व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

# ब्लैक थर्सडे: अलग-अलग हादसों में तीन की मौत



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** एनएच-75 फोरलेन सड़क पर गढ़वा थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव के समीप बुधवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाराती की मौत हो गई। मृतक राजकुमार राम 60 वर्ष पिता धनधारी राम श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के गरबांध गांव का रहनेवाला था। वह गरबांध से ही गढ़वा थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव में बुधवार की रात में आए एक बारात में शामिल होने आया था। गुरुवार की सुबह लावारिश हालत में उसका शव छतरपुर गांव से बाहर फोरलेन पर पाया गया। इसके बाद पुलिस ने वहां से उठाकर सदर अस्पताल ले आई। बाद में मृतक के घर वाले सदर अस्पताल पहुंचे तथा शव की पहचान हुई। इस संबंध में मृतक के गांव के शिवनाथ राम ने बताया कि रात करीब एक बजे राजकुमार शौच के लिए निकला था। बारात में आर्केस्ट्रा कार्यक्रम चल रहा था। इस बीच बाराती एवं घराती के बीच थोड़ी नोंकझोंक हुई थी। इस दौरान कई बाराती वहां से निकल गए थे। लोगों ने यह समझा कि राजकुमार भी उन्हीं के साथ घर चले गए, लेकिन गुरुवार की सुबह उनलोगों को जानकारी मिली कि वे घर नहीं पहुंचे हैं। तब खोजबीन की जाने लगी। इस दौरान सदर अस्पताल में एक लावारिश शव रखे होने की जानकारी मिली। सदर अस्पताल पहुंचकर पहचान किए। उसने बताया कि वे लोग घटनास्थल पर भी गए तो वहां के ग्रामीणों ने जानकारी मिली कि एक मोटरसाइकिल सवार ने धक्का मारा था। जिसे ग्रामीणों ने पकड़कर रखा था, लेकिन गुरुवार की सुबह स्कार्पियो संख्या जेएच 03 यू 2832 से आए कुछ लोग युवक एवं मोटरसाइकिल को वहां से ले गए।

### सड़क पार कर रहे व्यक्ति को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**गढ़वा ।** गढ़वा-बंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर मडवनिया गांव के पास मोटरसाइकिल की धक्के से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक रमना थाना क्षेत्र के मडवनिया गांव निवासी सुखी यादव का पुत्र लखन यादव 58 वर्ष बताया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वह घर से कुछ दूरी पर कुछ काम से गया हुआ था। वापस सड़क पार करने के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार में उसे धक्का मार दिया। घटना के बाद स्थिति बिगड़ने पर आसपास के लोगों के सहयोग से घायल अवस्था में उसे उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### परीक्षार्थी की मौत, दो घायल

गढ़वा। परीक्षा देकर अपने घर जा रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गया। जबकि इस घटना में दो लोग घायल हुये हैं। मृतक रमना थाना क्षेत्र के कर्णपुरा गांव निवासी संजय यादव का पुत्र गणेश यादव 22 वर्ष है। जबकि इस घटना में घायल बघोता गांव निवासी सुरेश प्रजापति का पुत्र शिवकुमार प्रजापति व उमेश गुप्ता का पुत्र कमलेश कुमार गुप्ता बताया गया है। घटना के बाद पुलिस के सहयोग से तीनों को उठाकर इलाज के लिए मेराल में भर्ती कराया गया। जहा चिकित्सको ने गणेश यादव को मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में घायल शिवकुमार तथा कमलेश ने बताया कि तीनों युवक गढ़वा सूरत पांडे डिग्री कॉलेज में बीए सेमेस्टर दो की परीक्षा देकर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में एनएच-75 पर गोंदा गणेश पेट्रोल पंप के आगे रमना से गढ़वा की ओर तेज गति से आ रहे ट्रक ने सभी को चपेट में ले लिया। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भागने में सफल रहा।

### पति से विवाद पर महिला ने खाया कीटनाशक

गढ़वा। रंका थाना क्षेत्र के जसोबार गांव निवासी दसू भुइयां की पत्नी बसंती देवी 40 वर्ष ने पति से हुये विवाद से क्षुब्ध होकर कीटनाशक का सेवन कर लिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घर में किसी बात को लेकर पति-पत्नी का आपस में तू-तू मैं-मैं हो गया। इससे क्षुब्ध होकर महिला ने घर में रखा कीटनाशक का सेवन कर लिया। परिजनो ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

### संचालकों के साथ आयोजित बैठक में सिविल सर्जन ने दिया निर्देश

# क्लिनिकल इस्टेब्लिसमेंट एक्ट का अनुपालन करें निजी अस्पताल




नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में क्लिनिकल इस्टेब्लिसमेंट एक्ट के तहत जिले में संचालित सभी निजी नर्सिंग होम के संचालकों, निदेशकों एवं मुख्य चिकित्सकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार ने की। मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि क्लिनिकल इस्टेब्लिसमेंट एक्ट के तहत सरकार द्वारा तय मानक के तहत ही निजी नर्सिंग होम का संचालन करें। उन्होंने कहा कि कोई भी निजी नर्सिंग होम का संचालक द्वारा मानक के विपरीत काम किया जाएगा तो उसका निबंधन रद्द करते हुए 10 हजार से लेकर पांच लाख रुपये तक का जुमार्ना लगाया जाएगा। लोगों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए निजी नर्सिंग होम को निबंधित किया गया है,लेकिन यदि मानक के अनुरूप संस्थान द्वारा कार्य नहीं किया जाएगा तो उन पर कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है। मौके पर स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. राहुल कुमार सिंह ने कहा कि सभी निजी नर्सिंग होम क्लिनिकल इस्टेब्लिसमेंट एक्ट के तहत ही कार्य करें। डीडीएम सुजीत कुमार मुंडा ने कहा कि निजी नर्सिंग होम में बायोमेडिकल वेस्ट निकलता है। उसका उचित निपटारा करने की व्यवस्था भी निजी नर्सिंग होम में होनी चाहिए। वहीं फायर सेफ्टी पर भी सभी को विशेष ध्यान देने की जरुरत है। मौके पर डा. एनके रजक, डा.विजय भारती, डा. कुमार निशांत सिंह, डा. अमित कुमार उपस्थित थे।

### आरटीआई : पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने जन सूचना के तहत मांगी जानकारी

# पात्रों को नहीं मिल रहा अबुआ आवास का लाभ




**भवनाथपुर प्रखंड में अबुआ आवास में अनियमितता की लगातार शिकायतें मिल रही है : प्रदेश के पूर्व मंत्री व भाजपा नेता**

नवीन मेल संवाददाता

**श्रीबंशीधर नगर।** प्रदेश के पूर्व मंत्री व भाजपा नेता रामचंद्र केशरी ने अबुआ आवास के लाभ से पात्रों को वंचित करने का आरोप लगाते हुये कड़ी नाराजगी जतायी है। उन्होंने चेचरिया स्थित अपने आवास पर आयोजित वार्ता में कहा कि भवनाथपुर प्रखंड में अबुआ आवास में अनियमितता की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। सरैया ग्राम निवासी कंचन कुंवर व राजकुमारी देवी ने उन्हें आवेदन देकर बताया कि उन्हें अबुआ आवास योजना का लाभ नही मिला। जबकि कंचन कुंवर जहां छप्पर पर प्लास्टिक डालकर किसी प्रकार अपना निर्वाह कर रही हैं। वहीं राजकुमारी देवी ने किसी प्रकार एक कमरे में गुजर-बसर कर रही हैं। उक्त दोनों ने बीडीओ को भी आवेदन दिया है। इसके बाद भी उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिला। श्री केशरी ने बताया कि सूचना का अधिकार कानून-2005 के तहत जन सूचना पदाधिकारी सह बीडीओ भवनाथपुर को आवेदन देकर उक्त महिलाओं द्वारा दिये गये आवेदन पर की गई कार्रवाई की पूरी जानकारी की मांग की गयी है। साथ ही पंडरिया पंचायत में अबुआ आवास योजना कब से शुरू की गयी है तथा कितने लाभुकों का आवास स्वीकृत किया गया है। इस संबंध में भी सूचना मांगी गयी है। साथ ही विधवा कंचन कुंवर को पारिवारिक लाभ योजना के तहत लाभ उपलब्ध कराया गया है कि नहीं। यदि नहीं कराया गया है तो योजना की 20 हजार रुपये की राशि,विधवा पेंशन व दोनों नाबालिग बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था एवं पेंशन कितने दिनों के अंदर उपलब्ध कराया जायेगा। इसकी पूर्ण सूचना उपलब्ध कराने की मांग की गयी है। मौके पर अनिल गुप्ता,सलीम अंसारी, अरुण कुमार उपस्थित थे।

## एक नजर

### मयूरहंड : 20वें बीडीओ के रूप में मनीष कुमार ने दिया योगदान



**मयूरहंड।** प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को 20 वें बीडीओ के रुप में मनीष कुमार ने योगदान दिया। उन्होंने निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी साकेत कुमार सिन्हा से प्रखंड तथा अंचल का प्रभार लिया। डीलर संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह ने उनका स्वागत किया। मौके पर बीपीओ राजीव रंजन सिंह, पंचायत सचिव अर्जुन पासवान, मनरेगा जई उमेश उरांव, रोजगार सेवक रुपेश सिंह उपस्थित थे।

### बीडीओ को दी विदाई

**बारियातु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में गुरुवार को स्थानांतरित बीडीओ को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता निवर्तमान बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने की, जबकि मंच का संचालन बीपीओ केतन गुप्ता ने किया। पूर्व प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, सीओ सह बीडीओ नंद कुमार राम, मुखिया संघ, प्रखंड सह अंचल परिवार ने बुके, शॉल, अंगवस्त्र, डायरी, पेन आदि उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रमुख मुखिया राजीव भगत, सुरेश उरांव, रानो देवी, केदार गंझू, शांति देवी, सीआई अनील होरो, प्रखंड नाजीर अजय मुंडा, मो दाउद, बीपीओ केतन गुप्ता, अंचल नाजीर कपील देव सिंह, जेई आशीष गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, विक्रमआदित्य कुमार, अलोक दुबे, शशी कुजुर, अंचल अमीन संजय यादव, अरविंद पांडेय, राम लखन यादव, उमाशंकर सिंह, फेबीयानुस खलखो, राजेश यादव, जेएस एलपीएस के दीपक कुमार, ननदेव राम, राजु राम, संदीप राम, महेश यादव, धीरज राणा मो. शौकत अली, अब्दुल बाकी, विंदेश्वर राम आदि उपस्थित रहे।

### महिलाकर्मी सम्मानित

**बरवाडीह।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें महिला शिक्षकों और अन्य महिला कर्मियों को निदेशक डॉ पवन कुमार ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल एस पॉल, अर्चना कुमारी, संध्या कण्डुलना, फातिमा परवीन, नेहा परवीन, नगमा तरन्नुम, रेखा अग्रवाल, सोनी कुमारी, रूपा वर्मा, सुप्रिया कुमारी, रानी सिंह, श्वेता सिंह, संतोष गुप्ता, विनोद प्रसाद, टिंकू खान, नवीन सिन्हा मौजूद थे।

### जागरूकता कार्यक्रम

**महुआडांड़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के सचिव स्वाति विजय उपाध्याय के निर्देश पर कानूनी सहायता केंद्र महुआडांड़ के पीएलभी इंद्रनाथ प्रसाद एवं आजाद अहमद द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य में बासकरचा स्थित उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय में महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के महिला प्राचार्य आदि मौजूद थे।

### आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का दौरा कल

**टंडवा।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो प्रखंड क्षेत्र के किसुनपुर में शनिवार को कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे और लोगों को संबोधित करेंगे। इस बावत सिमरिया एसडीओ सन्नी राज ने गुरुवार को पत्र जारी कर विधि व्यवस्था संधारित रखने के निर्देश संबंधितों को दिया है।

# संदिग्ध हालात में किशोरी का दफन किया शव बरामद

## पुलिस पिता को हिरासत में लेकर कर रही है पूछताछ



**नवीन मेल संवाददाता। हंटरगंज**
प्रखंड के पांडेयपुरा के पचमो निवासी महेन्द्र भुइयां की 17 वर्षीय पुत्री का संदिग्ध हालात में महंगु पहाड़ी में दफन किया गया शव पुलिस ने बरामद किया है।

ग्रामीणों के अनुसार नाबालिग की मौत की जानकारी मिली तो उसके पिता से लोगों ने पता लगाया तो उसने बताया कि शव को दफनाया दिया है। तब ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना हंटरगंज थाने को दी गयी और मृतका के पिता को घटनास्थल पर ले गए। वहीं सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी एनजीके कच्छप और थाना प्रभारी सनोज चौधरी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घटना स्थल पर पूछ ताछ के उपरांत शव को गड्ढे से बाहर निकाला गया, मृतिका के शरीर पर चोट के निशान थे। इस बाबत मृतिका की माता पुनिता देवी का कहना है की छोटे से झगड़े और मारपीट के बाद फांसी लगा ली थी, लेकिन प्रथमदृष्टया मृतका के कपड़ों में लगे खून और चोट हत्या को दर्शा रहे हैं। थाना प्रभारी द्वारा पूछताछ के बाद शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। पुलिस मृतका के पिता को हिरासत मे लेकर पूछताछ कर मामले की छानबीन मे जुटी हुई है। साथ ही उन लोगों का भी पता लगा रही है जिन्होंने शव को दफनाने में सहयोग किया है।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**चतरा।** चतरा महाविद्यालय में आगामी लोकसभा में अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु झारखंड वोटर जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें चतरा महाविद्यालय एवं महिला महाविद्यालय के स्नातक व स्नाकोत्तर के विद्यार्थियों के साथ बीएड व बीसीए के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मतदाता जागरूकता क्लब के नोडल पदाधिकारी डॉ. एल्विन बाखला ने किया। वहीं अर्थशास्त्र विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. डीएन राम ने युवाओं को बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लेने का आह्वान किया। हिंदी के विभागध्यक्ष प्रोफेसर बालेश्वर राम ने युवा शक्ति को सही दिशा में सामाजिक व राजनीति बदलाव के लिए आगे आकर मतदान के लिए प्रेरित किया। महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार झा ने सभी युवाओं को मतदान से न चुकने और हर हाल में मतदान में भाग लेने व अन्य को भी मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का नारा दिया।

# महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर पुलिस व प्रखंड प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
महाशिवरात्रि को लेकर गुरुवार को सीओ तृप्ति विजया कुजूर के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया। इसमें मुख्य रूप से पुलिस निरीक्षक परमानंद बिरुवा, थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय, बीडीओ सोमा उरांव आदि मौजूद रहे। फ्लैग मार्च थाना चौक से चलकर मुख्य मार्ग होते हुए दुगार्बाड़ी, बाजार टांड़, तेली टोला मुरपा मोड़ से वापस थाने में संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने लोगों को शांति पूर्ण तरीके से महाशिवरात्रि मानने की अपील की। थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय ने कहा कि असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। कोई भी शांति व्यवस्था को भंग करने की कोशिश करेगा तो उसपर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य सहेंद्र राम, एसआई विकास कुमार आदि शामिल रहे।

### पहाड़ी शिव मंदिर में अखंड संकीर्तन प्रारंभ

**बरवाडीह।** प्रखंड के पहाड़ी शिव मंदिर में शिव विवाह कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। गुरुवार को पहाड़ी शिव मंदिर में 24 घंटे का अखंड संकीर्तन पुजारी गिरधारी मिश्रा व बल्लू मिश्रा द्वारा प्रारंभ किया गया। इसके साथ ही शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर प्रातः से ही भक्तों द्वारा पूजा की जाएगी। रात्रि में शिव विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पहाड़ी शिव मंदिर से बरात निकालकर नगर भ्रमण कर पुनः पहाड़ी मंदिर पहुंचकर शिव विवाह कार्यक्रम का आयोजन होगा। मौके पर निरंजन सिंह, राकेश कुमार सिंह, लव कुमार, बबलू सेठ, अरुण कुमार, मुरारी लाल, अनूप अग्रवाल, विवेक कुमार, यशराज,गोलू कुमार, बिट्टू कुमार आदि मौजूद थे।

### महाशिवरात्रि को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**महुआडांड़।** महाशिवरात्रि पर प्रखंड क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर पुलिस प्रशासन ने गुरुवार को फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च एसडीओ बिपिन कुमार दुबे, डीएसपी हिमांशु चंद्र मांझी के संयुक्त नेतृत्व में निकाला गया। इस दौरान एसडीओ ने लोगों से प्रखंड क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शास्त्री चौक, बिरसा चौक, रामपुर होते हुए वापस थाना परिसर पहुंचा। मौके बीडीओ अमरेन डांग थाना प्रभारी अवनिश कुमार के साथ काफी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद थे।

# लोकपाल ने मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण, मिली अनियमितता



**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**
मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान गुरुवार को पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत नोनगांव व नावाडीह में मनरेगा से संचालित डोभा, कूप निर्माण, आम बागवानी व अन्य योजनाओं का संघन जांच किया। नोनगांव पंचायत में डोभा, कूप निर्माण, आम बागवानी में हो रहे कार्य के जांच के दौरान कुछ स्थानों पर पर मनरेगा मजदूर कार्य करते दिखे। तो कई में अनियमितता व बीपीओ राजेश्वर पर मनमानी का अरोप ग्रामीणों ने लगाया। वहीं नावाडीह पंचायत में लगभग आधा दर्जन डोभा व टीसीबी का निरीक्षण किया। लोकपाल ने रोजगार सेवक पुंकेश सिंह व संबंधित जेई को फटकार लगाते हुवे कार्यों में सुधार लाने के साथ योजना स्थल पर बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। नोनगांव में डोभा निर्माण स्थल पर मजदूर काम करते मिले लेकिन कुछ ग्रामीणों ने जेसीबी से कार्य किए जाने का अरोप लगाया। कई योजना स्थल पर बोर्ड नहीं मिलने पर संबंधितों को फटकार लगाते हुए तत्काल बोर्ड लगाने नियमपूर्वक कार्य कराने का निर्देश दिया। साथ ही योजना स्थल जांच के बाद अभिलेखों के जांच में भिन्नता पाए जाने पर योजनाओं को बंद कर रिकवरी करने की बात कही। इसके अलावे गलत कार्य को बढ़ावा देने वाले मनरेगा कर्मी पर कार्रवाई करने की बात कही।

### चंदवा के प्रसिद्ध समाजसेवी सह पत्रकार प्रभाकर मिश्र का निधन, जताया शोक



**चंदवा।** शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी सह पूर्व पत्रकार प्रभाकर मिश्र का निधन बुधवार की देर रात उनके आवास पर हो गया। वे गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। गुरुवार सुबह देवनद तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में शहर के लोग शामिल हुए। उनके निधन पर पत्रकारों समेत विभिन्न राजनीतिक दल, समाजसेवियों ने शोक किया है। इनमें पत्रकार सुरेंद्र वैद्य, सुमित कुमार, अजय वैद्य, दीपक भगत, राजेश प्रसाद, मनोज मेहता, मुकेश सिंह, मुबारक आलम, रोशन, गौरव दुबे, कमलेश प्रसाद, राहुल कुमार, मो इरफान, बबलू खान, राजीव उरांव, भाजपा नेता अमित गुप्ता, महेंद्र प्रसाद साहु, राजेंद्र यादव, आदर्श रवि राज, दीपक निषाद, संजीव आजाद, राजकुमार पाठक, समाजसेवी राम बाबू, राजकुमार साहू, मोफिल खान, दिलीप साहू, कैलाश कुमार, सुनील साहू, भाकपा नेता प्रमोद साहू, अनिल साहू, माकपा नेता अयूब खान, कॉंग्रेस नेता असगर खान, झामुमो नेता दीपू सिन्हा, सुरेश गंझु आदि शामिल रहे।

# आईयूएमएल की लातेहार जिला कमेटी का गठन




**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
प्रखंड मुख्यालय के समीप इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग लातेहर जिला की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मो. रियाज एवं संचालन प्रदेश महिला मोर्चा संयोजक रफत जहां ने किया। बैठक में मुस्लिम लीग की जिला कमेटी, युवा मोर्चा - मुस्लिम यूथ लीग की जिला कमेटी, छात्र मोर्चा - मुस्लिम स्टूडेंट फेडरेशन की जिला कमेटी एवं महिला मोर्चा मुस्लिम वोमेन्स लीग की जिला कमेटी का गठन किया गया। मुख्य अतिथि छात्र मोर्चा मुस्लिम स्टूडेंट फेडरेशन के राष्ट्रिय सचिव मीर शाहबाज हुसैन कहा कि हमारी पार्टी ने पिछले वर्ष 75 साल पूरे होने पर प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेट की है। पार्टी सभी जाति धर्म को साथ लेकर चलती है। अल्पसंख्यक, दलित, आदिवासी, पिछड़ों का जिस तरह से केंद्र सरकार सोशन कर रही है वह चिंता का विषय है। इस फासिस्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए हम सभी को एकजुट होकर खड़ा होना होगा। पार्टी इंडिया गठबंधन में नौवीं सबसे बड़ी पार्टी है। पार्टी के दो लोकसभा सांसद केरल में हैं और 1 तमिलनाडु में। पार्टी के एक राज्यसभा सांसद भी है। सभी सांसद लोकसभा एवं राज्यसभा में मुस्लिम, अल्पसंख्यक, आदिवासी, दलित, पिछड़ों के लिए हमेशा आवाज उठाती है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रियाज अंसारी ने राष्ट्रिय एवं प्रदेश कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे जिले में पार्टी का विस्तार किया जाएगा।

### जिले के सभी मोर्चों के पदाधिकारियों के नाम

मुस्लिम लीग कमेटीजिला अध्यक्ष : रियाज अंसारी, जिला महासचिव : मौलाना गुलाम सरवर फैजी, जिला कोषाध्यक्ष : मुस्लिम अहमद, मुस्लिम वोमेन्स लीग की महिला मोर्चा जिला कमेटी अध्यक्ष : शबाना दिलकश, महासचिव : नईमा बीबी, कोषाध्यक्ष : कौसर बीबी, मुस्लिम यूथ लीग युवा मोर्चा जिला कमेटी अध्यक्ष : गौश हाशमी, महासचिव : रुहूल अमीन, कोषाध्यक्ष : अमानत अंसारी, मुस्लिम स्टूडेंट फेडरेशन छात्र मोर्चा जिला कमेटी अध्यक्ष : अताउल्लाह अंसारी, महासचिव : मोविना खातून रब्बानी, कोषाध्यक्ष : अरीजा खातून।

### आवासीय स्कूल का शुभारंभ



**बालूमाथ।** टमटम टोला में उपवन आवासीय विद्यालय का शुभारंभ लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सुरेश राम ने किया। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तुलसी राम, राजद प्रखंड कोषाध्यक्ष राजेश कुमार रजक, प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य रामकुमार यादव, विजय यादव, जगतनारायण यादव, दशरथ यादव, सतेंद्र यादव, सुरेश यादव, रामेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

# शैक्षणिक विशेषज्ञों ने किया संत जेवियर्स महाविद्यालय का दौरा



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
पुणे के पांच शैक्षणिक विशेषज्ञों डॉ. अभिषेक सिंघा, डॉ. कुमार गणेशन, डॉक्टर रेवाथी कुमार, डॉक्टर सुरभी मिश्रा, डॉक्टर रौशन कुमार ने गुरुवार को संत जेवियर्स महाविद्यालय का दौरा किया। इन सभी का स्वागत प्राचार्य डॉक्टर फादर एमके जोश प उप प्राचार्य डॉ. फादर समीर टोप्पो तथा सिस्टर कैसलिन जूलिएट ने किया। सभी विशेषज्ञों ने महाविद्यालय का निरीक्षण व अवलोकन किया। विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, कॉन्फ्रेंस हॉल, लेक्चर थियेटर हॉल, कैंटीन, गर्ल्स हॉस्टल भव्य सभागार का भ्रमण किया और महाविद्यालय की संपूर्ण आधारभूत संरचना की बहुत ही प्रशंसा की। महाविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में बैठक की गई।

## कार्यक्रम: आंदोलनकारियों ने आर्थिक नाकाबंदी को लेकर की उलगुलान सभा

# 'बेहतर झारखंड के लिए एक और उलगुलान की जरूरत'



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने गुरुवार को मोरवाई पंचायत के सैदुप ग्राम में उलगुलाम सभा का आयोजन किया। इसका संचालन विक्टर केरकेट्टा और अध्यक्षता केंद्रीय सचिव अली हसन अंसारी ने की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मोर्चा द्वारा 9 मार्च को मंडल रोड शुरू करने एवं मंडलडैम को चालू करने को लेकर 9 मार्च को प्रस्तावित आर्थिक नाकाबंदी पर चर्चा हुई। स्थानीय लोगों ने बुनियादी समस्याओं को रखा। मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड को जाति व पार्टी में बांट कर झारखंडवासियों की अस्मिता, अलग पहचान, अस्तित्व को मिटाने का षड्यंत्र किया जा रहा है व खनिज संपदाओं को लूटा जा रहा है। जल, जंगल व जमीन से झारखंडियों को बेदखल किया जा है। विकास के नाम पर झारखंडियों को उजाड़ा जा रहा है। अब तक डेढ़ करोड़ लोग अपनी जमीन से विस्थापित हो चुके हैं, जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। आखिर विकास किसके लिए सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए। बेहतर झारखंड बनाने के लिए एक और उलगुलान करने की जरूरत है। हम अपने अधिकारों के लिए लड़े थे और लड़कर जीतेंगे। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की अध्यक्ष रोजलीन तिर्की ने कहा कि हमारे गांव के लोग झारखंड की आवाज बनें। संयोजिका सरोजनी कच्छप ने कहा कि हमारे लोग एक बदलाव के लिए स्वयं सामने आयें। सचिव अली हसन अंसारी ने कहा कि झारखंड की सांझी सांस्कृतिक विरासत को हम तोड़ने नहीं देंगे। सांप्रदायिक एकता को हम सभी को कायम रखना है। सीता राम उरांव ने कहा कि झारखंड में समता जजमेंट लागू कर आदिवासियों को पूर्ण अधिकार दिया जाए। कार्यक्रम में विकास उरांव, स्टिफन किंडो, प्रतिमा कुजूर, मनोज यादव, सुजात तोप्पो, रीना देवी, महेंद्र पासवान, दुर्गा देवी, बरनाबस पूर्ति, हरिनंदन उरांव, संसुल मंसूरी, फ्रांसिस गुडिया, सिलास गुड़िया, महेंद्र उरांव, प्रदीप सिंह, परमेश्वर सिंह, संतोष डहगा, संतरी तोपनो, करोलीना होरो, मरथा होरो, फुलमणि तिर्की, टेरेसा बरला, मुनिया देवी, पूनम देवी, राहिल बरला, मगदली सुरीन, महेशी खरवार, सुरेश उरांव आदि मौजूद थे।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा**
**समग्र शिक्षा अभियान**
जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा–825401
दूरभाषः (06541) 253924 इमेल–chatrajepc@ymail.com

**आम सूचना**

विज्ञापन संख्या JEP/1278 दिनांक 11.10.2023 के माध्यम से नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय,चतरा में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक रिक्त पदों पर संविदा आधारित चयन हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति के आलोक में झारखण्ड शिक्षा परियोजना जिला स्तरीय कार्यालय द्वारा तैयार की गई मेघा सूची के अनुसार दिनांक 12.03.2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा के सभागार में अन्तर्वीक्षा निर्धारित है। मेघा सूची का प्रकाशन जिले के अधिकारिक वेबसाईट chatra.nic.in पर की गई है। मेघा सूची में अंकित सभी अभ्यर्थी अपनें शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक ,अनुभव एवं अन्य सभी मूल प्रमाण–पत्रों के साथ निर्धारित अन्तर्वीक्षा हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यकम पदाधिकारी,
झा0शि0प0,चतरा

PR 321810 (Jharkhand Education Project Council) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,गुमला**
E-Mail – nrepgumla@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या – 23/2023-24**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :– | राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, (NREP) गुमला। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | दिनांक 12.03.2024 एवं 13.03.2024 को 10.00 बजे पूर्वा0 से 03.00 बजे अप0 तक। |
| 3. | निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 14.03.2024 को 03.00 बजे अपराहन तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | :– | दिनांक 14.03.2024 को 03.30 बजे अपराहन में। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में। |
| 6. | निविदा प्राप्त करने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला में। |
| 7. | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में। |
| 8. | कार्य मद | :– | |
| 9. | कार्यो का विस्तृत विवरण | :– | |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पालकोट | महिलाओं को आजीविका स्वरोजगार एंव सामुहिक उत्थान हेतु पालकोट प्रखण्ड के मुख्यालय में एक भवन का निर्माण। | 4000000.00 | 80000.00 | 5000.00 | 06 माह | III |

निविदा की शर्तें:–
1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) एकरनाममा के साथ ही देना अनिवार्य होगा।
3. भवन निर्माण विभाग में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. निविदा की विस्तृत शर्तें कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,गुमला

PR 321807 NREP(23-24).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –13 / 2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ**
दिनांक–05.03.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/16/23-24 | तरहसी | 1 | सिलदिलिया बाजार से कोसियारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य ।, 2.20कि0मी0 | 1372.872 | तेरह करोड़ बहत्तर लाख सत्तासी हजार दो सौ रू0 मात्र | 15 माह | प्रथम |
| | | तरहसी | 2 | पी0डब्लू0डी0 पथ से रहेया भाया नावाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.80कि0मी0 | | | | |
| | | तरहसी | 3 | पाठक पगार मोहन बैठा के घर से नहर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.00कि0मी0 | | | | |
| | | तरहसी | 4 | कसमार से परपेन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 1.70कि0मी0 | | | | |
| | | तरहसी | 5 | भालोगाड़ी से टरिया भाया छेछानी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 7.20कि0मी0 | | | | |
| | | तरहसी | 6 | बी0टी0 रोड से सिकनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.20कि0मी0 | | | | |
| | | मनातु | 7 | पी0डब्लू0डी0 पथ जगराहा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 6.40कि0मी0 | | | | |
| | | मनातु | 8 | बी0टी0 पथ से सुरगुजा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 6.50कि0मी0 | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 09.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 22.03.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 26.03.2024 पूर्वाहन 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 321820 Rural Development(23-24)#D

## एक नजर

### भाजपा की विशेष कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए सांसद



**लोहरदगा।** भाजपा की विशेष कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सांसद सुदर्शन भगत एवं लोहरदगा लोकसभा के प्रत्याशी समीर उरांव, पूर्व विधायक सदन भगत, रमेश उरांव, ओमप्रकाश सिंह, बिंदेश्वर उरांव उपस्थित रहे। प्रचार गाड़ी को समीर उरांव ने रवाना किया। भगत ने कहा कि भाजपा एक परिवार है। हमने इस लोकसभा क्षेत्र को जिस तरह तीन बार लगातार जीता उसी उत्साह से चौथी बार हम सभी कार्यकर्ता मिलकर यह सीट जीतेंगे। समीर उरांव ने प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सधनु भगत, रमेश उरांव, जिला प्रभारी सुनीता सिंह, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, ओमप्रकाश सिंह, बिंदेश्वर उरांव, ब्रजबिहारी प्रसाद, लाल नवल नाथ शाहदेव, श्रीचंद प्रजापति, राकेश, राजमोहन राम, राजकिशोर महतो, विस प्रभारी अनुप अधिकारी उपस्थित थे।

### जागरूकता रथ रवाना



**लोहरदगा।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जिला स्तर पर किया गया। समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा हरी झंडी दिखायी गयी। इसके जरिये ऑडियो के माध्यम से मतदान हेतु अपील की जाएगी। जेएसएलपीएस सखी मंडल की दीदियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं और गैर सरकारी संगठन की महिला सदस्यों को मतदान की शपथ दिलायी गई। समाहरणालय परिसर में मतदान हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। शहरी क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली समाहरणालय से प्रारंभ होकर मैना बगीचा, पावरगंज चौक, पुनः मैना बगीचा होते हुए समाहरणालय परिसर में संपन्न हुई। सखी मंडल की दीदियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं और गैर सरकारी संगठन की महिला सदस्यों द्वारा आगामी निर्वाचन में मतदान करने की अपील की गई।

# मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला के साथ दुराचार, अधेड़ समेत नौ लोग गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। बसिया**

प्रखंड के पतुरा गांव में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। मानसिक रूप से विक्षिप्त एक महिला के साथ रामू इंदवार नामक अधेड़ ने एक अर्धनिर्मित मकान में दुष्कर्म किया, जिसका एक युवक द्वारा वीडियो बनाया गया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। थाना प्रभारी शिव शंकर मरांडी सशस्त्र बल के साथ मौके पर पहुंचकर रामू इंदवार को



पकड़ लिया। इसके बाद पतुरा गांव के ग्रामीण द्वारा थाना का घेराव भी किया गया। इस दौरान मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को रामू इंदौर के पुत्र व मोरेंग पंचायत के मुखिया विकास इंदवार अपने 7-8 साथियों के साथ दो वाहनों में जबरन बिठाकर साक्ष्य छिपाने की नियत से जंगल की ओर ले जा रहे थे। इसकी सूचना पुलिस को मिल गई। पुलिस ने सभी लोगों को पकड़ लिया एवं महिला को पुलिस साथ ले आई। एसडीपीओ अमिता लकड़ा ने बताया कि महिला का मेडिकल जांच के लिए गुमला भेज दिया गया है। पुलिस ने मुखिया विकास इंदवार, रामू इंदवार सहित 9 आरोपियों को कस्टडी में लेकर गुमला जेल भेज दिया है।

### हमलावर ने लोहे की रॉड से तोड़े हाथ-पैर, ग्रामीण बता रहे डायन बिसाही से जुड़ा मामला

# घर में घुसकर बुजुर्ग दंपती पर जानलेवा हमला

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

प्रखंड अंतर्गत खरता गांव के एक घर में घुसकर बुजुर्ग दंपती पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि हमले का आरोपी खरता गांव निवासी गुंजा मधुआ भगत गुरुवार तड़के तीन से चार बजे के बीच घनश्याम भगत के घर में घुस गया और लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ हमला कर खरता निवासी घनश्याम भगत (60) और उसकी पत्नी जानकी भगत (55) के हाथ-पैर





तोड़ कर जान से मारने की कोशिश की। इस हमले में घनश्याम का दाहिना पैर और जानकी देवी का बायां हाथ और दाहिना पैर की हड्डी चार पांच जगह टूट गयी है। अचानक हुए हमले के बाद दंपती बेहोश हो गए जिसके बाद आरोपी वहां से चलता बना। हमले के वक़्त हो रही बारिश की वजह से आसपास के लोगों ने भी बुजुर्गों की चीख पुकार नहीं सुनी। सुबह होने पर आसपास के लोगों ने घायलों को कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां सक प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रिम्स रेफर कर दिया गया है। ईधर, पीड़ित दंपती अचानक हुए इस हमले का कुछ भी कारण नहीं जानने की बात कर अनभिज्ञता जता रहे हैं। वहीं ग्रामीणों की मानें तो हमले का कारण डायन बिसाही है। समाचार लिखे जाने तक किसी ने इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी है। मामले की सच्चाई पुलिस अनुसंधान में ही पता चल पाएगी।

# महाशिवरात्रि आज, तैयारियां पूरीं

### शिवालयों में विशेष पूजा, अलौकिक श्रृंगार व भंडारे का होगा आयोजन, शिव बरात बनेगी आकर्षण का केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

महाशिवरात्री का त्योहार शुक्रवार को जिले के शहरी व ग्रामीण इलाकों में पूरी श्रद्धा और उमंग के साथ मनाया जाएगा। अहले सुबह से स्थानीय शिवालयों एवं देवालयों में शिवभक्त पूजा अर्चना के लिए उमड़ने शुरू हो जाएंगे। महाशिवरात्री को लेकर शिवालयों में रुद्राभिषेक, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और पूजा अर्चना भव्य तरीके से किया जाएगा।

इस बार की महाशिवरात्रि पर ग्रह पांच राशियों में होंगे। चंद्र और मंगल एक साथ मकर राशि में होंगे। यह संयोग लक्ष्मी नामक योग बना रहा है। इसलिए इस बार शिवरात्रि पर धन संबंधी बाधाएं दूर की जा सकती हैं। चंद्र और गुरु का प्रबल होना भी शुभ स्थितियां बना रहा है। इस बार की शिवरात्रि पर रोजगार की मुश्किलें भी दूर की जा सकती हैं। शिवरात्रि को लेकर स्थानीय प्रमुख शिवालयों में भक्तों का मेला लगा रहेगा। शिवरात्री के मौके पर भगवान शिव के विभिन्न मंदिरों में अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा और शाम में शहर के महादेव आश्रम स्थित बुढ़ुवा महादेव मंदिर परिसर से शिवभक्तों और गणों के साथ शिव बरात निकाली जाएगी। शिव बरात में शिव प्रतिमा को दूल्हें के रूप में श्रृंगार कर बिराजमान कर शहर में बरात निकाली जाएगी।स्थानीय महादेव आश्रम से शिव बरात निकल कर तिवारी दुरा हटिया गार्डेन, चंद्रषेखर आजाद चौक, थाना चौक, गुदरी बाजार होते हुए इस्ट गोला रोड होते हुए देवी मंडप पहुंचेगी। देवी मंडप परिसर में शिव बरातियों का स्वागत सत्कार किया जाएगा। रात्रि में शिव आराधना, शिव पार्वती विवाह के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। शिवरात्रि पर महादेव आश्रम स्थित बुढ़ुवा महादेव मंदिर, ठाकुरबाडी शिव मंदिर, भंडरा के अखिलेष्वर धाम, खखपरता का ऐतिहासिक तांत्रिक शिव मंदिर, कोराम्बे को ऐतिहासिक शिव मंदिर, सलगी चांपी का ऐतिहासिक महादेव मंडा मंदिर सहित शहर के विभिन्न शिवालय को विशेष तरीके से सजाया गया है।

पुरोहितों ने बताया कि फाल्गुन मास में कृष्ण चतुर्दशी को महाशिवरात्रि व्रत मनाया जाता है। एक बार सभी देवताओं ने मिलकर शिवजी से प्रार्थना की तब आशुतोष भगवान शंकर ने कृपा करके भूतल पर पापों का नाश करने के लिए और मोक्ष प्राप्त करने के लिए महाशिवरात्रि व्रत करने को कहा। उन्होंने कहा कि मान्यता यह है कि महाशिवरात्रि का व्रत रखने से धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि व्रत रखने वाले श्रद्धालु अगर सुबह के पहले पूजन के दौरान शिवलिग का ध्यान करते हुए जो भी मुराद मांगते हैं, तो उसकी मुराद पूरी होती है। उन्होंने बताया कि सुबह पहले पूजन के साथ ही शिवलिग के व्रत की शुरुआत होती है। इस दौरान शिवलिग पर पंचामृत, बेलपत्र, गंगाजल से अभिषेक करें। इसके बाद तीन पहर की पूजा करें और चौथे पहर यानि सुबह के समय शिवलिंग का पूजन करके व्रत की समाप्ति होगी। व्रत रखने वाले श्रद्धालु फल आदि का सेवन कर सकते हैं। शिवरात्रि की प्रत्येक पहर परम शुभ होती है। महाशिवरात्रि पर महादेव व पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना से भक्तों को मनचाहा वरदान मिलता है। ये पूजा चार प्रहर में की जाती है।



### महाशिवरात्रि के मौके पर पूजा का शुभ मुहूर्त

प्रथम प्रहर की पूजा समय- 8 मार्च शाम 06.25 बजे से रात्रि 09.28 बजे तक। दूसरे प्रहर की पूजा का समय- रात 09.28 बजे से 9 मार्च मध्य रात्रि 12.31 बजे तक। तीसरे प्रहर की पूजा का समय- 9 मार्च मध्य रात्रि 12.31 बजे से सुबह 03.34 बजे तक। चतुर्थ प्रहर की पूजा का समय- 9 मार्च को सुबह 03.34 बजे से सुबह 06.37 बजे तक।

### 21 हजार महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप

**लोहरदगा।** स्थानीय अखौरी कॉलोनी स्थित सिद्धिविनायक शिव मंदिर में शुक्रवार को महाशिवरात्रि के मौके पर 21 हजार महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप एवं वैदिक यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन डॉ अशोक आचार्य की अगुवाई में संचालित होगा। बताया कि महाशिवरात्रि पर शिव जी की कृपा प्राप्त करने के लिए महादेव के प्रिय मंत्र महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप करने का अवसर प्राप्त करें।

# शिवभक्तों के लिए सजधज कर तैयार गुमला का टांगीनाथ धाम

**सुन्दरम केशरी। गुमला**

बाबा टांगीनाथ धाम को महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में पूरी तरह सजाया गया है। परिसर के समस्त मंदिरों का दृश्य रंगरोगन के बाद श्रद्धालुओं को आकर्षित करता दिखाई पड़ रहा है। वहीं भक्तों व धाम स्थल की सुरक्षा को चाक चौबंद रखने हेतु पूरे मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जा रही है। साथ ही जगह-जगह पर बैरिकेटिग लगाकर भीड़ को नियंत्रित करने हेतु अनेकों वोलेंटियर्स व पुलिस बल भी तैनाती की गई है। बाबा टांगीनाथ धाम विकास सह मेला समिति के लोगों ने भक्तों को होने वाली कठिनाइयों के मद्देनजर इस बार और बेहतर इंतजाम करने के प्रयास किए हैं। पूरा धाम परिसर तार कि जाली से घिरा हुआ है। धाम परिसर के नीचे स्नानागार व शौचालय की व्यवस्था के भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मंदिर की भव्यता और सुंदरता देखते ही मन में भक्ति का सागर उमड़ पड़ता है। पांचवीं छठी शताब्दी से भी पूर्व के बताए जाने वाले इस धार्मिक धरोहर में सदियों से महाशिवरात्रि के



उपलक्ष्य में भव्य मेला का आयोजन होता रहा है, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। देश के भिन्न भिन्न राज्यों से भक्त यहां अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति करने हेतु पधारते हैं। यहां का मुख्य आकर्षण का केंद्र विशालकाय अक्षय त्रिशूल जो भगवान परशुराम का बताया जाता है। किवदंतियों के अनुसार भगवान परशुराम की तपोभूमि के रूप में विख्यात है। आपरूपी निकले सैकड़ों शिवलिग इस धाम को सुशोभित करते हैं। खुले स्थान में विराजित विशालकाय त्रिशूल जिसपर मौसम का कोई असर नहीं होता, न ही जंग लगती है।

धाम परिसर के इर्द-गिर्द देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि कालांतर में यह धाम कोई बहुत ही भव्य मंदिरों एवं पाषाणिक मूर्ति कलाओं का केंद्र रहा होगा जो प्रलय काल के दौरान जमींदोज हो गया हो, जिसका स्वरूप धीरे धीरे खुदाई के माध्यम से धष्टिगोचर होता जा रहा है। अभी भी संभावना व्यक्त की जाती है कि यहां खुदाई करने पर अनेकों रहस्य सामने आ सकते हैं। साथ ही पहाड़ी के ऊपर मूर्ति निर्माण के साक्ष्य आज भी देखे जा सकते हैं। यहां निर्मित मूर्तियां भगवान विश्वकर्मा की शिल्पकला का साक्षात उदाहरण प्रस्तुत करती है झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा में अवस्थित ये प्राचीन धार्मिक स्थल पहाड़ी के उपर विराजमान होने से निरंतर मनोरम छंटा से श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है।

# मंत्री, सांसद व जिप अध्यक्ष ने 46 अलग अलग योजनाओं का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के कुल 17 नये पथों का शिलान्यास और 26 पुराने पथों के सुदृढ़िकरण एवं ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल के तीन उच्च स्तरीय पुलों का शिलान्यास नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। इसमें मुख्य रूप से मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और जिला परिषद



अध्यक्ष रीना कुमारी उपस्थित थीं। 17 नये पथों की कुल लंबाई 25.470 किमी है, जिसका निर्माण 2391.417 लाख रुपये और 26 पुराने पथों की कुल लंबाई 72.71 किमी है। यह कार्य 3802.76 लाख रुपये की लागत से पूर्ण किया जाएगा। कोयल नदी पर पुल का निर्माण 728.768 लाख रुपये, चारागादी नदी पर 287.692 लाख रुपये और भुजनिया नदी पर पुल का निर्माण 443.222 लाख रुपये की लागत से होगा। मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, रोहित आदि उपस्थित थे।

### महिला शिक्षकों को किया सम्मानित

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने सभी महिला शिक्षकों का सम्मान किया। कार्यक्रम में रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, स्नेहा शर्मा, अर्चना कुमारी, आरती भगत सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**प्रेस विज्ञप्ति आवश्यक सूचना**

इस प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा जिला परिषद अन्तर्गत जिला खनीज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद से संचालित वैसे योजनाओं के संवेदक जिनका एकरारित अवधि समाप्त हो जाने के बावजूद कार्य लंबित रखा गया है। यह कृत पी0डब्लू0डी0 के नियम शर्तों का उल्लघन है। उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 26.02.2024 को सम्पन्न बैठक में निदेश दिया गया है उन संवेदकों को एक सप्ताह की अवधि का निर्धारत करते हुए कार्य पूर्ण कराया जाय। ससमय कार्य पूर्ण नहीं करने वाले संवेदकों के निबंधन को काली सूची में दर्ज करने की कार्रवाई की जाय।

अतः निदेश दिया जाता है कि सहायक अभियंता / कनीय अभियंता से सम्पर्क स्थापित करते हुए एक सप्ताह के अन्दर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय। अन्यथा बाध्य होकर एकरारनामा की शर्तों के अनुसार जमानत की राशि जब्त करते हुए आपको काली सूची में डालने की कार्रवाई की जायेगी।

जिला अभियंता
जिला परिषद, चतरा

PR 321796 District (23-24)_D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, चतरा**

**सूचना**

निदेशालय पत्रांक 395, दिनांक–06.03.2024 के आलोक में दिनांक 11.03.2024 को समय सुबह 10:00 से संध्या 05:00 बजे तक चतरा कॉलेज चतरा में अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है।

आठवीं उत्तीर्ण से लेकर Graduate, और तकनीकी योग्यताधारी–ITI, डिप्लोमा, B.Tech एवं कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यार्थी अप्रेन्टिसशिप मेले में उपस्थित होकर इसका लाभ उठा सकते है।

इच्छुक अभ्यार्थी अपने Adhar linked Mobile Number, Pan Card/Adhar/Driving Licence, एक पासपोर्ट साइज फोटो, Email id एवं आवासीय प्रमाण पत्र सहित शैक्षणिक पत्रों के साथ भाग ले सकते है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
–सह– सहायक शिक्षुता सलाहकार
चतरा।

PR.NO.321890 Labour Employment and Traning(23-24):D


# पिकअप वाहन में लदे 12 गोवंशीय पशुओं को पुलिस ने कराया मुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रायडीह**

थाना क्षेत्र की मांझा टोली के निकट कटकायां पुराना शंख नदी घाट मोड़ पर बुधवार रात्रि अवैध रूप से तस्करी कर 12 गोवंशीय पशुओं को बूचड़ खाना ले जा रहे पिकअप वाहन को पुलिस ने धर दबोचा, जबकि वाहन का चालक अंधेरा का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। थाना प्रभारी कुंदन सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित केमटे पंचायत के सारंगसोर गांव की ओर से केराडीह शंख नदीनपुल होता हुआ पशुओं से भरा हुआ पिकअप वाहन आने वाला है। पुलिस केराडीह बगीचा के पास छिप कर



इंतजार कर रही थी। गाड़ी आई तो पीछा करने लगी। पशु तस्कर घबरा गए और चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे कटकायां मोड़ के पास वाहन पलट गया और चालक भाग गया। वाहन समेत पशुओं को पुलिस थाना ले आई। इसके उपरांत पशु चिकित्सक से इलाज के बाद ग्रामीणों के बीच जिम्मेनामा पर पशुओं का वितरण कर दिया गया। छापामारी दल में थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह, जेएसआई राकेश कुमार सिंह, प्रवीण कमल लकड़ा, प्रदीप पन्ना, पीताम्बर भगत, प्रकाश पन्ना शामिल थे।

गौरतलब हो कि पूर्व थाना प्रभारी अमित कुमार ने पशु तस्करों को नाकों दम कर रखा था। उन्होंने कई वाहन और पशुओं को जब्त कर तस्करी पर अंकुश लगाने का भरपूर प्रयास किया था। उनके स्थानांतरण के उपरांत पशु तस्कर खुशी मना रहे थे कि अब आसानी से तस्करी कर पायेंगे, किन्तु नए थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने उनके मंसूबे पर पानी फेर दिया। उनके 19 फरवरी को योगदान के बाद पशुओं समेत तस्करी वाहन को दूसरी बार पकड़ा गया है।


**कार्यलिय जिला परिषद,पलामू**
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**दुकान आवंटन से संबंधित शुद्धि पत्र**

प्रखण्ड नीलाम्बर–पीताम्बरपुर एवं सतबरवा में कुल 56 जिला परिषदीय दुकान के डाक के माध्यम से आवंटन हेतु निर्गत आम डाक सूचना ज्ञापांक– 185/जि0प0, दिनांक 28.02.2024 (PR-No-320861) में चूकवश डाक की तिथि व समय दिनांक 10.03.2024 समय 11:00 अपराह्न अंकित हो गया था। दिनांक 10.03.2024 को रविवारीय अवकाश है। अतः डाक की संशोधित तिथि व समय दिनांक 11.03.2024 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे समझा जाय।

उपर्युक्त विज्ञापन में दुकान आवंटन से संबंधित शेष सभी सूचनाएँ यथावत रहेंगे।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 321895 District(23-24).D


# भट्टाचार्य ने लिया कैरो बीडीओ का प्रभार

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

प्रखंड परिसर में गुरुवार को विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। लोगों ने शॉल भेंटकर निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो को नम आंखों से विदाई दी। वहीं नए पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकार छन्दा भट्टाचार्य का स्वागत किया गया। समारोह से पूर्व सर्वप्रथम भटाचार्य ने महतो से पदभार ग्रहण किया। मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि सरकारी सेवा में आने एवं जाने का क्रम लगा ही रहता है, लेकिन अच्छे कार्य करने वाले सदा याद किए जाते हैं। महतो ने जो काम किया वह प्रशंसनीय है। उनके कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता है। लोगों



ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विदा किया। साथ ही नए प्रखंड विकास पदाधिकारी से लोगों ने उम्मीद जताई। भट्टाचार्य ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हम सब मिलकर काम करेंगे और विकास की एक लंबी लकीर खींचने का प्रयास करेंगे। मौके पर प्रमुख श्रीराम उरांव, सढ़ाबे पंचायत मुखिया सुमित्रा उरांव, गजनी पंचायत मुखिया सुमन उरांव, पंस सदस्य मधुलिका रानी, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राकेश प्रसाद, बीपीओ रघुनाथ मुंडा, जिला शांति समिति सदस्य नाजिर आलम खान, सूरज मोहन साहू, शरत कुमार विद्यार्थी, समीद अंसारी, समाजसेवी प्रवीण साहू, मोजाहिर अंसारी आदि मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**शुद्धिपत्र**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि PR संख्या–321194 Building(23-24)#D के द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–34/2023–24 के क्र0सं0–01 से 04 तक सभी योजनाओं की अपरिहार्य कारणों से निविदा की तिथि बढ़ाई जाती है, जो निम्न प्रकार है।

1. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– 11.03.2024 के अपराह्न 1:00 बजे तक
2. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 12.03.2024 के के अपराह्न 3:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 12.03.2024 के के अपराह्न 3:30 बजे

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 321893 Building(23-24).D



**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

65वीं औपबंधिक सूची
जिला:–लातेहार

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–64<br>2. आवेदक–तुलेश्वर उराँव<br>3. पिता–बिन्देश्वरी उराँव<br>4. ग्राम–पतरातू पोस्ट–कैमा<br>5. थाना–लातेहार प्रखण्ड–लातेहार<br>6. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बॉये हाथ टुटा हुआ। | नहीं | नहीं | कारण:–अभिप्रमाणित पार्टी बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम–आजसू | 2(ix) |

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 321848 (Home) 23-24 (D)

# एसबीआई के सामने कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## बैंक और मोदी सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** कांग्रेस ने गुरुवार को देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मेन गेट के सामने केंद्र सरकार और एसबीआई बैंक के खिलाफ प्रदर्शन किया। पार्टी के जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में महमूद अली खान लड्डू, अमित सिन्हा, मनोज राय, हरीश यादव, मदन लाल विश्वकर्मा, मनोज दास, पंकज सागर, सोहेल खान, मेहताब राजा, सुजीत मंडल समेत कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर पार्टी के जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा इलेक्शन बांड को गलत करार देकर केंद्र की भाजपा सरकार पर कड़ा तमाचा जड़ा है। इतना ही नहीं उच्चतम न्यायालय ने 6 मार्च से पहले एसबीआई को अलग-अलग राजनीति दलों को मिले चंदे की लिस्ट सार्वजनिक करते हुए इलेक्शन कमीशन को रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था, लेकिन अब तक एसबीआई के द्वारा अब तक इस निर्देश का पालन नही किया गया है। कहा कि करीब 2 लाख 12 हजार करोड़ रुपए सभी राजनीतिक दलों को चंदे में मिला। वहीं अकेले भाजपा को 86 हजार 566 करोड़ दिया गया है। जिससे स्पष्ट होता है कि सारा चंदा देश के उद्योगपति से भाजपा को मिला होगा, और इसलिए एसबीआई बैंक लिस्ट को सार्वजनिक करना नही चाहती है।




# लोकसभा चुनाव को लेकर बीडीओ व सीओ के निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** लोकसभा चुनाव को लेकर बीडीओ व सीओ ने दिए कई निर्देश गिरिडीह आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर गावां प्रखंड प्रशासन की ओर से तैयारी पूरी की जा रही है। इसे लेकर गुरुवार को प्रखंड सभागार कक्ष में बीडीओ महेंद्र रविदास की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। इस दौरान सभी सुपरवाइजर को निर्देश देते हुए कहा गया कि बूथों में मुलभूत सुविधा, मतदाता सूची, पोस्टल वॉटिंग, सेक्टर मजिस्ट्रेट का दायित्व, मतदान केंद्र, रूट चार्ट एवं मतदान के सारी सुविधा उपलब्ध कराया जाय। साथ ही कहा गया कि बीएलओ अपने अपने बूथों पर अधिक से अधिक मतदान हो उसे लेकर गांवों में जागरूकता अभियान चलाएं। सीओ अविनाश रंजन ने कहा कि मतदान का बहुत बड़ा महत्व होता है। इसलिए अधिक से अधिक मतदान के लिए मतदाताओं के बीच जाकर जागरूकता लाना है। मौके पर थाना प्रभारी महेश चंद्रा, गोपाल कुमार, अनिल कुमार, बसंत साव, स्यामूल मुर्मू, सतीश चौधरी, कार्तिक विश्वकर्मा समेत सभी बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।

# कुलगो टोल प्लाजा के समीप मवेशियों से लदा कंटेनर पकड़ाया

## 38 गौवंशीय पशु जिसमें 35 बैल और 3 गाय बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गिरिडीह पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जीटी रोड से मवेशियों की तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान डुमरी पुलिस ने गुरूवार को कुलगो टोल प्लाजा के समीप मवेशियों से लदा एक कंटेनर पकड़ा। पुलिस द्वारा मौके से कंटेनर के चालक और खलासी सहित चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। पकड़े गये कंटेनर से पुलिस ने कुल 38 गौवंशीय पशु जिसमें 35 बैल और 3 गाय को बरामद किया है। बाद में पुलिस ने बरामद सभी मवेशियों को मधुबन गौशाला को सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि एचआर 3बीटी 6214 नंबर की कंटेनर में तस्करी के लिए मवेशियों को बिहार से बंगाल की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर एसडीपीओ सुमीत प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें डुमरी थाना प्रभारी प्रिनन, निमियाघाट थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह, पुअनि मणिकांत कुमार और आरक्षी शामिल थे। सूचना पर टीम द्वारा उक्त नंबर के कंटेनर को रोका गया। कंटेनर की जब तलाशी ली गयी तो उसमें 38 मवेशी पाया गया। मौके से पुलिस ने चालक गया निवासी कलाम मियां, खलासी बिहार के कैमुर निवासी मुख्तार कुरैशी और कैमुर निवासी मो. कुरैशी और खुशनवाज आलम को हिरासत में लेकर थाना ले गयी। जिसे बाद में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।



# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला चौपाल कार्यक्रम आयोजित

## महिलाएं अब और भी सशक्त : शालिनी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या के मौके पर होटल निखर में ''नारी तब और अब पर'' एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महिला चौपाल द्वारा किया गया। जिसकी अगुवाई भाजपा नेत्री सह महिला चौपाल अध्यक्ष शालिनी बैसखियार कर रही थी। वही कार्यक्रम का संचालन प्रिया कर रही थी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेत्री शालिनी बैसखियार ने कहा कि महिलाएं जहां पहले चूल्हे चौके तक ही सीमित थी, वहीं आज महिलाएं देश के विकास में अपना भरपूर योगदान दे रही हैं। उनकी उपयोगिता से आज देश का 140 करोड़ लोगों का परिवार जुड़ा है। शालिनी बैसखियार में कार्यक्रम के दौरान सभी महिला से भी यह अपील करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को पहले शिक्षा से जुड़े शिक्षा वो पहला कदम है जिससे एक नारी सक्षम हो सकती है। बेटी को उड़ान का मौका दे उन्हें सर्पोट करे और उन्हें आगे बढ़ाए। क्योंकि जब एक महिला शिक्षित होती है तो वो किसी भी विपरित परिस्थिति में निकलने में सक्षम रहती है। साधन, परिवेश, पस्थितियों में फर्क हो सकता है लेकिन जिनमें हौसला होता है, वो अपने रास्ते स्वयं बना लेती हैं। कार्यक्रम के दौरान कई महिला वक्ताओं ने अपने बातों को रखा।रानी लक्ष्मी बाई के युग से लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू के काल तक की बातें रखी गयी। डॉ मेघा जो चैताडीह की नोडल अधिकारी हैं उन्होंने यह बताया कि भ्रूण हत्या की संख्या अब बहुत कम हो गयी है जो प्रशंसनीय है। उनमें डॉ पूनम सहाय, श्रीमती राखी झुनझुनवाला, श्रीमती एकता प्रेरणा, डॉ आरती वर्मा, डॉ.पुष्पा सिन्हा, डॉ मेघा शर्मा मौजूद थी। मौके पर : सोना प्रकाश,संगीता बैसखियार, मीणा गुप्ता,पुष्पा वर्मा,नीतू शोला,मोनी देवी,कविता राज,रूबी गुप्ता, सुमन गुप्ता, पिंकी सिंह रीना शर्मा, लता वर्मा ,शकुन्तला बरनवाल एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

# महाशिवरात्रि को लेकर तिसरी के शिवालयों में तैयारियां जोरों पर



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** महाशिवरात्रि को लेकर तिसरी प्रखंड के भी सभी शिवालयों में भक्तों की तैयारियां जोरों पर है। प्रखंड के तिसरी, चंदौरी, पलमरुआ, लोकाय, गुमगी, भंडारी, बरवाडीह, खरखरी समेत अन्य स्थानों पर स्थित भगवान शिव के मंदिरों में पूजा की तैयारियों को लेकर स्थानीय लोग व पूजा कमिटी के सदस्य कई दिनों से लगे हुए हैं। पूजा को लेकर सभी मंदिरों में रंग - रोगन और साजो - सज्जा की गई है। शुक्रवार को महाशिवरात्रि के दिन प्रातः काल से ही प्रत्येक शिवाला में शिव भक्तों का तांता लगा रहेगा, दिन चढ़ने के साथ-साथ शिवालयों में भक्तों के भीड़ और भी बढ़ती ही जाएगी। संध्या बेला में व्रतियों द्वारा भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा की जाएगी। वहीं रात्रि में भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का विवाह सम्पन्न होगा। हर हर महादेव के नारों और गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय नजर आएगा। महाशिवरात्रि को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित पुराना शिव मंदिर,थाना के समीप स्थिति शिव मंदिरऔर छठ तालाब स्थिति शिव मंदिरों में आकर्षक साजो - सज्जा की गई है। थाना के समीप स्थिति शिव मंदिर से आज शाम को धूमधाम व गाजे - बाजे के साथ शिव बारात निकाली जाएगी। जिसमें सैकड़ों लोग शामिल होंगे।

# सलूजा गोल्ड कॉलेज ऑफ फार्मेसी में राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** सलूजा गोल्ड कॉलेज ऑफ फामेर्सी में गुरुवार को राष्ट्रीय फामेर्सी शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया. जिसमें कॉलेज के व्याख्याता और विद्यार्थियों ने भाग लिया. कार्यक्रम में कई प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया. प्रतिभागियों द्वारा पोस्टर प्रजेंटेशन, पेंटिंग, भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से फामेर्सी विषय पर प्रकाश डाला गया. मौके पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दे कर उनका उत्साहवर्धन किया गया. कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रो दिवाकर तिवारी ने अपने संबोधन में प्रो एम एल श्रॉफ के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बताया. इस क्रम में उन्होंने छात्रों को फामेर्सी के क्षेत्र में बदलाव लाने के नई पहल करने के लिए प्रोत्साहित किया. छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में फामेर्सी के जनक के रूप में प्रो महादेव लाल को जाना जाता है और वर्तमान समय में भी उनके कार्यों को सराहा जाता है.जिस प्रकार प्रोफेसर महादेव लाल ने भारत में फामेर्सी की नीव रखी उसी प्रकार गिरिडीह शहर में कॉलेज के निदेशक जोरावर सिंह सलूजा ने फामेर्सी कॉलेज की स्थापना की. उन्होंने कहा कि सलूजा गोल्ड कॉलेज ऑफ फामेर्सी गिरिडीह में लोगों को जागरूक कर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में बेहतर काम कर रही है।

# जागो फाउंडेशन व रिबील्ड इंडिया फंड की ओर से महिला दिवस समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** समाजिक संस्था जागो फाउण्डेशन गिरिडीह एवं रीबील्ड इंडिया फंड के संयुक्त तत्वावधान में महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया । समारोह में गिरिडीह, पीरटांड़ एवं तीसरी प्रखंड से एक सौ पचास महिलाएं शामिल हुए । जिला परिषद सदस्य जमुआ के कुमारी प्रभा वर्मा मुख्य अतिथि स्वरूप समारोह में शामिल हुए। इसके अलावा सीडब्ल्यूसी गिरिडीह के अध्यक्ष श्रीमती पूजा सिन्हा, मनरेगा लोकपाल तमन्ना प्रवीण, किरण वर्मा, डीडीएम आशुतोष प्रकाश क्षेत्रिए ग्रामीण बैंक के काउंसलर सुचिता वर्मा एवं जागो फाउण्डेशन के सचिव बैद्यनाथ अतिथि स्वरूप समारोह में शामिल हुए। अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में अपना विचार व्यक्त करते हुए जागो फाउण्डेशन के सचिव श्री बैद्यनाथ ने कहा कि हमारी संस्था महिलाओं के नेतृत्व विकास को लेकर पिछले बीस साल से जिले के विभिन्न प्रखंडों में काम कर रही है। साथ ही सरकारी कार्यक्रमों एवं समाज के स्तर पर अपनी भागीदारी निभाने के प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से जुड़कर आर्थिक स्थिति मजबूत करने के दिशा में प्रोत्साहित किया जा रहा है। डीडीएम श्री आशुतोष प्रकाश ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए नाबार्ड हर समय तत्पर रहती है। महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़े महिलाओं और समूह को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा महिलाओं के अन्दर कौशल विकास को लेकर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिया जाता है । उन्होंने समारोह में उपस्थित महिलाओं को नाबार्ड से जुड़कर लाभ लेने के प्रेरित किया। मनरेगा लोकपाल तमन्ना प्रवीण ने मनरेगा के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया। इसके अलावा सीडब्ल्यूसी गिरिडीह के पूजा सिन्हा, किरण वर्मा, कुमारी प्रभा वर्मा एवं सुचिता वर्मा ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए । समारोह में आए महिला अतिथियों एवं जिले के विभिन्न गांवों में समाज हित में बेहतर काम कर रहे महिलाओं को शौल एवं मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। समारोह में ग्रामीण क्षेत्रों से आए मिताली हेम्ब्रम, चिंता कुमारी, डोली कुमारी आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए ।

# अवैध रूप से कोयला लोड चार बेलगांड़ी जब्त, दो हिरासत में



गिरिडीह। पचंबा थाना क्षेत्र के बाबा जी कुटिया पुल के समीप डीएसपी कौसर अली के द्वारा गुरुवार को अवैध कोयला के खिलाफ छापेमारी की गई। यह छापामारी गुप्त सूचना के आधार पर की गई। जिसमें अवैध रूप से कोयला लोड चार बेलगांड़ी को जब्त किया गया है। इस दौरान दो लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। वहीं दो लोग पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे। बताया जाता है कि उक्त इलाके से आए दिन बड़े पैमाने पर कोयला तस्करी की जा रही थी। अवैध कोयले के व्यापार से जुड़े तस्कर ओपेन कास्ट से चुराए गए कोयला को उक्त मार्ग से दूसरे इलाके में भेजते थे।



## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

65वीं औपबंधिक सूची
जिला:—लोहरदगा

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या—1938, दिनांक—20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0—36/24<br>2. आवेदक—रामजीत उराँव उर्फ सुन्दर उराँव<br>3. पिता—मंगरा उराँव<br>4. ग्राम—कॉजो पोस्ट—बड़ागाई<br>5. थाना—भण्डरा प्रखण्ड—भण्डरा<br>6. लिंग—पुरूष आयु—52 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह—दाहिने गाल में तिल का निशान। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0—एम0—159/89 | नहीं | कारण:— दिनांक 21.04.1999 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरापे<br>पार्टी का नाम—अन्य<br>जेल की अवधि—01 दिन | 2(viii)(a) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0—37/24<br>2. आवेदक—मनोज उराँव उर्फ अनिल खाखा<br>3. पिता—स्व0 चुन्दा उराँव उर्फ विकलस खाखा<br>4. ग्राम—नरौली पोस्ट—नरौली<br>5. थाना—कैरो प्रखण्ड—कैरो<br>6. लिंग—पुरूष आयु—47 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह—दाहिने हाथ में तिल का | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0—एम0—159/89 | नहीं | कारण:— दिनांक 21.04.1999 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरापे<br>पार्टी का नाम—अन्य<br>जेल की अवधि—01 दिन | 2(viii)(a) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0—38/24<br>2. आवेदक—आनन्द भगत उर्फ विजय कुजूर<br>3. पिता—स्व0 सोमा भगत उर्फ जरम कुजूर<br>4. ग्राम—लावागाई पोस्ट—लावागाई<br>5. थाना—कुडू प्रखण्ड—कुडू<br>6. लिंग—पुरूष आयु—51 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह—दाहिने हाथ में तिल का निशान। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0—एम0—159/89 | नहीं | कारण:— दिनांक 21.04.1999 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरोप<br>पार्टी का नाम—अन्य<br>जेल की अवधि—01 दिन | 2(viii)(a) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0—42/24<br>2. आवेदक—पार्वती देवी उर्फ सरिता भगत<br>3. पिता—स्व0 बुधवा उराँव उर्फ सुनिल भगत<br>4. पति—रामविलास उराँव<br>5. ग्राम—हिरही तुरिया टोली पोस्ट—हिरही<br>6. थाना—लोहरदगा प्रखण्ड—लोहरदगा<br>7. लिंग—महिला आयु—60 वर्ष<br>8. पहचान चिन्ह—बॉये हाथ में घाव का निशान। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0—एम0—159/89 | नहीं | कारण:— दिनांक 21.04.1999 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरोप<br>पार्टी का नाम—अन्य<br>जेल की अवधि—01 दिन | 2(viii)(a) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0—43/24<br>2. आवेदक—मुन्नी कुमारी उर्फ सुखमनी तिर्की<br>3. पिता— स्व0 चारो उराँव उर्फ थोमस तिर्की<br>4. पति—स्व0 षिवलखन उराँव<br>5. ग्राम—नावड़ी पाड़ा पोस्ट—बदला<br>6. थाना—लोहरदगा प्रखण्ड—लोहरदगा<br>7. लिंग—महिला आयु—57 वर्ष<br>8. पहचान चिन्ह—बॉये हाथ में कटे का निशान। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0—एम0—159/89 | नहीं | कारण:— दिनांक 21.04.1999 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरोप<br>पार्टी का नाम—अन्य<br>जेल की अवधि—01 दिन | 2(viii)(a) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0—44/24<br>2. आवेदक—विमला देवी उर्फ रोस टोप्पो<br>3. पिता—रबिन टोप्पो<br>4. पति—स्व0 सुनील भगत<br>5. ग्राम—हिरही तुरिया टोली पोस्ट—हिरही<br>6. थाना—लोहरदगा प्रखण्ड—लोहरदगा<br>7. लिंग—महिला आयु—54 वर्ष<br>8. पहचान चिन्ह—दॉये हाथ में तिल का निशान। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0—एम0—159/89 | नहीं | कारण:— दिनांक 21.04.1999 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरोप<br>पार्टी का नाम—अन्य<br>जेल की अवधि—01 दिन | 2(viii)(a) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0—45/24<br>2. आवेदक—लोरेन्स केरकेट्टा उर्फ रूपु तिर्की<br>3. पिता—स्व0 जलहा उराँव उर्फ मांझी तिर्की<br>4. ग्राम—सेन्हा पोस्ट—सेन्हा<br>5. थाना—सेन्हा प्रखण्ड—सेन्हा<br>6. लिंग—पुरूष आयु—57 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह—बॉये हाथ में कटे का निशान। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0—एम0—159/89 | नहीं | कारण:— दिनांक 21.04.1999 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरोप<br>पार्टी का नाम—अन्य<br>जेल की अवधि—01 दिन | 2(viii)(a) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0—46/24<br>2. आवेदक—मनेष्वर उराँव उर्फ दीपक कुजूर<br>3. पिता—स्व0 जोगी उराँव उर्फ रूखलाल कुजूर<br>4. ग्राम—जरियो पोस्ट—चापी<br>5. थाना—कुडू प्रखण्ड—कुडू<br>6. लिंग—पुरूष आयु—54 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह—दाहिने घुटने में घाव का निशान। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0—एम0—159/89 | नहीं | कारण:— दिनांक 21.04.1999 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरोप<br>पार्टी का नाम—अन्य<br>जेल की अवधि—01 दिन | 2(viii)(a) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0—47/24<br>2. आवेदक—प्रिस्का कुजूर उर्फ रीता कुजूर<br>3. पिता—स्व0 जोसेफ कुजूर<br>4. पति—जेवियर लकड़ा<br>5. ग्राम—ओयना करम टोली पोस्ट—लोहरदगा<br>6. थाना—लोहरदगा प्रखण्ड—लोहरदगा<br>7. लिंग—महिला आयु—55वर्ष<br>8. पहचान चिन्ह—अंगूली में तिल का निशान। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0—एम0—159/89 | नहीं | कारण:— दिनांक 21.04.1999 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरोप<br>पार्टी का नाम—अन्य<br>जेल की अवधि—01 दिन | 2(viii)(a) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0—48/24<br>2. आवेदक—सविता लकड़ा<br>3. पिता—विषवा उराँव उर्फ गोविन्द उराँव उर्फ सोमरा उराँव<br>4. ग्राम—कोर्ट रोड, हरमू, रघुटोली पोस्ट—लोहरदगा<br>5. थाना—लोहरदगा प्रखण्ड—लोहरदगा<br>6. लिंग—महिला आयु—54 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह—अंकित नहीं। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0—एम0—159/89 | नहीं | कारण:— दिनांक 21.04.1999 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरोप<br>पार्टी का नाम—अन्य<br>जेल की अवधि—01 दिन | 2(viii)(a) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0—49/24<br>2. आवेदक—मीना टोप्पो उर्फ मीना कुमारी<br>3. पिता— गंगरा उराँव<br>4. पति—जयप्रकाष उराँव<br>5. ग्राम—जुरिया बड़का टोली पोस्ट—जुरिया<br>6. थाना—लोहरदगा प्रखण्ड—लोहरदगा<br>7. लिंग—महिला आयु—52 वर्ष<br>8. पहचान चिन्ह—अंकित नहीं। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0—एम0—159/89 | नहीं | कारण:— दिनांक 21.04.1999 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरोप<br>पार्टी का नाम—अन्य<br>जेल की अवधि—01 दिन | 2(viii)(a) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0—723<br>2. आवेदक—चन्द्रपाल उराँव उर्फ राम उराँव<br>3. पिता—दिरपु उराँव उर्फ सकरा उराँव<br>4. ग्राम—नरौली पोस्ट—नरौली<br>5. थाना—भण्डरा प्रखण्ड—कैरो<br>6. लिंग—पुरूष आयु—58 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह—बॉये पंजे में घाव का निशान। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0—एम0—159/89 | नहीं | कारण:— दिनांक 21.04.1999 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरापे<br>पार्टी का नाम—अन्य<br>जेल की अवधि—01 दिन | 2(viii)(a) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0—50/24<br>2. आवेदक—महबूब अंसारी उर्फ महबूब आलम<br>3. पिता—स्व0 अमिरूद्दीन अंसारी<br>4. ग्राम—जोरी पोस्ट—जोरी शहेदा<br>5. थाना—लोहरदगा प्रखण्ड—लोहरदगा<br>6. लिंग—पुरूष आयु—52 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह—बॉये हाथ में चोट का निशान। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0—47/93 | नहीं | कारण:—दिनांक 16.03.1993 झारखण्ड आर्थिक नाकेबंदी के अवसर पर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरोप<br>पार्टी का नाम—अन्य<br>जेल की अवधि—01 माह 06 दिन | 2(viii)(a) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0—580<br>2. आवेदक—रामसहाय उराँव<br>3. पिता—स्व0 सम्पत उराँव<br>4. ग्राम—महादेव टोली पोस्ट—बदला<br>5. थाना—सेन्हा प्रखण्ड—सेन्हा<br>6. लिंग—पुरूष आयु—51 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह—सिर पर सफेद दो का निशान। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0—एम0—474/90 | नहीं | कारण:—दिनांक 08.10.1990 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरोप<br>पार्टी का नाम—अन्य<br>जेल की अवधि—02 दिन | 2(viii)(a) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0—168<br>2. आवेदक—बसंत किन्डो<br>3. पिता—स्व0 सुलेमान किन्डो<br>4. ग्राम—मधुवन टोली पोस्ट—लोहरदगा<br>5. थाना—लोहरदगा प्रखण्ड—लोहरदगा<br>6. लिंग—पुरूष आयु—52 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह—बॉये हाथ में घाव का निशान। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0—एम0—474/90 | नहीं | कारण:—दिनांक 08.10.1990 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरोप<br>पार्टी का नाम—अन्य<br>जेल की अवधि—02 दिन | 2(viii)(a) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0—135/23<br>2. आवेदक—अमन टोप्पो<br>3. पिता—मोहन टोप्पो<br>4. ग्राम—मिषन चौक पोस्ट—लोहरदगा<br>5. थाना—लोहरदगा प्रखण्ड—लोहरदगा<br>6. लिंग—पुरूष आयु—54 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह—अंकित नहीं। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0—एम0—474/90 | नहीं | कारण:—दिनांक 08.10.1990 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरोप<br>पार्टी का नाम—अन्य<br>जेल की अवधि—02 दिन | 2(viii)(a) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0—167<br>2. आवेदक—पंकज उराँव<br>3. पिता—बलदेव उराँव<br>4. ग्राम—जुरिया, सोबरन टोली पोस्ट—जुरिया<br>5. थाना—लोहरदगा प्रखण्ड—लोहरदगा<br>6. लिंग—पुरूष आयु—55 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह—दाहिने भौं में तिल का निशान। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0—एम0—474/90 | नहीं | कारण:—दिनांक 08.10.1990 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरोप<br>पार्टी का नाम—अन्य<br>जेल की अवधि—02 दिन | 2(viii)(a) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0—90<br>2. आवेदक—सुखराम भगत<br>3. पिता—अर्जुन भगत<br>4. ग्राम—चुन्द पतरा टोली पोस्ट—चॉपी<br>5. थाना—कुडू प्रखण्ड—कुडू<br>6. लिंग—पुरूष आयु—60 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह—दाहिने हाथ में तिल का निशान। | अनु0दण्डा0 लोहरदगा वाद सं0—252/89 | नहीं | कारण:—(i) दिनांक 11.06.1989 को झारखण्ड बंदी के अवसर पर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>(ii) अभिप्रमाणित झारखण्ड अलग राज्य आन्दोलन से संबंधित पार्टी बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम—अन्य<br>जेल की अवधि—04 दिन | 2(viii)(a) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0—31<br>2. आवेदक—चन्द्रदेव भगत<br>3. पिता—मंगल भगत<br>4. ग्राम—पचागाई पोस्ट—पचागाई<br>5. थाना—कैरो प्रखण्ड—कैरो<br>6. लिंग—पुरूष आयु—51 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह—बॉये हाथ में तिल का निशान। | नहीं | नहीं | कारण:—अभिप्रमाणित पार्टी बैठक पंजी में नाम अंकित है।<br>पार्टी का नाम—आजसू | 2(ix)(a) |

PR 321849 Home(23-24)#D

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

भरी हुई जेब आपको गलत रास्ते पर ले जा सकती है, लेकिन खाली जेब आपको जिंदगी के कई मतलब समझाती है : अज्ञात

# आर्थिक आंकड़ों में उत्साह

हाल ही में एक जानकारी साझा की गई है कि इस वर्ष अर्थव्यवस्था पांच जनवरी को पूवार्नुमानित 7.3 फीसदी नहीं, बल्कि 7.6 फीसदी की दर से विकास की दर। ।उत्कृष्ट प्रदर्शन ने सबको हैरान कर दिया। दिसंबर, 2023 तक रिजर्व बैंक के पेशेवर पूवार्नुमान सर्वे ने वित्त वर्ष 2023झ्र24 के लिए वास्तविक जीडीपी 6.0झ्र6.9 फीसदी के दायरे में रहने की उच्चतम संभावना जताई थी। विकास दर में यह वृद्धि पिछले वर्षों और तिमाहियों के आंकड़ों में संशोधन के बाद हुई है, जिसके तहत वर्ष 2022झ्र23 की जीडीपी विकास दर कम रही और मौजूदा वर्ष की पहली तिमाही के आंकड़ों में यह ऊपर दिखी। इसमें यह खुलासा भी किया गया कि अक्तूबर और दिसंबर, 2023 के बीच अर्थव्यवस्था 8.4 फीसदी की दर से बढ़ी। जीडीपी की 8.4 फीसदी दर पर बहुत ज्यादा उत्साह पैदा हुआ, जबकि इस अवधि के लिए सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 6.5 फीसदी था। कम जीवीए को सब्सिडी पर कम खर्च और करों में वृद्धि के रूप में विश्लेषित किया जाता है। जीवीए में करों को जोड़कर और उसमें से सब्सिडी घटाने पर जीडीपी का आंकड़ा निकाला जाता है। दिलचस्प बात यह है कि तीन तिमाहियों में जीवीए क्रमिक रूप से 8.2 फीसदी से घटकर 6.5 फीसदी हो गया है। अर्थव्यवस्था की स्थिति पर बहसें अक्सर आंकड़ों की बारीकियों में खो जाती हैं। स्पष्ट है कि अर्थव्यवस्था ने उम्मीद से ज्यादा और पूवार्नुमानों से बेहतर प्रदर्शन किया है। यह बुनियादी संरचनाओं पर खर्च और जीएसटी एवं प्रत्यक्ष करों के आंकड़ों से भी स्पष्ट होता है। जीडीपी के अनुमान से विनिर्माण एवं निर्माण के क्षेत्र में भी मजबूत वृद्धि का पता चलता है। आय में वृद्धि और शेयर सूचकांकों की शानदार उछाल से इसकी पुष्टि होती है। यह सब स्वीकारते हुए भी कहना होगा कि सब कुछ ठीक नहीं है। ये अनुमान विकास की रफ्तार और गति में मंदी का भी संकेत देते हैं। वर्ष के अंत में 7.6 फीसदी का अनुमान बताता है कि चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर छह फीसदी के आस-पास होगी। सामाजिक व्यवस्था के अन्य तत्वों की तरह आर्थिक विकास भी औसत के नियम से नियंत्रित होता है। क्या यह गिरावट है, सांख्यिकीय प्रभाव है या कोई संरचनात्मक मुद्दा है, जिसे विकास को बनाए रखने के लिए संबोधित किया जाना चाहिए? आंकड़े बताते हैं कि विकास की इस गति में हर क्षेत्र शामिल नहीं है। भले ही जीडीपी 7.6 फीसदी की दर से विकास कर रहा हो, पर तथ्य यह है कि निजी खपत मुश्किल से तीन फीसदी की दर से बढ़ रही है, जो चिंता का विषय होना चाहिए। खपत के आंकड़े इसलिए महत्वपूर्ण हैं कि जीडीपी में खपत का योगदान 55.6 फीसदी होता है। ऐसे में सवाल उठता है कि खपत में गिरावट एक मौसमी मुद्दा है या खर्च करने की क्षमता में बुनियादी गिरावट है।हालांकि पीड़ा को कम करने और खपत बढ़ाने के लिए सरकारी हस्तक्षेप किया गया है। लेकिन 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज, 50 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य सेवा, 16 करोड़ से ज्यादा लोगों को ग्रामीण रोजगार के अलावा धन हस्तांतरण, घर एवं उपभोग्य सामग्रियों के प्रावधान जैसे कल्याणकारी कार्यक्रमों के आक्रामक विस्तार के बावजूद खपत घट रही है। इसका असर कम लागत वाली वस्तुओं की बिक्री एवं उपभोक्ता वस्तुओं तथा टिकाऊ निमार्ताओं की कमाई पर दिख रहा है। दरअसल, अंतरिम बजट के पहले उद्योग मंडलों ने कल्याणकारी लाभों के विस्तार की बात की थी।जीडीपी के अनुमानों में अन्य चिंताजनक आंकड़े भारत के दो सबसे बड़े नियोक्ताओं से संबंधित हैं। पहला सेवा क्षेत्र, जो बड़ी संख्या में नए रोजगार पैदा करता है और दूसरा कृषि, जो संपूर्ण कार्यबल के 45 फीसदी से ज्यादा कार्यबल को रोजगार देती है। कृषि में तीसरी तिमाही में संकुचन दिखाई दिया और वर्ष के अंत में उसकी वृद्धि दर 0.7 फीसदी हो सकती है। सेवा क्षेत्र भी पिछड़ गया है और दोहरे अंक की वृद्धि के ऐतिहासिक स्तर से काफी नीचे रुका हुआ है।कुछ अन्य मुद्दों पर भी ध्यान दिए जाने की जरूरत है। देश की जनसांख्यिकी से पता चलता है कि युवा कार्यबल अब ज्यादातर उत्तर के सबसे आबादी वाले राज्यों में रहते हैं, जबकि विकास, रोजगार, आय और खपत का झुकाव भारत के दक्षिणी और पश्चिमी राज्यों की ओर है। 60 हजार नौकरियों के लिए 48 लाख युवा आवेदन देते हैं, राज्यों में अक्सर पेपर लीक के मामले सामने आते हैं, इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट कॉलेजों में कैंपस प्लेसमेंट में भारी गिरावट आई है। इन सबके मद्देनजर मूल्यांकन और सुधारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता है।

इन दिनों

# महिलायें कर रहीं समानता की अर्थव्यवस्था का मार्ग प्रशस्त


धुवाराखा श्रीराम



*पिछले* दशक में भारत ने महिला श्रम बल भागीदारी दर (डब्ल्यूएलएफपीआर) को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। कार्यबल में महिलाओं और विशेष रूप से युवतियों की भागीदारी बढ़ाने की परिवर्तनकारी क्षमता बहुत अधिक है, जो न केवल आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का वादा करती है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन को भी प्रेरित करती है। दिलचस्प बात तो यह है कि पिछले दशक में व्यापक सामाजिक-आर्थिक बदलावों, नीतिगत उपायों और महिलाओं के कामकाज के संबंध में सामाजिक मानदंडों में आये बदलावों को दर्शाती डब्ल्यूएलएफपी की वृद्धि संभवतः पिछली सदी में देखी गई वृद्धि से भी अधिक महत्वपूर्ण हो सकती है।

**महिला श्रम बल भागीदारी के लिए निर्णायक दशक :** भारत ने महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कई पहल और नीतियां लागू की हैं, जो कार्यबल में महिला-पुरुष संतुलन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती हैं। इन प्रमुख पहलों में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना शामिल है, जिसका उद्देश्य छोटे कारोबार शुरू करने के लिए बिना किसी गारंटी के ऋण प्रदान करके महिला उद्यमियों को प्राथमिकता देना है। इसके अतिरिक्त, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान लड़कियों की शैक्षिक स्थिति को बेहतर बनाने में सहायक रहा है, जिसका सीधा प्रभाव भविष्य में उनकी रोजगार की संभावनाओं पर पड़ता है। ये प्रयास कार्यस्थल पर सुरक्षा और विविधता सुनिश्चित करने संबंधी कॉर्पोरेट नीतियों के साथ मिलकर श्रम बाजार में महिलाओं के लिए बाधाओं को दूर करने के संबंध में व्यापक दृष्टिकोण दशार्ते हैं। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, जो 2017-18 में 22 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 35.9 प्रतिशत हो गई। यह सकारात्मक रुझान राजनीतिक और नौकरशाही (सार्वजनिक), कॉर्पोरेट (निजी) और युवतियों की इच्छाशक्ति का प्रमाण है। दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के रूप में, भारत आर्थिक अवसरों के लिए तैयार है, इस सार्वजनिक-निजी-युवा इकोसिस्टम को और मजबूत बनाना तथा उच्चतम स्तर पर नीति निर्माण को सूचित करने के लिए युवतियों को समान भागीदार के रूप में शामिल करना महत्वपूर्ण है।

**श्रम एवं रोजगार मंत्रालय (एमओएलई) के परामर्श की प्रेरणादायी भूमिका :** डब्ल्यूएलएफपीआर में सुधार लाने के आलोक में, सरकार, सिविल सोसायटी, उद्योग संघों और बहुपक्षीय एजेंसियों के प्रतिनिधित्व के साथ एक कार्य बल बनाने की दिशा में एमओएलई के प्रयास सराहनीय हैं। इस कार्यबल की चर्चाओं से प्राप्त महत्वपूर्ण निष्कर्ष को 'महिलाओं के लिए समानता, सशक्तिकरण सुनिश्चित करना' शीर्षक से नियोक्ताओं के लिए परामर्श के रूप में संकलित किया गया है, जो हितधारकों के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण की शक्ति को सुदृढ़ बनाता है। यह कामकाज के अनुकूल वातावरण, समान वेतन प्रथाओं और कार्यबल में विशेष रूप से महिलाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के महत्व को रेखांकित करता है। **बाधाएं दूर करना :** काम के लचीले घंटों और बच्चों की देखरेख की सुविधाओं जैसे उपायों की सिफारिश करते हुए इस परामर्श का उद्देश्य श्रम बाजार में महिलाओं की भागीदारी को सीमित करने वाली कुछ प्राथमिक बाधाओं को दूर करना है। निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिकों, प्रवासी श्रमिकों तथा सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्यमों में काम करने वाली महिलाओं के लिए जेंडर न्यूट्रल क्रेच और महिलाओं के कामकाजी केंद्रों के प्रावधानों के महत्व पर समान रूप से जोर दिया गया है। आवागमन और बच्चों को जन्म देने से संबंधित सामाजिक बाधाएं दो सबसे महत्वपूर्ण कारक हैं, जो युवतियों के कार्यबल में प्रवेश और पुनःप्रवेश को बाधित करते हैं। परामर्श में चित्रित किये गये संलग्न क्रेच और बुजुर्गों की देखभाल की सुविधाओं युक्त महिला कामकाजी केंद्रों/छात्रावासों के विजन को साकार करने की दिशा में सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोगात्मक प्रयास महत्वपूर्ण होंगे। इसमें सुरक्षा, संरक्षा, स्वास्थ्य संबंधी देखरेख के प्रावधानों युक्त विश्वस्तरीय सुविधाओं वाले गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे का निर्माण, परिवर्तन और विकल्पों के प्रतिनिधि के रूप में युवतियों को विकसित करना और उनके निर्णय लेने की क्षमताओं को मजबूत करना शामिल होगा। सिविल सोसायटी और बहुपक्षीय एजेंसियों की सहायता समुदायों और परिवारों के व्यवहार में बदलाव लाने को बढ़ावा देगी, ताकि वे इन केंद्रों को युवतियों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अपनी आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने का स्थान मान सकें। कोविड-19 के कारण कार्यस्थलों को देखने का हमारा नजरिया बदल रहा है, तथा ज्यादातर नौकरियां हाइब्रिड और रिमोट प्रारूप में बदल गई हैं, ऐसे में प्रौद्योगिकी पारंपरिक कार्यस्थल की बारीकियों को खत्म करने में परिवर्तनकारी साबित हो सकती है। टेलीवर्किंग सुविधाओं सहित महिला-पुरुष सभी के लिए लचीले अवसरों के प्रावधान को इस तथ्य को सुदृढ़ करने के लिए परामर्श में रेखांकित किया गया है कि देखभाल एक सामूहिक जिम्मेदारी होनी चाहिए और महिलाओं को खुद पर पड़ने वाले देखभाल के असंगत बोझ के कारण रोजगार से बाहर नहीं हो जाना चाहिए। ये घटनाक्रम महिलाओं के व्यापक आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रगतिशील, हालांकि चुनौतीपूर्ण, मार्ग सुझाते हुए, इन लाभों को बरकरार रखने और संवर्धित करने के लिए निरंतर नीतिगत फोकस और सामाजिक परिवर्तन की आवश्यकता पर बल देते हैं।

**महिलाएं शतक लगाएंगी :** भारत कामकाजी लोगों की अधिक आबादी के साथ जनसांख्यिकीय लाभांश के शिखर पर है, ऐसे में महिला कार्यबल की क्षमता का पता लगाना सामाजिक न्याय और रणनीतिक आर्थिक अनिवार्यता का मामला है। समाज के सभी क्षेत्रों के ठोस प्रयासों के साथ एमओएलई का परामर्श कार्रवाई का खाका पेश करता है। आगे की यात्रा चुनौतीपूर्ण है, लेकिन इसका प्रतिफल-आर्थिक सुदृढ़ता, सामाजिक कल्याण और मानव सामथ्य की पूर्ति-पहुंच के भीतर हैं, जो वैश्विक मंच पर भारत की उन्नति के प्रयास को न केवल आवश्यक बल्कि अनिवार्य बनाता है। इन सिफारिशों को अपनाकर और डब्ल्यूएलएफपीआर को बढ़ाने के निरंतर प्रयासों के लिए प्रतिबद्ध होकर भारत समावेशी सामाजिक एवं आर्थिक समानता और अपने सभी नागरिकों के उज्जवल भविष्य की दिशा में रास्ता निर्धारित कर सकता है। india@100 के लिए आर्थिक विकास का नेतृत्व करने वाले 'नायक' वास्तव में सक्षम नारियां हैं।

**(यूनिसेफ इंडिया में युवाह की प्रमुख)**

## आपकी बात



### 'शिवरात्रि और शिवशक्ति का आशीर्वाद'

महाशिवरात्रि पर हम शिवशक्ति की आराधना करते है। गृहस्थ जनों के लिए शिव परिवार एक आदर्श रूप है। शिवशक्ति के विवाह में शिव ने पार्वती की अनेकों रूप में परीक्षा ली, परन्तु माँ ने अपनी अटूट श्रृद्धा और निष्ठा शिव के प्रति न्यून न होने दी। माँ ने शिव के सच्चे स्वरुप को पहचान लिया और उनके प्रति समर्पित हो गई। गृहस्थ जीवन की श्रेष्ठता तो शिव-पार्वती की शक्ति को समझने में निहित है। शिव परिवार तो एक अनुकरणीय परिवार है, जो कार्तिक और गणेश जैसे पुत्रों से सुशोभित है। यदि आप शिव परिवार का सूक्ष्म विश्लेषण करेंगे तो देखेंगे कि शिव का वाहन नन्दी बैल, माता का वाहन सिंह, एकदन्त गजानन का वाहन मूषक और कार्तिकेय का वाहन मयूर, शिव के गले में सर्प विद्यमान है। सर्प, चूहा, मोर यह सब जातिगत दृष्टि से परम शत्रु की श्रेणी में आते है, वहीं सिंह और बैल भी उसी श्रेणी में आते है। पर शिव परिवार में तो बस सौहाद्र और प्रेम का भाव ही परिलक्षित होता है। उमापति की एक अनूठी विशेषता यह भी है कि वह सभी को समान दृष्टि से देखते है। उनकी आराधना चाहे देव करें या दानव, भूत या गन्धर्व, भोलेनाथ सभी पर प्रसन्न होकर मनोवांछित फल प्रदान करते है। भगवान शिव का विवाह तो सभी युवा वर्ग के लिए शिक्षा का प्रेरक प्रसंग है। शिवशंकर अपने विवाह में सादगी और सच्चाई से गये। उन्होंने कोई झूठी शान और आडम्बर प्रस्तुत नहीं किया। उन्होंने सभी को अपनी बारात में समान सम्मान दिया। देवता, भूत-प्रेत, यक्ष, गन्धर्व इत्यादि सभी को अपनी बारात में सम्मिलित किया। शिव सदैव सादगी प्रिय और उच्च विचार रखते है। महादेव की संज्ञा प्राप्त करने वाले शिव शम्भू कोई राजमुकुट धारण नहीं करते है। कोई कीमती वस्त्र एवं बहुमूल्य आभूषण उनकी शोभा नहीं बढ़ाते है। वे सर्प की माला और बाघम्भर धारण करते है, पर यह सारे नियम परिवार के लिए नहीं है। वे माता और पुत्रों को मूल्यवान वस्त्र एवं आभूषण धारण करवाते है। नीलकंठ होने के कारण स्वयं आक, धतूरा, बिल्वपत्र, जल एवं दूध स्वीकार करते है परन्तु पुत्र को मोदक खिलाते है। परिवार के मुखिया होने के कारण वे सबकी खुशियों का ध्यान रखते है एवं कभी-कभी शमशान में निवास कर गृहस्थ संत बनने का सन्देश भी देते है। शिव की जटाओं में गंगा और मस्तक पर चन्द्रमा विराजमान है और गले में विष है, जो यह समझाते है कि विष पीकर भी जीवन में शांत रहना चाहिए और अपना मानसिक संतुलन बनाये रखना चाहिए। शांतिपूर्वक हम किसी भी समस्या का समाधान सही तरीके से कर सकते है यह शिक्षा हमें शिव देते है। शिव की सरलता अपने भक्तों के लिए तो अनूठी है। उनके पूजन के लिए किसी प्रतिमा और मूर्ति की आवश्यकता नहीं है। यदि आपके पास कोई संसाधन नहीं है तो आप मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर उसका भी जल से अभिषेक कर सकते है और वह भी न कर पाये तो मात्र अंगूठे को ही लिंग स्वरुप मानकर शिव का ध्यान एवं पूजन अर्चन कर ले। - **डॉ. रीना रवि मालपानी (कवयित्री एवं लेखिका)**

शिकंजा

# रिश्वतखोरों पर संसदीय विशेषाधिकार लागू नहीं होगा


ललित गर्ग

**भारतीय लोकतंत्र को मजबूती देने एवं आदर्श शासन व्यवस्था स्थापित करने के लिये सांसदों एवं विधायकों का अपराधमुक्त होना जरूरी है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब देश में आम चुनाव की घोषणा होने वाली है।**

*सर्वोच्च* न्यायालय की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से ऐतिहासिक निर्णय देकर सांसदों व विधायकों के सदन के भीतर वोट देने या वक्तव्य देने के लिए रिश्वत लेने को अपराध की श्रेणी में डाल कर साफ कर दिया है कि इन सदस्यों को मिले विशेषाधिकारों का अर्थ भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी के जुर्म से उनका बरी होना नहीं है, क्योंकि सांसदों एवं विधायकों का भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी में लिप्त होना भारतीय संसदीय लोकतंत्र की नींव को कमजोर करता है। यह एक ऐसी राजनीति का निर्माण करता है जो नागरिकों को एक जिम्मेदार, उत्तरदायी एवं स्वस्थ लोकतंत्र से वंचित करता है। हमारे संविधान निर्माताओं ने जनता द्वारा चुने गये प्रतिनिधियों को कुछ विशेषाधिकार सदनों के भीतर बिना किसी डर या लालच के जनता की आवाज और समस्याएं सरकार तक पहुंचाने के लिए दिये थे, अब संसद, विधानमंडल में भाषण या वोट के लिए रिश्वत लेना सदन के विशेषाधिकार के दायरे में नहीं आएगा। यानी अब अगर सांसद या विधायक रिश्वत लेकर सदन में भाषण देते हैं या वोट देते हैं तो उन पर कोर्ट में आपराधिक मामला चलाया जा सकता है। ऐसा होने से राजनीति को स्वच्छता, शुचिता एवं भ्रष्टाचारमुक्ति की ओर अग्रसर करने में बड़ी सफलता मिलेगी। भारतीय लोकतंत्र को मजबूती देने एवं आदर्श शासन व्यवस्था स्थापित करने के लिये सांसदों एवं विधायकों का अपराधमुक्त होना जरूरी है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब देश में आम चुनाव की घोषणा होने वाली है। जाहिर है, ऐसे माहौल में इस फैसले का भी कुछ न कुछ चुनावी असर को नकारा नहीं जा सकता। स्वस्थ, मजबूत एवं आदर्श लोकतंत्र के लिये राजनीति स्वार्थों, दलगत समीकरणों से अलग हटकर एवं राजनीतिक नफा-नुकसान को देखे बिना ऐसे फैसलों को चुनावी मुद्दा बनाये जाने की भी अपेक्षा है, इसी से राजनीति में गहरे तक व्याप्त हो चुके राजनीतिक भ्रष्टाचार को समाप्त करने में मदद मिल सकती है।



बोधि वृक्ष

## बरवाडीह का पहाड़ी मंदिर




*बरवाडीह* के पहाड़ी शिव-पार्वती मंदिर में श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। यहीं पर श्री हनुमान मंदिर, काली मंदिर, रानी माई और दुरजागिंन मंदिर भी है। पहाड़ पर 441 सीढ़ी के उपर हनुमान मंदिर और काली मंदिर है। हनुमान मंदिर के बारे में मान्यता है कि करीब डेढ़ सौ साल पहले एक छोटा सा पत्थर श्री हनुमान जी के आकार का प्रकट हुआ था। उस समय रानी माई के नाम से उन्हें पूजा की जाती थी। कहा जाता है कि पूर्व राजा मेदिनीराय का किला इस पहाड़ पर था। रेलवे के माइक्रोवेब के निर्माण के समय किले का अवशेष भी पाया गया था। पूर्ववर्ती राजा मेदिनीराय रानी माई की पूजा करते थे। पूजा के दौरान जो दूध उन पर चढ़ाते थे, वह अदृश्य शक्ति से पहाड़ के नीचे स्थित मां दुरजागिंन के बट वृक्ष के पास आकर गिरता था। इसी जगह काड़ा बड़ वृक्ष के पास राजा मेदिनीराय और बाद में कुछ ठेकेदार जब भैंसे की बलि देते थे, तो बाघ आकर बलि का खून पीकर चला जाता था। बाद में रानी माई, मां दुरजागिंन का मंदिर बनाया गया। उधर पहाड़ पर स्थित श्री हनुमान जी की आकृति के पत्थर का आकार बढ़ कर पांच फीट हो गया है। लोगों के सहयोग से हनुमान मंदिर का निर्माण कराया गया। वही पहाड़ के नीचे करीब 50 साल पहले शिव और पार्वती के मंदिर की स्थापना की गयी।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# लोक कल्याण के देव हैं भगवान शिव


रमेश सर्राफ धमोरा

**शिव का अर्थ कल्याण होता है। जब संसार में पापियों की संख्या बढ़ जाती है तो शिव उनका संहार कर लोगों की रक्षा करते हैं। इसीलिए उन्हें शिव कहा जाता है।**

*महाशिवरात्रि* भगवान शिव का त्यौहार है। देश के सभी प्रदेशों में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। भारत के साथ नेपाल, मारीशस सहित दुनिया के कई अन्य देशों में भी महाशिवरात्रि मनाते हैं। हर साल फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि का व्रत किया जाता है। हिन्दू पुराणों के अनुसार इसी दिन सृष्टि के आरंभ में मध्यरात्रि में भगवान शिव ब्रह्मा से रुद्र के रूप में प्रकट हुए थे। इसीलिए इस दिन को महाशिवरात्रि कहा जाता है। शिवरात्रि के प्रसंग को हमारे वेद, पुराणों में बताया गया है कि जब समुद्र मन्थन हो रहा था उस समय समुद्र में चौदह रत्न प्राप्त हुए। उन रत्नों में हलाहल भी था। जिसकी गर्मी से सभी देव दानव त्रस्त होने लगे। तब भगवान शिव ने उसका पान किया। उन्होंने लोक कल्याण की भावना से अपने को उत्सर्ग कर दिया। इसलिए उनको महादेव कहा जाता है। जब हलाहल को उन्होंने अपने कंठ के पास रख लिया तो उसकी गर्मी से कंठ नीला हो गया। तभी से भगवान शिव को नीलकंठ भी कहते हैं। शिव का अर्थ कल्याण होता है। जब संसार में पापियों की संख्या बढ़ जाती है तो शिव उनका संहार कर लोगों की रक्षा करते हैं। इसीलिए उन्हें शिव कहा जाता है। यौगिक परम्परा में इस दिन और रात को इतना महत्व इसलिए दिया जाता है क्योंकि यह आध्यात्मिक साधक के लिए जबरदस्त संभावनाएं प्रस्तुत करते हैं। आधुनिक विज्ञान कई चरणों से गुजरने के बाद आज उस बिंदु पर पहुंच गया है। जहां वह प्रमाणित करता है कि हर वह चीज जिसे आप जीवन के रूप में जानते हैं। पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं। जिसे आप ब्रह्मांड और आकाशगंगाओं के रूप में जानते हैं। वह सिर्फ एक ही ऊर्जा है। जो लाखों रूपों में खुद को अभिव्यक्त करती है। माना जाता है की इस दिन भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और भगवान शिव की पूजा करते है। महाशिवरात्रि का व्रत रखना सबसे आसान माना जाता है। इसलिये बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी इस दिन व्रत रखते हैं। महाशिवरात्रि के व्रत रखने वालों के लिये अन्न खाना मना होता है। इसलिये फलाहार किया जाता है। राजस्थान में व्रत के समय गाजर, बेर का फलाहार किया जाता है। लोग मन्दिरों में भगवान शिव की पूजा करते हैं व उन्हे आक, धतूरा चढ़ाते हैं। भगवान शिव को विशेष रूप से भांग का प्रसाद लगता है।

टेक वर्ल्ड

## व्हाट्सएप ले कर आया है नया फीचर

चाहे घर में कोई इवेंट हो या ऑफिस का कोई इवेंट हो यकीन मानिए लोग फोटो और वीडियो व्हाट्सएप के माध्यम से ही शेयर करते हैं। परंतु अब तक दिक्कत यह होती थी कि, जब भी आप व्हाट्सएप पर फोटो या वीडियो शेयर करते थे उसका लोएस्ट वर्जन ऑटोमेटिकली भेज पाते थे। मतलब कि एचडी क्वालिटी की फोटो वीडियो नहीं अपलोड हो पाती थी। हालांकि आप अलग से एचडी पर सेलेक्ट करके उसे अवश्य भेज सकते थे, लेकिन अब यह प्रॉब्लम हल होने वाली है। अब बायडिफॉल्ट ही आप एचडी क्वालिटीकी फोटो व्हाट्सएप के जरिए भेज सकते हैं। तमाम टेक्नोलॉजी कम्पनियाँ अलग-अलग समय-समय पर अपडेट पर कार्य करती रहती हैं और व्हाट्सएप तो इस मामले में कहीं आगे है। व्हाट्सएप पर एक नया फीचर जारी किया जा रहा है और इस फीचर के आने के बाद आप आसानी से एचडी क्वालिटी की फोटो और वीडियो डिफॉल्ट रूप से शेयर कर पायेंगे।




**इसके बारे में जानते हैं**

नई अपडेट के अनुसार व्हाट्सएप के बीटा संस्करण में स्टोरेज सेटिंग में एक नया ऑप्शन नजर आता है जो डिफॉल्ट मीडिया अपलोड क्वालिटी सेट करने की अनुमति देता है। मतलब की अलग-अलग फाइल के लिए आपको सेटिंग करने की जरूरत नहीं पड़ती है। अपडेट में मीडिया क्वालिटी का फीचर मौजूद रहता है। हालांकि अभी भी व्हाट्सएप में एचडी फोटो आप आसानी से भेज सकते हैं उसके लिए आपको कुछ स्टेप जरूर फॉलो करने पड़ेंगे।

(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# नारी तू नारायणी...

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है, इस खास दिन को लैंगिक समानता, समाज में महिलाओं की भूमिका, महिलाओं के खिलाफ दुर्व्यवहार, महिलाओं को समान अधिकार के क्षेत्र में जागरूकता पैदा करने के लिए मानाया जाता है। इसके अलावा यह दिन अधिकतर महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले प्रजनन संबंधी अधिकार, लैंगिक विभेद और अन्य कई मुद्दों के लिए भी विशेष महत्व रखता है।

**महिला दिवस से एक दिन पूर्व झारखंड सरकार ने राज्य की महिला कर्मचारियों को शिशु की देखभाल के लिए 730 दिन का अवकाश देने का निर्णय लिया।**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की उत्पत्ति 20वीं सदी की शुरूआत में हुई, जब महिलाओं के अधिकारों और मताधिकार की वकालत करने वाली विभिन्न घटनाओं और आंदोलनों ने इसे चिह्नित किया। इसके पीछे एक महत्वपूर्ण घटना है... 25 मार्च, 1911 को न्यूयॉर्क शहर में ट्रायंगल शर्टवाइस्ट फैक्ट्री में आग लग गई। जिसमें 140 से अधिक महिला श्रमिकों की मौत हुई। 1910 में कोपेनहेगन में आयोजित कामकाजी महिलाओं का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन भी महत्वपूर्ण था, जिसमें 17 देशों की 100 से अधिक महिलाओं ने वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी। 8 मार्च को पेत्रोग्राद (अब सेंट पीटर्सबर्ग) में महिला श्रमिकों की हड़ताल का सम्मान करने के लिए चुना गया था, जो 1917 में रूसी क्रांति की शुरूआत की थी।

1975 में, संयुक्त राष्ट्र ने आधिकारिक रूप से 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मान्यता दी। तब से, यह एक वैश्विक आंदोलन बन गया है, जिसे विभिन्न देशों और संस्कृतियों में विभिन्न तरीकों से मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। इसे रैलियां, सम्मेलन, कला प्रदर्शनियां, प्रदर्शन और अन्य आयोजनों के माध्यम से मनाया जाता है। यह दिवस महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का सम्मान करता है और लैंगिक समानता के लिए कार्रवाई की अपील करता है। इसका उद्देश्य लैंगिक समानता के लिए संघर्ष और बाधाओं को दूर करना है और वैश्विक स्तर पर सभी महिलाओं के लिए सशक्तिकरण हासिल करना है।




राज्यभर से राजधानी के मोरहाबादी मैदान में जुटी महिलाओं ने इसके लिए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन व पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया।

## अवसरों तक पहुंच सुनिश्चित करना चुनौती

महिलाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल विकास के अवसरों तक पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता है, जो उनके व्यक्तिगत विकास और आर्थिक स्वतंत्रता के लिए महत्वपूर्ण है। छात्रवृत्ति और शैक्षिक अनुदान लड़कियों और युवा महिलाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहायक होते हैं, और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के लिए आवश्यक कौशल से लैस करते हैं। महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण में निवेश से न केवल उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है, बल्कि सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य सेवा जैसे व्यापक सामाजिक लाभ भी होते हैं। भारत को विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को समान स्वास्थ्य देखभाल पहुंच प्रदान करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ क्षेत्रों में मातृ मृत्यु दर ऊंची बनी हुई है, जो मातृ स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में असमानता को दशार्ती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जैसी पहल मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देती है, जिसका लक्ष्य महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार करना है।

## नेतृत्व की भूमिका में बढ़े प्रतिनिधित्व

महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाना और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाना सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन लाने के लिए महत्वपूर्ण है। मेंटरशिप और नेतृत्व विकास कार्यक्रम जैसे उपाय जो महिलाओं को आत्मविश्वास, कौशल और नेटवर्क बनाने में मदद करते हैं, नेतृत्व की स्थिति के लिए आवश्यक हैं। सरकार, कॉर्पोरेट बोर्डों और अन्य नेतृत्व भूमिकाओं में महिलाओं का अधिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए कोटा प्रणाली या सकारात्मक कार्रवाई नीतियों को लागू करने की आवश्यकता है। कुल मिलाकर, विश्व स्तर पर महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं में प्रगति हुई है, लेकिन महत्वपूर्ण चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति में तेजी लाने और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महिला सशक्तिकरण में निवेश आवश्यक है।

### महिला दिवस 2024 की थीम

इस साल 2024 में महिला दिवस की थीम 'इंस्पायर इंक्लूजन' है, जिसका अर्थ होता है एक ऐसी दुनिया, जहां हर किसी को बराबर का हक और सम्मान मिले।

## महिलाओं में करें निवेश

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024 का विषय है महिलाओं में निवेश करें। प्रगति में तेजी लाएं। इस विचार का सार है कि महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक अवसरों में निवेश करना लैंगिक समानता और समाज की समग्र उन्नति के मार्ग में प्रगति में तेजी लाने के लिए महत्वपूर्ण है। विश्व में कई संकटों का सामना कर रहे हैं, जो समुदायों पर भारी दबाव डाल रहे हैं। इस संदर्भ में, लैंगिक समानता हासिल करना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को सुनिश्चित करना एक स्वस्थ और न्यायसंगत अर्थव्यवस्था और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित ग्रह की बुनियाद है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में निवेश में उन्हें वित्तीय संसाधनों, उद्यमिता के अवसरों और कौशल प्रशिक्षण तक पहुंच प्रदान करना महत्वपूर्ण है।



**सरिता मुर्मू**
असिस्टेंट प्रोफेसर
ब्रेनवेयर यूनिवर्सिटी, बारासात-कोलकाता

## महिला दिवस : रोचक तथ्य



- पहली बार महिला दिवस 28 फरवरी 1909 को संयुक्त राज्य अमेरिका में उन 15,000 महिलाओं की याद में मनाया गया था, जिन्होंने कठोर कामकाजी परिस्थितियों, अधिक काम के घंटों और कम वेतन के खिलाफ न्यूयॉर्क में विरोध प्रदर्शन किया था।
- महिला अधिकारों की समर्थक और एक्टिविस्ट क्लारा जेटकिन सबसे पहले महिला दिवस को दुनिया भर में छुट्टी के रूप में मनाने का विचार लेकर आई थीं।
- महिला दिवस के मौके पर कुछ लोग बैंगनी, हरे और सफेद रंग के कपड़े पहनते हैं। बैंगनी रंग सम्मान और न्याय का प्रतीक है, हरा रंग आशावाद का और सफेद रंग पवित्रता का प्रतीक है। सोशल एंड पॉलिटिकल यूनियन ने 1908 में इन रंगों की अवधारणा बनाई थी।
- रूस सहित कई देशों में महिला दिवस को नेशनल हॉलीडे के रूप में मनाया जाता है। चीन में बहुत सी महिलाओं को 8 मार्च को आधे दिन की छुट्टी मिलती है।
- भारतीय संविधान में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को भी बराबर मौलिक अधिकार हैं। इसमें शिक्षा का अधिकार, स्वास्थ्य सेवा का अधिकार, काम करने का अधिकार, राजनीति में भाग लेने का अधिकार और सम्मान के साथ जीने का अधिकार शामिल हैं।
- सर्बिया, अल्बानिया, उज्बेकिस्तान और मैसेडोनिया जैसे कुछ देशों में, मां के रूप में महिलाओं के महत्व को दशार्ने के लिए महिला दिवस को मातृ दिवस के साथ जोड़ा गया है।
- संयुक्त राज्य अमेरिका में मार्च को महिला इतिहास माह के रूप में भी मनाया जाता है।
- 2023 तक केवल 65% महिलाएं इंटरनेट का उपयोग करती हैं, जबकि 70% पुरुष इंटरनेट का उपयोग करते हैं।
- 51 देशों के एक रिसर्च से पता चलता है कि 38% महिलाओं ने व्यक्तिगत रूप से ऑनलाइन हिंसा का अनुभव किया था।
- विश्व आर्थिक मंच की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2050 तक 75% नौकरियां एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) क्षेत्रों से संबंधित होंगी। फिर भी आज, कृत्रिम बुद्धिमत्ता में केवल 22% पदों पर महिलाएं काबिज हैं।
- महिला दिवस का दूसरा नाम महिला अधिकारों और अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए संयुक्त राष्ट्र दिवस है।
- 1975 में, संयुक्त राष्ट्र ने आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को अपनाया, और उन्होंने इस वर्ष को अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष भी घोषित किया।



"चाइल्ड केयर लीव का निर्णय महिला कर्मचारियों के लिए महिला दिवस का तोहफा है। इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद।
**नीलू कुमारी, हजारीबाग**



"सरकार द्वारा दिया गया यह अवकाश एक बेहद जरूरी कदम है। सीएम ने संवेदनशीलता दिखाई इसके लिए धन्यवाद।
**अख्तरी खातून**



"730 दिनों के शिशु देखभाल अवकाश से महिलाओं को अपनी जिम्मेदारी निभाने में सुविधा होगी।
**विनिता झा, धनबाद**

## 'स्व' से साक्षात्कार का दिन



नारी आदिशक्ति रूपा है तो ममता से भरा उसका दिल सहनशक्ति से भरा है। धरती सबका भार वहन करती है ठीक उसी तरह नारी को भी शक्ति स्वरुपा माना गया है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस वास्तव में महिला के 'स्व' से साक्षात्कार का दिन है। समय की थपेड़ों ने महिलाओं में जागरूकता लाई...पर हम सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक विकास में कहीं ना कहीं पीछे छूट रहे हैं, टूट रहे हैं के एहसास ने नारी की सृजनात्मकता को नई दिशा दी। इससे नारी अभिव्यक्ति को नया आयाम मिला। सरकार ने उन्हें कई अधिकार तो दिए हैं पर इसका कितना सही उपयोग हो रहा है...यह एक महती सवाल है। वह कहीं कानूनी दांव पेंच में उलझी है तो कहीं पुरुषों के शोषण का शिकार है। जब तक न्याय नहीं तो अधिकार कहां?

झारखंड एक ऐसा राज्य है जहां की मिट्टी की सोंधी खुशबू एक मिशाल है। कुछ लोग नारी के प्रति अपनी असंवेदनशीलता से इस माटी पर बदनुमा दाग लगा रहे हैं। हाल में ही स्पेन की विदेशी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटना ने सारे जहां को हिला कर रख दिया। इससे देश की अतिथि देवो भवः यानी अतिथियों को देवतुल्य मानने की परंपरा शर्मशार हुई। महिला सम्मान के लिए आवश्यक है लड़कों की शिक्षा को संस्कार युक्त बनाया जाए। कानून भी ऐसे दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करे। त्वरीत न्याय और फांसी की सजा ऐसी घटनाओं को रोकने में कारगर हो सकती है।

**सीमा गांगुली** (वरिष्ठ पत्रकार)

## महिला कानून में और सुधार की जरूरत



जोहार...सभी महिलाओं को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं । आज महिलाओं के साथ क्या हो रहा ये किसी से छुपा नहीं है आये दिन दुष्कर्म, उत्पीड़न,छेड़-छाड़ जैसी घटनाएं आम बात हो गई हैं... इन बातों से मनचले लोगों को कोई फर्क नहीं पड़ता ...क्योंकि हमारा कानून लचीला है ......और हम सभी महिलाएं इन घटनाओं को सुनने-सहने के आदि हो गए हैं। कानून मे थोड़ा सुधार आया है लेकिन और थोड़ा सुधार करने की जरूरत है। महिलाओं को थाना में मुकदमा कराने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता उनके साथ महिला ही पूछताछ करें तो बेहतर हो। महिलाओं और लड़कियों को निर्भीक होकर जिंदगी जीने के लिए एक अच्छे माहौल का होना जरूरी है और महिला अपनी जिंदगी निर्भीक हो कर जिये। महिलाएं अपनी रक्षा खुद करना सीखें। बेटियों को जुड़ो कराटे सिखायें, सिर्फ सिलाई, डांस, खाना बनाने में न लगाएं।

**सुनीता सिंह** (सचिव लाली फाऊंडेशन)

## नारी तुम स्वयं ही संपूर्ण हो



प्रत्येक वर्ष एक ऐसा दिन आता है जब विभिन्न देश, भाषा, संस्कृति और सीमा से परे विश्व भर की महिलाएं एक महसूस करती हैं। आज के बदलते परिवेश में समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एक सकारात्मक सोच और बदलाव की तरफ संकेत करती है। आज के दौर में जब हम महिलाओं की समानता, सशक्तिकरण और सम्मान की बात करते हैं तो यह महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत किए बिना संभव नहीं है। शिक्षित और नौकरी पेशा होना, आर्थिक रूप से सशक्त होना महिलाओं को समानता की ओर अग्रसर करती है। जो महिलाएं नौकरी नहीं करती हैं, उन्हें भी घर पर कोई रोजगार की कोशिश करनी चाहिए और फाइनेंशियल प्लानिंग करनी चाहिए ताकि वह पूर्णतः किसी पर निर्भर ना रहें। उन्हें जीवन बीमा, म्युचुअल फंड, डाकघर की योजनाओं आदि में निवेश करके अपनी आर्थिक स्थिति को सुनियोजित करना चाहिए। निसंदेह महिलाओं की स्थिति में बदलाव आए हैं परंतु गंतव्य अभी भी दूर है। महिलाओं को यह समझना जरूरी है कि समाज, सरकार और पुरुष वर्ग से उम्मीद लगा कर बैठने की बजाय वह एक दूसरे की साथी, सहयोगी और सीढ़ी बने ताकि एक समय ऐसा आए कि हमें महिलाओं की समानता जताने के लिए एक विशेष दिन की आवश्यकता न हो। अतः आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें और जीवन के हर क्षेत्र में अग्रसर हों।

**अचला चौहान** (बुटीक सुमित्रा ग्लाम)

# राज्यों से

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस के घोषणा पत्र में आर्थिक और न्याय पर रहेगा जोर : शशि थरूर

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस अपना घोषणा पत्र जल्द ही जारी कर सकती है। इसके लिए तैयारी शुरू हो चुकी है। घोषणा पत्र का मसौदा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंपा जा चुका है। घोषणा पत्र को अंतिम रूप देने के लिए कार्यसमिति में भेजा जाना भी तय माना जा रहा है। कांग्रेस के घोषणा पत्र के लिए तैयार मसौदे में आर्थिक कल्याण और न्याय को प्रमुखता से रखा गया है। सांसद शशि थरूर ने इसके संकेत भी दिए हैं।गुरुवार को मीडिया से बातचीत में कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर ने कहा कि गंभीर और गहन बैठकों के बाद घोषणा पत्र का मसौदा तैयार किया गया है।

### भाजपा में शामिल हुए जस्टिस गांगुली

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस अभिजीत गांगुली गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में उन्होंने कहा कि वह राज्य सरकार और तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ेंगे।उन्होंने पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और अन्य नेताओं की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ली है। अपने इस्तीफे के बाद जब पत्रकारों ने पूर्व जज से सवाल पूछा था कि आप किस सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, तो उन्होंने किसी भी सीट का नाम नहीं लिया था। भाजपा सूत्रों ने बताया है कि जस्टिस गांगुली पश्चिम बंगाल के तमलुक संसदीय सीट से चुनाव लड़ सकते हैं।

### रेलवे इंस्टीट्यूट के प्रिंसिपल सहित दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को रिश्वतखोरी के एक मामले में गुरुवार को सेंट्रल रेलवे के भुसावल स्थित जोनल रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (जेडआरटीआई) के प्रिंसिपल और कार्यालय अधीक्षक को गिरफ्तार किया है। इसमें प्रिंसिपल सुरेंद्र चंद्र जैन और कार्यालय अधीक्षक योगेश ए देशमुख का नाम शामिल है।सीबीआई के मुताबिक 18 मई 23 से 17 मई 25 की अवधि के लिए रेलवे को वाहन उपलब्ध कराने के लिए वन स्टॉप गवर्नमेंट ई-मार्किट प्लेस (जेईएम) के माध्यम से एक अनुबंध प्राप्त हुआ था। अनुबंध के तहत वाहनों में से एक को कथित तौर पर प्रिंसिपल के लिए तैनात किया गया था।

## किसान आंदोलन पर पंजाब और हरियाणा सरकारों को लगी फटकार

- किसान शुभकरण की मौत की जांच हाई कोर्ट के सेवानिवृत जज की अगुवाई में होगी
- आंदोलन की तस्वीरें देखकर कोर्ट ने कहा, हाथों में तलवार लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कैसे

**एजेंसी। चंडीगढ़।**
हाई कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान पंजाब एवं हरियाणा सरकारों को फटकार लगाते हुए कहा कि इस पूरे मामले में दोनों ही राज्य अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से निभाने में नाकाम रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि किसान शुभकरण की मौत की जांच हाई कोर्ट के सेवानिवृत जज की अगुवाई में होगी और 3 सदस्यीय समिति बनाई जाएगी। पंजाब एवं हरियाणा में चल रहे किसान आंदोलन को लेकर चंडीगढ़ में हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने इस मामले में वकीलों को फटकार लगाई और तस्वीरें देखकर किसानों पर बिफर गए। सुनवाई के दौरान उस समय कोर्ट के तेवर कड़े हो गए जब हरियाणा सरकार ने हाई कोर्ट को प्रोटेस्ट करते हुए कई फोटो दिखाई। कोर्ट ने शुभकरण की मौत की जांच को लेकर भी अहम आदेश दिया। इस दौरान हाई कोर्ट ने तल्ख होते हुए कहा कि हाथों में तलवार लेकर शांतिपूर्वक प्रोटेस्ट कौन करता है।

हाई कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान पंजाब एवं हरियाणा सरकारों को फटकार लगाई और कहा कि इस पूरे मामले में दोनों ही राज्य अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से निभाने में नाकाम रहे हैं। सुनवाई के दौरान फोटो देख कर हाई कोर्ट ने किसान आंदोलनकारियों पर बड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि बड़े शर्म की बात है आप लोग बच्चों को आगे कर रहे हैं, आप लोगों को यहां खड़े होने तक का अधिकार नहीं है। हाई कोर्ट ने प्रदर्शनकारियों को कहा कि आप वहां कोई जंग करने जा रहे हैं? यह पंजाब का कल्चर नहीं है।

आपके नेताओं को गिरफ्तार करके चेन्नई भेजा जाना चाहिए। आप लोग निर्दोष लोगों को आगे कर रहे हो, काफी शर्मनाक है ये, कोर्ट ने बार-बार इसे शर्मनाक बताया।

## सीबीआई ने शेख शाहजहां के खिलाफ कोर्ट में सबमिट की दो एफआईआर



**कोलकाता।**
सीबीआई ने 5 जनवरी को संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ पर हुए हमले के संबंध में पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट सब-डिविजनल कोर्ट में शेख शाहजहां के खिलाफ दो एफआईआर सबमिट की है।

हाई-ड्रामे के बाद आखिरकार सीबीआई अधिकारियों को बुधवार शाम को पश्चिम बंगाल सीआईडी से शेख शाहजहां की हिरासत मिल गई। सूत्रों का कहना है कि जिला अदालत में तुरंत एफआईआर जमा करना यह दशार्ता है कि सीबीआई अधिकारी एक भी दिन बर्बाद किए बिना मामले की जांच में तेजी से काम करना चाहते हैं। सीबीआई ने ईडी और सीएपीएफ अधिकारियों पर हमले के दो मामलों में तीन एफआईआर दर्ज की हैं। जिनमें से दो शेख शाहजहां के खिलाफ हैं। तीसरी एफआईआर बनगांव के एक अन्य टीएमसी ने नेता शंकर आध्या के खिलाफ है। शंकर पहले से ही राशन वितरण मामले में जेल में हैं।

## कांग्रेस ने अंबेडकर को हमेशा रखा उपेक्षित : जेपी नड्डा



**एजेंसी। आगरा।**
भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान की रचना करने वाले बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की उपेक्षा की गई, उनको दरकिनार रखा गया, उनके योगदान को कम आंका गया। जेपी नड्डा गुरुवार को आगरा जिले में अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आयोजित 'अनुसूचित जाति महासम्मेलन' और 5,198 करोड़ की 124 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में हमारे दलित भाइयों को, अनुसूचित जाति के भाइयों को कभी भी मानवता और इंसानियत की दृष्टि से नहीं देखा। जब उन्होंने देखा तो वोटबैंक की राजनीति को ध्यान में रखकर देखा। इनकी सरकार में संविधान की रचना करने वाले बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की उपेक्षा की गई, उनको दरकिनार रखा गया, उनके योगदान को कम आंका गया। यही कांग्रेस का चरित्र है, यही इनका इतिहास है।

## कांग्रेस की विदाई हो चुकी, राहुल हताश और निराश : अनुराग




**एजेंसी। वाराणसी।**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से गुरुवार को केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, खेल और युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर तंज कसते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि उनकी न्याय यात्रा की हवा निकल गयी है। अब हालत यह है कि राहुल गांधी की गाड़ी के आगे भी कोई नजर नहीं आ रहा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि नेहरू गांधी परिवार की चार-चार पीढ़ियों को जनता का समर्थन मिला। अब उन्हें कोई पूछने नहीं आता। इससे साफ हो गया है कि कांग्रेस की अब विदाई हो चुकी है। दो दिवसीय दौरे पर शहर में आए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर यहां पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने राहुल गांधी को हताश और निराश बता कर चुटकी लेते हुए कहा कि ऐसा व्यक्ति अब क्या कर सकता है। राहुल गांधी ने वायनाड जाकर उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए ऐसी बातें कही, जिससे हमें भी बहुत दुख हुआ।

# धोनी के हस्ताक्षरित शर्ट आज भी मेरे घर में है : गावस्कर

**एजेंसी। नई दिल्ली।** भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के प्रति अपनी प्रशंसा साझा की और पिछले साल के आईपीएल के दौरान प्रतिष्ठित क्रिकेटर द्वारा हस्ताक्षरित शर्ट के मालिक होने पर गर्व व्यक्त किया। धोनी के प्रति अपने पुराने प्रशंसक रूप को दर्शाते हुए गावस्कर ने एमएसडी से मिलने और हस्ताक्षरित स्मृति चिन्ह को एक बेशकीमती संपत्ति के रूप में संजोने के यादगार अनुभव को याद किया। गावस्कर ने कहा कि वह हमेशा धोनी के प्रशंसक रहे हैं और मैदान पर और बाहर उनके खेलने की शैली, उनके रवैये और व्यवहार की प्रशंसा करते हैं।

गावस्कर ने आईपीएल 2024 से पहले स्टार स्पोर्ट्स #आईपीएलऑनस्टार इवेंट में कहा जब मैंने एमएसडी को पहली बार खेलते देखा, तब से मैं उनका प्रशंसक हूं। और एक प्रशंसक क्या चाहता है? प्रशंसक अपने नायक से मिलना चाहता है और उसके साथ बातचीत करना चाहता है, उसका ऑटोग्राफ लेने की कोशिश करना चाहता है, एक तस्वीर भी लेना चाहता है। कुल मिलाकर टीम स्टेडियम (चेपॉक) के चारों ओर चक्कर लगा रही थी क्योंकि उन्हें नॉकआउट मैचों के लिए कहीं और जाना था, इसलिए मैंने सोचा कि यह उनका ऑटोग्राफ लेने का अच्छा समय है क्योंकि मैं उनकी बहुत प्रशंसा करता हूं। मैं उनके क्रिकेट, उनके रवैये, उनके व्यवहार की प्रशंसा करता हूं। मैदान के अंदर और बाहर धोनी के अनुकरणीय आचरण पर प्रकाश डालते हुए गावस्कर ने खेल में रोल मॉडल के महत्व पर जोर दिया और धोनी की शालीनता और ईमानदारी की सराहना की और खुलासा किया कि वह अभी भी गर्व से एक शर्ट रखते हैं जिस पर आईपीएल 2023 के दौरान सीएसके कप्तान द्वारा हस्ताक्षर किया गया था।



गावस्कर ने कहा जब आप एक रोल मॉडल होते हैं तो आपके ऊपर सभी के साथ अच्छा व्यवहार करने की जिम्मेदारी होती है और जिस तरह से वह खुद को शालीनता के साथ संचालित करते हैं, उसने मुझे उनके पास जाने के लिए प्रेरित किया। और उनसे अनुरोध किया और मुझे बहुत खुशी है कि वह मेरी शर्ट पर हस्ताक्षर करने के लिए सहमत हुए। वह शर्ट अभी भी गर्व से मेरे घर में रखी हुई है। इसके अलावा गावस्कर जो वर्तमान में पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए धर्मशाला में कमेंटरी कर रहे हैं, जश्न मनाने के मूड में हैं क्योंकि आज ही के दिन यानी 7 मार्च 1987 को लिटिल मास्टर 10000 टेस्ट रन पूरे करने वाले पहले क्रिकेटर बने थे।

कमेंट्री बॉक्स में उन्होंने केक काटकर उस विशेष क्षण का जश्न मनाया जिसे बीसीसीआई ने एक्स पर साझा किया। जिसमें गावस्कर ने कहा इस दिन को याद रखने के लिए मैं बीसीसीआई का शुक्रगुजार हूं... 10,000 का आंकड़ा छूना। जाहिर है, जब मैं कॉम बॉक्स पर आया तो सांख्यिकी वाले ने मुझे बताया कि यही वह दिन था जब मैंने टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला अर्धशतक बनाया था। इसे याद रखने और मुझे अद्भुत, स्वादिष्ट केक के साथ सम्मानित करने के लिए बीसीसीआई का बहुत-बहुत धन्यवाद।

आज आर अश्विन का 100वां टेस्ट मैच है, वह सिर्फ मेरे या अश्विन के लिए ही नहीं बल्कि भारतीय क्रिकेट के लिए भी बहुत खास दिन है। मुझे उम्मीद है कि हम इस टेस्ट मैच को एक और जीत के साथ समाप्त करेंगे। कुल मिलाकर इस महान क्रिकेटर ने 125 टेस्ट मैचों में नाबाद 256 रन के उच्चतम स्कोर के साथ 10122 रन बनाए हैं। उनके नाम 34 शतक और 45 अर्द्धशतक हैं।

## 100 टेस्ट खेलने वाले भारत के 14वें खिलाड़ी बने अश्विन



**एजेंसी। धर्मशाला।** भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपने करियर में एक और उपलब्धि हासिल की। वह 100 टेस्ट खेलने वाले भारत के 14वें खिलाड़ी बन गए हैं। गुरुवार को धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में मैदान पर उतरने के साथ ही अश्विन ने यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। इस मौके पर भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अश्विन को एक विशेष स्मृति चिन्ह भेंट की।

राजकोट में तीसरे टेस्ट के दौरान अश्विन अनिल कुंबले के बाद 500 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए। साथ ही वो मुथैया मुरलीधरन, शेन वॉर्न, जेम्स एंडरसन, स्टुअर्ट ब्रॉड, कुंबले, ग्लेन मैकग्रा, कर्टनी वॉल्श जैसे गेंदबाजों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए। वह मुरलीधरन के बाद 100 से कम टेस्ट मैचों में 500 विकेट हासिल करने वाले दूसरे गेंदबाज भी बने।

अश्विन ने रांची टेस्ट में टेस्ट क्रिकेट में अपना 35वां पांच विकेट लेने का कारनामा किया और टेस्ट क्रिकेट में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक पांच विकेट लेने के कुंबले के रिकॉर्ड की बराबरी की। भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम 200 टेस्ट मैचों के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रारूप में सर्वाधिक मैचों का रिकॉर्ड है।

### धर्मशाला टेस्ट के पहले दिन चला स्पिन का जादू

## इंग्लैंड की पहली पारी 218 पर सिमटी

**एजेंसी। धर्मशाला।** धर्मशाला टेस्ट का पहला दिन भारतीय स्पिन गेंदबाजों के नाम रहा। भारतीय स्पिन अटैक के आगे इंग्लैंड की पहली पारी 218 रनों पर ही सिमट गई। चायकाल के कुछ देर बाद ही रवि चंद्रन अश्विन ने दो विकेट झटके। भारत की ओर से स्पिनर कुलदीप यादव ने पंजा खोला। वहीं अपना 100वां टेस्ट खेल रहे आर अश्विन ने चार विकेट लिए। रविंद्र जडेजा को एक विकेट मिला।

टेस्ट सीरीज के पहले दिन भारतीय स्पिन गेंदबाजों के आगे इंग्लैंड के बल्लेबाज पूरी तरह से घुटने टेकते नजर आए। ओपनर जैक ने सबसे अधिक 79 रन बनाए। इसके अलावा बेन डुकेट ने 27, जॉनी बैरेस्टो ने 29, जो रुट ने 26 तथा बेन फॉक्स ने 24 रनों के योगदान दिया। इसके अलावा इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स शून्य पर आउट हो गए। जबकि अन्य बल्लेबाज कुछ खास नही कर पाए। भारत की ओर से तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को एक भी विकेट नही मिल पाया।




धर्मशाला में भारतीय स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव ने पंजा खोला है। कुलदीप ने धर्मशाला टेस्ट में शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट अपने नाम किए हैं। उन्होंने इंग्लैंड की बल्लेबाजी की कमर तोड़ डाली और दोनों ओपनर जैक क्राउली, बेन डुकेट सहित ओली पोप, जॉनी बैरेस्टो और कप्तान बेन स्टॉक्स को पवेलियन भेजा। इसके अलावा अपना 100 वां टेस्ट खेल रहे स्पिनर रवि चंद्रन अश्विन ने चार जबकि रविन्द्र जडेजा ने एक विकेट लिया।

### कुलदीप ने पूरे किये 50 टेस्ट विकेट

धर्मशाला टेस्ट के पहले दिन बल्लेबाजों और गेंदबाजों के नाम रिकॉर्ड बजी देखने को मिले। इस टेस्ट मैच की पहली पारी में इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बैरेस्टो ने अपने टेस्ट कैरियर के छह हजार रन पूरे किए। हालांकि उसके बाद वह 29 रनों के स्कोर में कुलदीप यादव के शिकार बन गए। वहीं कुलदीप यादव ने धर्मशाला में अपने टेस्ट कैरियर के 50 विकेट पूरे किए। उन्होंने


इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बैरेस्टो को 29 रनों के स्कोर पर आउट कर अपना 50वां विकेट लिया।

## सतीश पाहन एवं सुमित्रा उरांव कृषि महाविद्यालय के सर्वोत्तम एथलीट घोषित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** रांची कृषि महाविद्यालय के दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में लड़कों के वर्ग में सतीश पाहन तथा लड़कियों के वर्ग में सुमित्रा उरांव ने बेस्ट एथलीट का खिताब प्राप्त किया। सतीश पाहन ने 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद में गोल्ड मेडल प्राप्त करते हुए कुल पांच प्रदक प्राप्त किए। उन्होंने रिले रेस (100गुणा4) तथा मिश्रित रिले रेस में भी उत्तम प्रदर्शन किया।

सुमित्रा उरांव ने लंबी कूद, ऊंची कूद तथा 800 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था।

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे ने गुब्बारा उड़कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद, योग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए हर आवश्यक सुविधा प्रदान की जाएगी।

समारोह के मुख्य अतिथि बीएयू के स्नातकोत्तर संकाय के अवकाशप्राप्त डीन डॉ जीएस दुबे ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया और कहा कि व्यक्तित्व के संतुलित विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी भाग लेना आवश्यक है।

कृषि संकाय के डीन डॉ डीके शाही, डीएसडब्ल्यू डॉ बीके अग्रवाल, डॉ नीरज कुमार तथा डॉ मिंटू जॉब ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। संचालन डॉ अरुण कुमार तिवारी ने किया।

## झारखंड की संतोषी खेलो इंडिया योगासन वीमेन लीग में टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में चयनित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** स्कूल ऑफ योग, रांची विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका संतोषी कुमारी का चयन नेशनल अस्मिता खेलो इंडिया योगासन वीमेन लीग में टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में किया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन केंद्र सरकार के योगासन भारत के तत्वावधान में 8 से 10 मार्च तक श्रीमद् दयानन्द कन्या गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा, अमरोहा, उत्तर प्रदेश में किया जा रहा है। बता दें कि संतोषी कुमारी इससे पहले भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जज की भूमिका में रह चुकी हैं।


इस खेल का आयोजन महिला सशक्तिकरण के लिए



किया जा रहा है। इससे पहले भारत के सभी जोन में इसका आयोजन हो चुका है। पूर्वी जोन, पश्चिमी जोन, उत्तरी जोन एवं दक्षिणी जोन में जितनी भी महिला प्रतिभागी विजयी हुई हैं, वे राष्ट्रय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता की खास बात यह है कि इसमें प्रतिभागी महिलाएं तो होंगी ही, निर्णायक मंडल में भी केवल महिलाएं रहेंगी।

नेशनल अस्मिता खेलो इंडिया योगासन वीमेन लीग में झारखंड से कई महिला प्रतियोगी भाग ले रही हैं, जिसमें श्रेया, अनामिका राम, सन्ना, और किया शामिल हैं। झारखंड टीम की कोच पूजा नायक होंगी। सहायक स्टॉफ के रूप में बबलू महतो मैनेजर होंगे। इस उपलब्धि के लिए संतोषी कुमारी को योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष संजय सिंह, सेक्रेटरी जनरल विपिन पांडे, वाइस प्रेसिडेंट अंशु सरकार और संघ के सभी सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### इंडियन वेल्स ओपन से हटे राफेल नडाल



कैलिफोर्निया। स्पेनिश टेनिस के दिग्गज राफेल नडाल ने अपने पहले दौर के मैच की पूर्व संध्या पर चल रही इंडियन वेल्स ओपन प्रतियोगिता से यह कहते हुए नाम वापस ले लिया कि वह उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए तैयार नहीं हैं। नडाल चोट के कारण लगभग एक साल तक बाहर रहने के बाद इस जनवरी में ब्रिस्बेन में प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी की। एक बार फिर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वह ऑस्ट्रेलियन ओपन से चूक गए। लास वेगास में रविवार को एक प्रदर्शनी मैच में नडाल स्टार युवा कार्लोस अल्कराज से हार गए लेकिन अपने चौथे इंडियन वेल्स खिताब के लिए लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहे थे, लेकिन उन्होंने कनाडाई मिलोस राओनिक के खिलाफ अपने मैच से नाम वापस ले लिया।

## भारतीय कोच ने 35 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की

**एजेंसी। नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ दो मैचों (फीफा विश्व कप 2026 के राउंड 2 और एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब



2027 प्रारंभिक संयुक्त योग्यता) के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है। भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच 21 मार्च को सऊदी अरब में खेलेगी फिर 26 मार्च को दूसरा मैच गुवाहाटी में खेलेगी।

### चेतन देवराज मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट

## उषा मार्टिन एक विकेट से जीता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** चेतन देवराज मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन के आज का मैच बेहद ही संघर्षपूर्ण रहा पहला मैच उषा मार्टिन और सरला बिरला के बीच रहा। जिसमें उषा मार्टिन ने 1 विकेट से जीत हासिल की। सरला बिरला के साहिल ने 47 रन बनाये। उषा मार्टिन के सुजीत ने 3 विकेट लिए।

दूसरा मैच बीआईटी देवघर और पटना के बीच रहा। जो बीआईटी पटना ने 2 विकेट से जीत दर्ज किया। एक अन्य मुकाबले में बीआईटी लालपूर को मेसरा की टीम ने एकतरफा मुकाबले में 71 रन से हराया। मेसरा के सूर्या ने 34 रन अक्षत ने 30 रन बनाए। हरीश ने 3 विकेट प्राप्त किया । लालपूर के शुभम ने 28 रन और दीपक ने 18 रन बनाए। कल इस प्रतियोगिता का उद्घाटन बीआईटी मेसरा के कुलपति डॉ इंदनील मन्ना ने किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व रणजी खिलाड़ी सब्बीर हुसैन और सचिन प्रसाद थे। बीआईटी मेसरा के खेल प्रभारी डॉ महेंद्र कुमार, डॉ भास्कर कर्ण, डॉ संदीप नाथ शाहदेव, राम महल, मनोज कुमार, दुर्गा चरण मुख्य रूप से उपस्थित थे। टूर्नामेंट का फाइनल 10 मार्च को खेला जाएगा।

### आईसीसी ने मराइस इरास्मस को उनके शानदार करियर के लिए दी बधाई



**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मराइस इरास्मस को उनके उत्कृष्ट करियर के लिए बधाई दी है। दक्षिण अफ्रीका के इरास्मस का न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से शुरू हो रहा टेस्ट आखिरी मैच होगा। इस मैच के बाद वह एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के अंपायरों से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इरास्मस, जिन्होंने 2016, 2017 और 2021 में आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर के लिए डेविड शेफर्ड ट्रॉफी जीती, क्राइस्टचर्च में अपने 82वें और आखिरी पुरुष टेस्ट मैच में खड़े होंगे।

## लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के उद्घाटन समारोह में जलवे बिखेरेंगे बॉलीवुड सितारे

**एजेंसी। नई दिल्ली।** क्रिकेट जगत श्रीलंका में आयोजित होने वाले लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के चमकदार उद्घाटन समारोह का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। क्रिकेट की उत्कृष्टता और मनोरंजन के एक अनूठे उत्सव होने का वादा करते हुए इस कार्यक्रम में न केवल दिग्गज क्रिकेटर मैदान की शोभा बढ़ाएंगे बल्कि मनोरंजन उद्योग के प्रसिद्ध सितारों द्वारा शानदार प्रदर्शन भी किया जाएगा। संजय दत्त, बादशाह, इमरान हाशमी और जैकलीन फर्नांडीज जैसे दिग्गज कलाकार अपने शानदार प्रदर्शन से इस कार्यक्रम को रोशन करेंगे।

11 दिनों तक चलने वाले एक्शन से भरपूर टूर्नामेंट में क्रिस गेल, युवराज सिंह और हरभजन सिंह सहित पुराने जमाने के कुछ




सबसे बड़े क्रिकेट सितारे भी शामिल होंगे। यह आयोजन नए 90-गेंद प्रारूप में खेला जाएगा।

शुक्रवार को होने वाले उद्घाटन समारोह से पहले लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के निदेशक शावेन शर्मा ने एक आधिकारिक बयान में कहा तथ्य यह है कि उद्घाटन समारोह के लिए इतने सारे सितारे श्रीलंका में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। यह दर्शाता है कि पिछले कुछ वर्षों में लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी ने कितनी लोकप्रियता हासिल की है। हम टूर्नामेंट की शुरूआत के लिए बहुत उत्साहित हैं। कैंडी के प्रतिष्ठित पल्लाकेले स्टेडियम में आयोजित 90 ओवर के इस टूर्नामेंट में टीमें पांच गेंदबाजों के साथ उतरेंगी। जिनमें से प्रत्येक को तीन ओवर दिए जाएंगे।

लीजेंड क्रिकेट ट्रॉफी का पहला सीजन पिछले साल 22 से 30 मार्च तक 20 ओवर के प्रारूप में भारत के गाजियाबाद में आयोजित किया गया था। फाइनल बारिश की भेंट चढ़ने के बाद इंदौर नाइट्स और गुवाहाटी एवेंजर्स को उद्घाटन सत्र का संयुक्त विजेता घोषित किया गया। टूर्नामेंट का पहला मैच 8 मार्च को भारतीय समयानुसार शाम 7:00 बजे शुरू होगा।

## खबरें व्यापार जगत की

### आरबीआई और बैंक इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्रा को बढ़ावा देने के लिए किया समझौता




**एजेंसी। मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और बैंक इंडोनेशिया ने द्विपक्षीय व्यापार में स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे निर्यातकों और आयातकों को संबंधित घरेलू मुद्राओं में बिल और भुगतान करने में सहूलियत होगी।

रिजर्व बैंक ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि आरबीआई और बैंक इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। आरबीआई के मुताबिक इस समझौता ज्ञापन पर रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास और बैंक इंडोनेशिया के गवर्नर पेरी वारजियो ने हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत सीमा पार लेन-देन के लिए भारतीय मुद्रा रुपया और इंडोनेशियाई रुपिया के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की व्यवस्था बनाई जाएगी। आरबीआई के मुताबिक इससे निर्यातकों और आयातकों को संबंधित घरेलू मुद्राओं में बिल और भुगतान करने में सुविधा मिलेगी। आरबीआई ने कहा कि स्थानीय मुद्राओं के उपयोग से लेनदेन की लागत और निपटान समय कम होगा। रिजर्व बैंक ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर का उद्देश्य द्विपक्षीय रूप से रुपया और रुपिया के उपयोग को बढ़ावा देना है।

रिजर्व बैंक ने कहा कि यह सहयोग आरबीआई और बीआई के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस द्विपक्षीय लेन-देन में स्थानीय मुद्राओं का उपयोग अंततः भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के साथ-साथ वित्तीय एकीकरण को और गहरा करने और भारत और इंडोनेशिया के बीच लंबे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में योगदान देगा।

### एनएचपीसी और कोचीन शिपयार्ड ने सरकार को दिया 1015 करोड़ रुपये का लाभांश

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कारपोरेशन (एनएचपीसी) लिमिटेड और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) से केंद्र सरकार को लाभांश किश्त के रूप में 1015 करोड़ रुपये मिले हैं। इसमें एनएचपीसी ने क्रमशः लगभग 948 करोड़ रुपये और कोचीन शिपयार्ड ने 67 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। वित्त मंत्रालय के निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग दीपम के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने गुरुवार को एक्स पोस्ट पर जारी बयान में यह जानकारी दी है। पांडेय ने बताया कि सरकार को एनएचपीसी लिमिटेड से लगभग 948 करोड़ रुपये और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड से करीब 67 करोड़ रुपये लाभांश किश्त के रूप में प्राप्त हुए हैं। उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड भारत का सबसे बड़ा जल विद्युत विकास संगठन है। इसमें जल विद्युत परियोजनाओं की अवधारणा से चालू होने तक सभी गतिविधियों को संचालित करने की क्षमता है। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड देश का सबसे बड़ा शिपयार्ड है। कोचीन शिपयार्ड, केरल के कोच्चि शहर में स्थित है, जो पोत प्रांगण, जहाज निर्माण, जहाज डिजाइनिंग, और जहाज की मरम्मत से जुड़ा हआ है।

### टाटा मोटर्स एक अप्रैल से वाणिज्यिक वाहनों के दाम में दो फीसदी का करेगी इजाफा




**नई दिल्ली।** देश में सबसे बड़ी वाहन निमार्ता कंपनी टाटा मोटर्स अप्रैल से अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में दो फीसदी तक का इजाफा करने की घोषणा की है। यह मूल्य वृद्धि एक अप्रैल 2024 से लागू होगी। कंपनी ने गुरुवार को जारी एक बयान में अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में दो फीसदी तक की बढ़ोतरी अप्रैल से करने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा है कि उत्पादन लागत में बढ़ोतरी के असर को कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है। कंपनी ने कहा कि यह मूल्य वृद्धि एक अप्रैल, 2024 से लागू होगी। टाटा समूह की यह कंपनी भारत में ट्रक एवं बस समेत कई तरह के वाणिज्यिक वाहनों का निर्माण करती है। उल्लेखनीय है कि टाटा मोटर्स भारत में व्यावसायिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी है। यह टाटा समूह की प्रमुख कंपनियों में से एक है। इसका पुराना नाम टेल्को था। इसकी उत्पादन इकाइयां भारत में जमशेदपुर, पुणे और लखनऊ सहित अन्य कई देशों में मौजूद हैं।

### शेयर बाजार ने लगातार दूसरे दिन बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार ने गुरुवार को एक बार फिर ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। हालांकि दिन के कारोबार के दौरान शेयर बाजार कुछ समय के लिए लाल निशान में भी गिरा। बाद में लिवाली का सपोर्ट मिलने के कारण बाजार ने ऑल टाइम हाई क्लोजिंग के नए रिकॉर्ड के साथ कारोबार का अंत किया। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.05 प्रतिशत और निफ्टी 0.09 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

### फ्लिपकार्ट की क्विक-कॉमर्स कोरोबार में कदम रखने की योजना




**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फ्लिपकार्ट क्विक-कॉमर्स कारोबार में प्रवेश करने की योजना बना रही है। जिसका उद्देश्य ग्राहकों को खरीददारी के तुरंत बाद ऑर्डर की डिलिवरी सुनिश्चित करना है। मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। टेकक्रंच ने सूत्रों के हवाले से बताया कि कंपनी का इरादा इस साल मई की शुरूआत में चुनिंदा स्थानों पर तत्काल-डिलीवरी सेवा शुरू करने का है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि चर्चा जारी है और समय सीमा में थोड़ा बदलाव हो सकता है। रिपोर्ट में फ्लिपकार्ट के प्रवक्ता के हवाले से कहा गया है। ई-कॉमर्स फर्म ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाएँ पूरी करने और मूल्य, चयन तथा गति में उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले महीनों में इस मोर्चे पर और अधिक पहल की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि फ्लिपकार्ट इन दिनों तत्काल-डिलीवरी फर्म डंजो के अधिग्रहण की भी संभावना तलाश रहा है। फ्लिपकार्ट ने इस महीने की शुरूआत में घोषणा की थी कि वह मेट्रो और गैर-मेट्रो शहरों में कई श्रेणियों में उत्पादों की एक ही दिन में डिलीवरी शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इस कदम से अहमदाबाद, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, कोयंबटूर, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, लुधियाना, मुंबई, नागपुर, पुणे, पटना, रायपुर, सिलीगुड़ी और विजयवाड़ा सहित कई शहरों में ग्राहक जुड़ेंगे। ई-कॉमर्स कंपनी ने अपने 50 करोड़ से अधिक ग्राहकों सहित सभी ग्राहकों के लिए अपनी डिजिटल भुगतान पेशकश को और बढ़ाने के लिए हाल ही में अपना यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) हैंडल भी लॉन्च किया है।

# शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाना प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** रांची स्थित धुर्वा के शहीद मैदान में नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटने के बाद सीएम चम्पाई सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और मजबूत करने का कार्य कर रही है। राज्य के भीतर संचालित सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर मॉडल स्कूल तथा उत्कृष्ट विद्यालयों के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है। राज्य के गरीब, मजदूर, किसान वर्ग के बच्चे भी अब क्वालिटी एजुकेशन प्राप्त कर सकें, इस निमित्त उनकी सरकार प्रतिबद्धता के साथ व्यवस्था में सुधार कर रही है। सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को उनकी सरकार निरंतर सहयोग कर रही है। स्कूली बच्चों की छात्रवृत्ति राशि में तीन गुना तक की वृद्धि की गई है। उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आवश्यकता अनुसार गुरुजी

### इन पदों पर हुई नियुक्ति

- स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 अंतर्गत बायोलॉजी के 253, केमिस्ट्री के 259, फिजिक्स के 313 एवं भूगोल के 195 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक।
- नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत 15 पाइप लाइन इंस्पेक्टर और 55 स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर।
- कृषि विभाग अंतर्गत 09 कनीय अभियंता।
- खान एवं भूतत्व विभाग अंतर्गत 34 खान निरीक्षक।
- विद्युत विभाग अंतर्गत 53 कनीय अभियंता।
- पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत 1,268 कनीय अभियंता (सिविल)।

### नौकरी पाने वाले युवाओं ने कहा

नौकरी पाने वालों में बिहार के युवक भी शामिल थे, बिहार के एक युवक नवीन कुमार ने कहा कि यह उसके लिए बेहद खुशी का पल है कि उसे झारखंड में नौकरी मिली, बिहार उनका जन्मभूमि होगा, लेकिन कर्मभूमि झारखंड ही होगा, और सरकार ने जो दायित्व सौंपा है, उसे वह बखूबी निभाने का प्रयास करेंगे।

इसी तरह रांची के स्थानीय युवक रोशन कुमार की जेई पद पर नियुक्ति हुई है, उसने कहा कि उसके लिए काफी सौभाग्य की बात है कि सीएम के हाथों उसे नियुक्ति पत्र मिला है। सरकार ने जो जिम्मेवारी दी है, उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे।

धनबाद की मुनमुन मंडल को शिक्षिका के पद पर नियुक्ति मिली है, उन्होंने कहा कि मैं अपना सबकुछ बच्चों का भविष्य संवारने में लगाउंगी। यह मेरे लिए बहुत बड़ा दिन है।

> **गठबंधन की सरकार बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसे सरकार धरातल पर उतार रही है। भाजपा सिर्फ जुमलाबाजी करती है, लेकिन गठबंधन सरकार वादे को पूरा करने में विश्वास रखती है।**
>
> **राकेश सिन्हा**
> **प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता**

> **गठबंधन सरकार ने 5 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन लोकसभा चुनाव को देखते हुए चार साल बाद युवाओं को नौकरी देने की बात याद आई। अब कुछ युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंप कर वादा निभाने का ढिंढोरा पीट रही है।**
>
> **प्रदीप सिन्हा, भाजपा नेता**

## मुख्यमंत्री जनता को बताएं खतियान आधारित नियोजन नीति का क्या हुआ : कुणाल षाडंगी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री द्वारा बांटे गए कुछ नियुक्ति पत्र पर बड़ा सवाल खड़ा किया। षाडंगी ने कहा कि झामुमो का स्थानीय नियोजन नीति, 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति का क्या हुआ? राज्य सरकार जनता को बताएं कि आखिर साढ़े चार वर्षों तक खतियान आधारित नियोजन नीति का छलावा बेरोजगारों को क्यों दिखाया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बताए कि आखिर ये नियुक्तियां किस नियोजन नीति के आधार पर किए गए हैं।

षाडंगी ने कहा कि आज जो नियुक्ति पत्र बांटे गए उस परीक्षा का संचालन भी उसी एजेंसी ने किया है जिसने विगत दिनों भ्रष्टाचार उजागर होने के कारण जेएससीसी की परीक्षाएं रद्द की गई है और बेरोजगारों द्वारा जिसके खिलाफ सीबीआई जांच और मुकदमा दर्ज करने की मांग की जा रही है। आखिर एक दागी एजेंसी का एक परीक्षा परिणाम सही और दूसरा गलत कैसे हो सकता। इस एजेंसी की तो सभी परीक्षाएं भ्रष्टाचार में लिप्त होंगी। उन्होंने कहा कि आज का नियुक्ति पत्र एक प्रकार से भ्रष्टाचार का पुलिंदा है, इसलिए उसकी भी जांच होनी चाहिए।

# राज्य के सभी बूथ बनेंगे आदर्श मतदान केंद्र : रवि

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ राज्यस्तरीय बैठक

**लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी**






**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित होने से बेहतर परिणाम सामने आएंगे। मतदाता मतदान केंद्र पर ज्यादा से ज्यादा पहुंचेंगे। इससे मतदान प्रतिशत बेहतर हो सकेगा। इसके लिए सभी को सकारात्मक सोच के साथ आपसी समन्वय से काम करने की आवश्यकता है। ये बातें झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। वे गुरुवार को लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत अबतक की गई तैयारियों को लेकर रांची के एक होटल में आयोजित राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में सभी ईमानदारी पूर्वक कर्तव्य निर्वहन करें। सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने-अपने जिले में चल रहे निर्वाचन से संबंधित कार्यों को ससमय पूर्ण करें। निर्वाचन के कार्य में किसी प्रकार की कोताही अक्षम्य है।

बैठक में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों ने अपने-अपने जिले में चल रहे निर्वाचन कार्यों से संबंधित अबतक की गई तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

आज की बैठक में प्रमंडलीय आयुक्त, आईजी, डीआईजी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी समेत निर्वाचन कार्य से जुड़े वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

समीक्षा के मौके पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय से अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, उप निदेशक जनसंपर्क आनंद, अवर सचिव देवदास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार भी उपस्थित थे।

### पुलिस पदाधिकारी विधि व्यवस्था रखें सख्त

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन कार्य के दौरान विधि व्यवस्था सख्त रखने का निर्देश सभी पुलिस पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने शराब एवं नकदी के अवैध आवागमन पर कड़ी निगरानी रखने और इसे सख्ती से रोक लगाने का निर्देश दिया। साथ ही, सोशल मीडिया पर फेक न्यूज एवं असामाजिक तत्वों द्वारा किए जा रहे भ्रामक पोस्ट पर निगरानी रखते हुए प्रावधान अनुरूप उस पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन से संबंधित तैयारियों की समीक्षा के क्रम में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्तों को संभावित गलतियों के बारे में बिंदुवार बताते हुए त्रुटिरहित कार्य संपादन करने की जानकारी दी।

### सभी बूथों पर समुचित व्यवस्था हो

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य के सभी मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्र (मॉडल बूथ) के रूप में तैयार किया जाना है। उन्होंने सभी बूथों पर दिव्यांग मतदाताओं, महिला एवं पर्दानशीं मतदाताओं, वरिष्ठ मतदाताओं की सहायता के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य गर्मी के मौसम में हो रहा है, ऐसे में सभी मतदान केंद्रों पर शेड एवं पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि मतदाताओं को कोई असुविधा नहीं हो। शहरी मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों के समीप ही पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चत की जाए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ द्वारा उनके मतदान केंद्रों पर की गई बेहतर व्यवस्था के लिए सम्मानित कर प्रेरित करने का निर्देश दिया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान दिवस के दिन सभी मतदाता वोट देकर इसे लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मनाएं। इसके लिए निर्वाचन कार्य से जुड़े लोग वोटरों के बीच संदेश प्रसारित एवं प्रचारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर ऐसी व्यवस्था व माहौल तैयार करें, ताकि लोग पर्व-त्यौहार की तरह मतदान केंद्रों पर पहुंचे और मतदान करें। मतदाताओं के बीच किसी तरह की कोई असमंजस की स्थिति नहीं आने दें। साथ ही, यह भी घ्यान रखें कि मतदान केंद्रों तक पहुंचने में मतदाताओं को किसी प्रकार की कोई कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े।

### तैयार हो रही विशेष कार्ययोजना : होमकर

नोडल पदाधिकारी, राज्य पुलिस एवी होमकर ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी जिलों में पुलिस पदाधिकारियों द्वारा की गई तैयारियों एवं कार्रवाई की भी समीक्षा की। विधि व्यवस्था संधारण तथा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में की जाने वाली कार्रवाई एवं अर्धसैनिक बल से कार्रवाई, सीमावर्ती राज्यों के साथ समन्वय, बॉर्डर चेक पोस्ट पर अबतक की गई कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि नकदी, नकली एवं अवैध शराब, नशीले एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्री की तस्करी एवं आवागमन पर पूर्ण रोक के लिए विशेष कार्य योजना तैयार की जा रही है। इसके लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों को निदेशित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में सभी पुलिस पदाधिकारियों को इस संबंध में निदेशित किया गया है। उन्होंने कहा कि पुराने वारंटी, अपराधियों एवं निर्वाचन कार्य को प्रभावित करनेवालों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की जा रही है।

## एम्स-दिल्ली में जनजातीय स्वास्थ्य के लिए भगवान बिरसा मुंडा पीठ की स्थापना



### अर्जुन मुंडा ने शुरू की जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने को अभिनव पहल

**आरएनएम। रांची/नई दिल्ली।** केंद्रीय जनजातीय कार्य एंव कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को नई दिल्ली में आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए नवीन परियोजनाओं/पहलों के शुभारंभ की अध्यक्षता की। जनजातीय कार्य मंत्रालय के साथ सहयोग करने वाले ज्ञान भागीदारों में भारत अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), भारतीय विज्ञान संस्थान (आई आईएससी) बेंगलुरु, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईएमएस) दिल्ली, भारतीय प्रबंधन संस्थान ( आईआईएम) कोलकाता, भारत प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली हैं।

इस अवसर पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि इसरो का काम दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को जोड़ना है, जबकि एम्स दिल्ली के माध्यम से बिरसा मुंडा चेयर पर काम किया जाएगा और चिकित्सा पर व्यापक आयाम पर इसका उद्देश्य है। उसी तरह, आईआईएससी और आईआईटी दिल्ली के पास आने वाले दिनों की चुनौतियों के संदर्भ में अच्छी सुविधाएं, शिक्षा, अनुसंधान और उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रम हैं। यह कार्यक्रम वस्तुनिष्ठ और लक्ष्य के साथ है, इसके अच्छे परिणाम मिलेंगे, इसकी हमें पूरी उम्मीद है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को पिछले 10 साल में जनजातीय समुदायों के सशक्तिकरण के लिए बड़े और निर्णायक फैसलों के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। मोदी जी का उद्देश्य भारत की जनजातीय आबादी के लिए एक स्थायी आजीविका स्थापित करना है। पीएम जनमन और विकसित भारत संकल्प यात्रा दोनों की शुरुआत झारखंड के खूंटी जिले में की गई, जो आदिवासी समुदाय के महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली है।

सरकार ने पीएम जनमन लांच किया है, जिसका उद्देश्य 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) का व्यापक विकास करना है। इसके लिए 24 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान है।

## झारखंड में सिमपोलो टाइल्स की पहली गैलरी का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** हरमू रोड के सिटी मॉल में खुली पूर्वी भारत की पहली सिमपोलो टाइल्स गैलरी का उद्घाटन कंपनी के प्रबंध निदेशक भरत अघहारा और कोलस्टोन के प्रबंध निदेशक अमित आहूजा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उससे पहले तुलस्यान परिवार के अग्रज विजय कुमार तुलस्यान और गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने शंख ध्वनि के बीच शुभ प्रवेश कराया।

कोहलर जैसी प्रतिष्ठित कंपनी केप्लेटिनम डीलर तुलस्यान डिस्ट्रीब्यूटर ने एक ही छत के नीचे अंतरराष्ट्रीय स्तर की टाइल्स और और सेनेटरी वेयर उत्पाद पेश किए हैं। तुलस्यान डिस्ट्रीब्यूटर के प्रबंध निदेशक आलोक तुलस्यान ने बताया कि व्यवसाय का विस्तार करते हुए मॉल के दूसरे और तीसरे तल्ले पर बने शोरूम में विश्व स्तरीय किचन और बाथरूम में इस्तेमाल होने वाले उत्पादों की श्रृंखला उपलब्ध कराई है। राजधानी में तुलस्यान डिस्ट्रीब्यूटर पिछले 25 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है। उद्घाटन के अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित लोगों अजय मारू, पूरणमल जैन, अरुण छावछारिया, नारायण जालान, रमेश धरणीधरका, वेद बागला, आलोक सरावगी समेत शहर के प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित थे। उद्घाटन की पूर्व संध्या पर इंटीरियर और आर्किटेक्ट्स का तकनिकी सेमिनार हुआ जिसमें उत्पादों पर विशेष चर्चा की गई।

# सजायाफ्ता आसाराम का विवादों से है पुराना नाता

## देश के बड़े-बड़े वकील भी नहीं दिला सके एक बार भी जमानत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** संत आसाराम बापू का विवादों से पुराना नाता रहा है। उन पर कई तरह के आरोप लग चुके हैं। लेकिन, फिर भी उनके समर्थक और भक्त उन्हें पाक-साफ मानते हैं और उनकी पूजा तक करते हैं। पिछले कई साल से आसाराम जेल में बंद हैं। उनके समर्थक और भक्त सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें रिहा करने की मांग करते रहते हैं और अक्सर प्रदर्शन भी करते हैं। ऐसा ही एक विरोध प्रदर्शन बुधवार को आसाराम के समर्थकों और भक्तों ने राजधानी रांची में किया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान आसाराम के भक्तों और समर्थकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। आसाराम के करोड़ों समर्थक और भक्त भले उन्हें भगवान मानते हो, लेकिन सच यह है कि आज की तारीख में वे दुनिया और कानून की नजर में नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में एक सजायाफ्ता मुजरिम हैं। इसमें वे पिछले 11 साल से अधिक समय से जेल में बंद हैं। न्यायालय का भी उनके खिलाफ इतना सख्त रवैया है कि आज तक एक बार फिर जमानत नहीं मिली है। यहां तक कि कोरोना काल में भी उन्हें जमानत नहीं दी गई। आसाराम के समर्थक और भक्त इसी बात से नाराज और आक्रोशित हैं।

### गंभीर आरोप हैं संत आसाराम पर

आसाराम बापू पर एक-दो नहीं, कई गंभीर आरोप हैं। सबसे गंभीर आरोप उत्तर प्रदेश की एक नाबालिग लड़की ने आसाराम पर लगाया था। पीड़िता ने जोधपुर के बाहरी इलाके में स्थित आसाराम के आश्रम में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इसके बाद उन्हें वर्ष 2013 में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उन्हें इंदौर से लाया गया और जोधपुर केंद्रीय कारागार में रखा गया, जहां आसाराम आज तक बंद हैं।

### कई लोगों पर जानलेवा हमले हुए

इतना ही नहीं, 28 फरवरी 2014 की सुबह आसाराम और उनके बेटे नारायण साईं पर बलात्कार का आरोप लगाने वाली सूरत निवासी दो बहनों में से एक के पति पर सूरत शहर में ही जानलेवा हमला हुआ। 15 दिन के भीतर ही अगला हमला राकेश पटेल नामक आसाराम के वीडियोग्राफर पर हुआ। दूसरे हमले के कुछ दिनों बाद ही दिनेश भगनानी नामक तीसरे गवाह पर सूरत के कपड़ा बाजार में तेजाब फेंका गया। यह तीनों गवाह खुद पर हुए इन जानलेवा हमलों के बाद भी बच गए।

### देश के बड़े और महंगे वकीलों का लिया सहारा

आसाराम ने खुद को बचाने के लिए देश के सबसे बड़े, महंगे और नामी वकीलों का सहारा लिया। लेकिन, वे एक बार फिर भी उन्हें ना तो जमानत दिला सके, और ना ही पेरोल दिला सके। इसके बावजूद उनके समर्थक और भक्त पाक-साफ मानते हैं, रांची के विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में दूसरे प्रदेशों से लोग आए थे, जो एक सजायाफ्ता मुजरिम आसाराम को रिहा करने की मांग कर रहे थे।

### कोर्ट का फैसला ही सर्वमान्य होगा

इस मामले में भाजपा प्रवक्ता प्रदीप सिंहा ने कहा कि आसाराम के भक्तों और समर्थकों के लिए यह आस्था का मामला है। वे मांग कर सकते हैं, लेकिन उन्हें भी समझना चाहिए कि यह पूरी तरह कोर्ट के अधीन है। इस पर सरकार कुछ नहीं कर सकती है, इस मामले में कोर्ट का फैसला सर्वमान्य होगा। दूसरा पक्ष पीड़िता से जुड़ा है, उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम से मिले वेदांता इलेक्ट्रोस्टील के सीईओ



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से गुरुवार को वेदांता इलेक्ट्रोस्टील के सीईओ आशीष कुमार गुप्ता ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर वेदांता इलेक्ट्रोस्टील के हेड कॉरपोरेट अफेयर्स आशीष रंजन एवं एसोसिएट कॉरपोरेट अफेयर्स निरंजन शर्मा उपस्थित रहे।

### झारखंड सरकार का प्रति व्यक्ति आय निर्धारण का फॉर्मूला गलत : राधाकृष्ण किशोर

**पलामू।** छतरपुर के पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य सरकार ने विधानसभा में 2023-24 का झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया है कि वर्ष 2023-24 में वर्तमान मूल्य पर राज्य के प्रत्येक व्यक्ति की आय 98649 रूपए होने का अनुमान है। झारखंड के प्रत्येक व्यक्ति की आय 98649 रुपये बताया जाना वास्तविक नहीं है। पलामू ऐसे और कई जिले हैं, जो सुखाड़, बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। पलामू, चतरा, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा जिले के सुदूरवर्ती गांव की महिलाएं जंगली कंद मूल बेचकर गुजारा करती हैं। झारखंड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था खेती, दुग्ध तथा मछली उत्पादन पर निर्भर है। वर्षा के अभाव में विगत पांच वर्षों से कृषि उत्पादन पर बुरा प्रभाव पड़ा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। मछली, अंडे, मांस और दूध का उत्पादन आवश्यकता से बहुत ही कम है। राष्ट्रीय औसत 410 ग्राम के विरूद्ध झारखंड में प्रति व्यक्ति 152 ग्राम ही दूग्ध उपलब्ध है। झारखंड में गरीबी की स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि खाद्य एवं पोषण सुरक्षा नीति के तहत 70 लाख परिवारों को शामिल किया गया है। ऐसी स्थिति में गरीबों की आय 98649 रूपए प्रति वर्ष होना कदापि संभव नहीं है। नीति आयोग द्वारा बहुउद्धेश्यीय गरीबी के लिए निर्धारित 12 मापदंड पोषण, बालमृत्यु दर, मातृत्व स्वास्थ्य, शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर आदि क्षेत्र में भी झारखंड पीछे है। प्रति व्यक्ति आय का निर्धारण उस राज्य में रहने वाले सभी लोगों की आय को जोड़कर राज्य की कुल जनसंख्या से विभाजित कर निर्धारित किया जाता है। सरकार के इस फॉमूर्ले से राज्य के बड़े उद्योगपतियों, पूंजीपतियों की आय, गांव में रहने वाले किसान मजदूरों की वार्षिक आय से कैसे मेल खा सकती है। उक्त फामूर्ला के आधार पर झारखंड में रहने वाले प्रत्येक व्यक्तियों की आय को एक सामान निर्धारित करना गरीबों का मजाक उड़ाने जैसा है।

**इस तरह हो निर्धारण :** पूर्व विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार को चाहिए कि प्रति व्यक्ति आय के निर्धारण के लिए दशकों से चली आ रही आंकड़ों की बाजीगरी को छोड़कर झारखंड में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की वास्तविक आय जानने के लिए माइक्रो सर्वे (सूक्ष्म) कराये, ताकि गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की प्रति वर्ष वार्षिक आय की वास्तविक स्थिति सुनिश्चित हो सके। बता दें कि खाद्य सुरक्षा के तहत राज्य की 2.79 करोड़ जनता को खाद्यान की आपूर्ति हो रही है।

### राष्ट्रपति से मिलेगा आईएनडीआईए गठबंधन का प्रतिनिधिमंडल, मांगा समय

**रांची।** आईएनडीआईए गठबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने के लिए समय मांगा है। इस संबंध में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने राष्ट्रपति के सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा गया है कि झारखंड के मंत्री, सांसद, विधायक और वरिष्ठ नेता राष्ट्रपति से मिलना चाहते हैं। अतः प्रतिनिधिमंडल को मिलने के लिए समय निर्धारित किया जाये। इसकी जानकारी खुद विनोद कुमार पांडेय ने गुरुवार को दी है। उन्होंने बताया कि झारखंडी अस्मिता से जुड़े प्रमुख मांग और बिल जैसे सरना धर्म कोड, ओबीसी आरक्षण और 1932 खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति आधारित बिल झारखंड विधानसभा से पास कर राज्यपाल के पास भेजा गया था। इसमें कुछ विधेयक को राजभवन ने वापस कर दिया। इसके बाद फिर से विधानसभा से इन विधेयकों को पास करके राज्यपाल के पास भेजा गया है। इन तमाम मांगों को लेकर इंडिया गठबंधन का एक प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रपति से मिलना चाहता है।

**स्पेनिश महिला से दुष्कर्म मामला**

### मुख्यालय वन डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने ग्रहण किया पदभार

**रांची।** रांची के मुख्यालय वन डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने गुरुवार को अपना पदभार ग्रहण किया। मौके पर डीएसपी ने कहा कि विधि व्यवस्था और अपराध पर नियंत्रण स्थापित करना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अगामी लोकसभा चुनाव को स्वंतत्र और निष्पक्ष रुप से कराना, एसटी-एससी मामलों, बच्चों और महिलाओं से जुड़े मामलों का बेहतर तरीके से अनुसंधान करना और लोगों को न्याय दिलाना के लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे।

### हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा, विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिए क्या है एसओपी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर एवं जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ में स्पेनिश महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को विस्तृत आंकड़ों के साथ-साथ इस मामले में की गयी कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने पूछा कि विदेशी पर्यटकों के राज्य की सीमा में प्रवेश की जांच के साथ उनकी सुरक्षा व सहायता के लिए राज्य सरकार ने किस प्रकार का स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी किया है और अगर एसओपी नहीं है तो भविष्य में इसकी क्या योजना है।

कोर्ट ने मौखिक कहा कि झारखंड विदेशी पर्यटकों के लिए एक हब बन चुका है। आपको पता होना चाहिए कि यहां प्रतिवर्ष कितने विदेशी पर्यटक आ रहे हैं, उन्हें सुरक्षा मुहैया कराया जाना भी जरूरी है। जरूरत होने पर उनके लिए मेडिकल सुविधा भी होनी चाहिए। कोर्ट ने महाधिवक्ता को महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने के लिए उठाये गये कदम के बारे में भी जानकारी देने को कहा है।

इससे पूर्व दुमका एसपी के शपथ पत्र पर कोर्ट ने नाराजगी जतायी। कोर्ट ने कहा कि विदेशी महिला के साथ गैंगरेप की घटना को सुपरवाइज किसी वरीय अधिकारी को करना चाहिए था। सरकार की ओर से बताया गया कि पीड़िता की कुछ चीजों की जांच दुमका के अस्पताल में संभव नहीं है, जिस पर कोर्ट ने कहा कि हर एक जिला में ऐसी व्यवस्था जरूरी है, मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से भी जिलों में जांच संभव है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को यह बताया गया कि इस घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है और पीड़िता को मुआवजे के तौर पर दस लाख का भुगतान भी कर दिया गया है। यह जानकारी हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान मौजूद अधिवक्ता धीरज कुमार ने दी। अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी। दरअसल एक मार्च को दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट में बाइक टूर पर निकली स्पेनिश मूल की महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। महिला अपने पति के साथ बाइक पर निकली थी। वह दुमका होते हुए भागलपुर की ओर जा रही थी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# जम्मू-कश्मीर भारत का मस्तक : मोदी

## अगला मिशन वेड इन इंडिया है, लोग जम्मू-कश्मीर में शादियों की मेजबानी करें



**एजेंसी। श्रीनगर/नई दिल्ली**

श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में विकसित भारत-विकसित जम्मू कश्मीर कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर सिर्फ एक जगह नहीं है, जम्मू कश्मीर भारत का मस्तक है। और ऊंचा सिर विकास और सम्मान का प्रतीक है। इसलिए, विकसित जम्मू और कश्मीर विकसित भारत की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह नया जम्मू कश्मीर है जिसका हम दशकों से इंतजार कर रहे थे। इसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था।

प्रधानमंत्री ने उस समय को याद किया जब देश में लागू कानून जम्मू-कश्मीर में लागू नहीं किए जाते थे और गरीबों के कल्याण के लिए उन योजनाओं का उल्लेख किया, जिनका लाभ वंचितों को नहीं मिल पाता था। उन्होंने आज बदलाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूरे देश के लिए योजनाएं आज श्रीनगर से शुरू की गई हैं और जम्मू-कश्मीर देश में पर्यटन का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। 2023 में दो करोड़ से ज्यादा पर्यटक जम्मू कश्मीर आए। इससे युवाओं को रोजगार मिला, उनकी आमदनी बढ़ी। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं आपका दिल जीतने के अपने प्रयास जारी रखूंगा। ये मोदी की गारंटी है और आप जानते हैं कि मोदी की गारंटी का मतलब है गारंटी के पूरा होने की गारंटी।

**अब अगला मिशन वेड इन इंडिया :** प्रधानमंत्री ने देखो अपना देश पीपुल्स चॉइस अभियान के बारे में जानकारी दी, जहां सरकार द्वारा अगले 2 वर्षों में पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने के लिए 40 स्थानों की पहचान की गई है। उन्होंने दुनिया भर के भारतीयों (एनआरआई) को भारत आने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए चलो इंडिया अभियान का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब उनका अगला मिशन वेड इन इंडिया है। लोगों को जम्मू-कश्मीर आना चाहिए और अपनी शादियों की मेजबानी करनी चाहिए। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में जी-20 शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी पर भी प्रकाश डाला।

**पर्यटन के सभी रिकॉर्ड टूटे :** आज, जम्मू और कश्मीर पर्यटन के सभी रिकॉर्ड तोड़ रहा है। उन्होंने कहा, अकेले 2023 में, जम्मू और कश्मीर ने पिछले रिकॉर्ड को पार करते हुए 2 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे। जम्मू-कश्मीर बैंक के बदलाव पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने अतीत के कुप्रबंधन को याद किया और इसे परिवारवाद की राजनीति और भ्रष्टाचार का शिकार बताया।

## चित्रकूट में आध्यात्म का अनुभव परियोजना का उद्घाटन

**सतना।** मध्यप्रदेश के सतना जिले को गुरुवार को 150 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात मिली। पीएम ने जहां स्वदेश दर्शन 2.0 योजना अंतर्गत 26 करोड़ की लागत से 'चित्रकूट घाट पर आध्यात्म का अनुभव' परियोजना का वर्चुअल उद्घाटन किया। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जिले में कार्यक्रम में 139 करोड़ से अधिक के कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। ये कार्य भी पर्यटन विभाग के प्रोजेक्ट स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत मंदाकिनी के घाटों के जीर्णोद्धार और उन्नयन के हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन प्रभु राम के नाम से काम सफल हो जाता है, उनका संबंध चित्रकूट से है, श्री तो इसके नाम में लगना चाहिए। 'हम भगवान के मामले में कॉम्प्रोमाइज नहीं करेंगे। जहां-जहां मप्र की धरती भगवान श्री राम, भगवान श्री कृष्ण के चरण पड़े हैं, उस प्रत्येक स्थान को तीर्थ बनाकर छोड़ेंगे।

## पीएम 10 को पुणे हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का करेंगे अनावरण

**पुणे (महाराष्ट्र)।** पीएम 10 मार्च को वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पुणे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के बहुप्रतीक्षित नए टर्मिनल का अनावरण करेंगे। अधिकारियों ने गुरुवार को यहां यह जानकारी दी। एएआई के निदेशक संतोष ढोके ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे तथा अन्य शीर्ष गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में पीएम नए टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। नया टर्मिनल कई सप्ताह पहले तैयार हो गया था। औपचारिक उद्घाटन के बाद, इसे नियमित संचालन के लिए खोले जाने से पहले एक महीने से अधिक समय तक उड़ान सुरक्षा और अन्य परीक्षण किए जाएंगे। कुल 423 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित, आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह शानदार टर्मिनल भवन वायु सेना से प्राप्त लगभग 52 हजार वर्ग मीटर भूमि पर फैला हुआ है। नया टर्मिनल प्रति घंटे लगभग तीन हजार यात्रियों और प्रति वर्ष 90 लाख से अधिक यात्रियों की आवाजाही के लिए डिजाइन किया गया है।

# वृंदावन की होली इस बार और बड़ी व भव्य होगी



**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र में इस वर्ष होली पर एक भव्य 'रंगोत्सव' मनाया जाएगा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद और संस्कृति विभाग ने इस सम्मेलन के लिए मथुरा में तैयारी शुरू कर दी है। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के अनुसार, मथुरा वृंदावन की होली एक जीवंत उत्सव है। यह क्षेत्र के सांस्कृतिक और धार्मिक इतिहास के ताने-बाने में गहराई से बुना गया है, जो भगवान कृष्ण के वृन्दावन में बिताए गए प्रारंभिक जीवन की कहानियों में निहित है। यहां के उत्सव अद्वितीय अनुष्ठानों और आनंदमय समारोहों का शानदार प्रदर्शन हैं जो दुनिया भर के लोगों को आकर्षित करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए मथुरा, वृन्दावन और बरसाना में बुनियादी सुविधाएं स्थापित की हैं। इसका उद्देश्य दुनिया भर से अधिक से अधिक पर्यटकों को मथुरा-वृंदावन और बरसाना में होली उत्सव देखने के लिए आकर्षित करना है। यह त्योहार 40 दिनों तक चलता है, लेकिन असली उत्साह होली से एक सप्ताह पहले ही बढ़ता है। उत्सव की शुरूआत बरसाना की लड्डू होली और लट्ठमार होली से होती है, जहां महिलाएं पुरुषों को लाठियों से पीटती हैं। मंत्री ने कहा कि भगवान कृष्ण से जुड़ी होने के कारण ब्रज की होली का विशेष महत्व है। मथुरा, वृन्दावन, गोवर्धन, गोकुल, नंदगांव और बरसाना समेत ब्रज क्षेत्र अपने अनूठे होली समारोहों के लिए जाना जाते हैं। उन्होंने कहा कि रंगारंग होली समारोह देखने के लिए बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक इस क्षेत्र में आते हैं। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें जीवन में एक बार मिलने वाला अनुभव मिले, जिससे वे साल-दर-साल वापस आना चाहेंगे।

## एक नजर

### शाह आज राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का लोकार्पण करेंगे



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का लोकार्पण और 'राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस 2023: एक रिपोर्ट' का विमोचन करेंगे। प्रधानमंत्री के 'सहकार से समृद्धि' के विजन को साकार करने की दिशा में सहकारिता मंत्रालय की एक और महत्वपूर्ण पहल है। सहकारिता मंत्रालय के अनुसार सहकारिता केंद्रित आर्थिक मॉडल को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकारों, राष्ट्रीय संघों और हितधारकों की सहभागिता से राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का विकास किया गया है।

### उत्तराखंड में सामने आए 4 से 5 कोरोना के मरीज

**देहरादून।** उत्तराखंड में एक बार फिर कोरोनावायरस अपने पैर फैला रहा है। पिछले 2 महीनों में कोरोना के कई मामले सामने आए हैं। इसे देखते हुए तमाम अस्पताल अलर्ट मोड पर आ गए हैं। प्रदेश में लगातार बदलते मौसम के चलते वायरल बुखार, सर्दी खांसी और फ्लू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसके चलते कोरोनावायरस आसानी से कम इम्यूनिटी वाले मरीजों को अपनी चपेट में ले रहा है। दून मेडिकल अस्पताल में अभी तक 4 से 5 कोरोना के मामले सामने आए हैं, अस्पताल अलर्ट पर है।

### बंगाल को जस्टिस गांगुली जैसे लोगों की जरूरत : शुभेंदु



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश के पद से इस्तीफा देने वाले जस्टिस अभिजीत गांगुली गुरुवार को भाजपा में आधिकारिक तौर पर शामिल हो गए। साल्ट लेक स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और बंगाल भाजपा के प्रभारी मंगल पांडे की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने उनका स्वागत किया। पश्चिम बंगाल सरकार के भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए अधिकारी ने कहा कि बंगाल को जस्टिस गांगुली जैसे ही लोगों की जरूरत है जो राज्य में भ्रष्टाचार को खत्म करने में मददगार बन सकें।

### सपा विधायक इरफान सोलंकी व उनके करीबियों के घर ईडी का छापा

**कानपुर।** सपा के विधायक इरफान सोलंकी के घर तथा करीबी रिश्तेदारों के यहां ईडी की टीम ने गुरुवार सुबह छापा मारा है। विधायक के जाजमऊ स्थित आवास पर सबसे पहले छह गाड़िया पहुंची और छापे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इरफान के अलावा उनके दोनों भाई रिजवान और अशरद के घर भी ईडी की टीम ने छापेमारी की है। सपा विधायक इरफान पिछले एक साल से जेल में बंद है।

### हमास नेता याह्या सिनवार के रिश्तेदार गाजा से गए मिस्र

**तेल अवीव।** 'वांछित' हमास नेता याह्या सिनवार के करीबी रिश्तेदार कथित तौर पर राफा क्रॉसिंग के जरिए मिस्र चले गए हैं। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि सिनवार की बहन के बच्चे हाल ही में मिस्र चले गए हैं। हमास के कई अन्य शीर्ष नेता भी अपने प्रियजनों को गाजा से मिस्र के सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाने में कामयाब रहे हैं।

# त्रिपुरा : विपक्षी टिपरा मोथा पार्टी सरकार में शामिल, दो नये मंत्री बने



**एजेंसी। अगरतला**

त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्र सेना रेड्डी नल्लू ने गुरुवार को राजभवन में एक सादे समारोह में टिपरा मोथा पार्टी (टीएमपी) के दो नए मंत्रियों अनिमेष देबबर्मा और बृषकेतु देबबर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री माणिक साहा, उनके मंत्रिपरिषद के सदस्य और वरिष्ठ नागरिक तथा सुरक्षा अधिकारी उपस्थित थे। केंद्र तथा त्रिपुरा सरकार के साथ त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने के छह दिन बाद आदिवासी जनाधार वाली विपक्षी टीएमपी ने त्रिपुरा में भाजपा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में शामिल होने का फैसला किया, जिससे त्रिपुरा की राजनीति में एक नया मोड़ आ गया। टीएमपी विधायक अनिमेष देबबर्मा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। इससे पहले वह विपक्ष के नेता थे। वकील से राजनेता बने बृशकेतु देबबर्मा ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। आदिवासी 'कोकबोरोक' भाषा में शपथ लेने वाले दोनों आदिवासी नेता दूसरी बार राज्य विधानसभा के लिए चुने गए हैं।

शपथ लेने से पहले अनिमेष देबबर्मा ने राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता पद से इस्तीफा दे दिया। पिछले साल 8 मार्च को भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के लगातार दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद से तीन मंत्री पद खाली थे। राज्य में अधिकतम 12 कैबिनेट मंत्री हो सकते हैं। बुधवार की कैबिनेट विस्तार के बाद एक मंत्री पद खाली रहेगा। एक अन्य आदिवासी जनाधार वाली पार्टी इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) भी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की सहयोगी है, और इसके एकमात्र विधायक सुक्ला चरण नोआतिया सहकारिता, आदिवासी कल्याण और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग (टीआरपी और पीटीजी) के प्रभारी कैबिनेट मंत्री हैं। टीएमपी ने पिछले साल 16 फरवरी को हुए विधानसभा चुनाव में अपनी पहली लड़ाई में 42 उम्मीदवार उतारे थे, जिनमें 20 आदिवासियों के लिए आरक्षित सीटों पर थे। पार्टी ने 19.69 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 13 सीटें जीती थीं। उसने संविधान के अनुच्छेद-2 और 3 के तहत 'ग्रेटर टिपरालैंड' या आदिवासियों के लिए एक अलग राज्य की अपनी मांग को उजागर किया था।

## रूस ने यूक्रेन के शहरों पर किया हमला, सात की मौत, 15 घायल

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के शहरों पर बुधवार को हमले किए, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। घायलों में कई बच्चे भी शामिल हैं। यूक्रेन के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। द कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने निप्रॉपेट्रोस, डोनेट्स्क, खारकिव और खेरसॉन क्षेत्रों में नागरिकों के हताहत होने की सूचना दी। सेना ने बताया कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की और ग्रीक प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस की यात्रा के दौरान रूस ने ओडेसा शहर के बंदरगाह को मिसाइल से निशाना बनाया।

# राष्ट्रपति ने केंद्रीय संस्कृत विवि के प्रथम दीक्षांत समारोह में भाग लिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में भाग लिया और सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए। इस अवसर पर उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव की भावना हमारी राष्ट्रीय चेतना का आधार है। अपने देश की समृद्ध संस्कृति का अहसास होने पर गर्व की भावना जागृत होती है। हमारी संस्कृति की विरासत संस्कृत भाषा में संचित है। इसलिए संस्कृत भाषा में उपलब्ध सांस्कृतिक चेतना का प्रसार करना राष्ट्र सेवा है। राष्ट्रपति ने कहा कि संस्कृत भाषा ने हमारी विशाल भूमि की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोया है। संस्कृत की शब्दावली से कई भारतीय भाषाएं मजबूत हुई हैं और वे भाषाएं विभिन्न क्षेत्रों और राज्यों में फल-फूल रही हैं। यह न केवल ईश्वर की भाषा है बल्कि यह जन-जन की भी भाषा है। राष्ट्रपति ने कहा कि जिस भाषा में गार्गी, मैत्रेयी, अपाला और लोपामुद्रा जैसी महिला विद्वानों ने ज्ञान का अमर योगदान दिया है, उस भाषा में महिलाओं की भागीदारी सबसे अधिक होनी चाहिए। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि आज के दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक विजेताओं में लड़के और लड़कियों की संख्या लगभग बराबर है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के प्रयासों के लिए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की सराहना की।

## ईडी की दूसरी शिकायत पर अदालत ने सीएम केजरीवाल को जारी किया समन

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को ईडी की शिकायत पर दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को नया समन जारी किया। अब समाप्त हो चुके उत्पाद शुल्क नीति मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें जारी किए गए एजेंसी के समन का अनुपालन न करने पर ईडी की यह दूसरी शिकायत है। राउज एवेन्यू कोर्ट की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा ने मामले की सुनवाई 16 मार्च तय की है। वह इसी दिन इसी मामले पर ईडी की पहली शिकायत पर भी सुनवाई करने वाली हैं।

## बब्बर खालसा इंटरनेशनल समर्थित आतंकी मॉड्यूल के दो सदस्य पंजाब में गिरफ्तार




**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने गुरुवार को कहा कि एक खुफिया ऑपरेशन में उसने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकी मॉड्यूल के दो सदस्यों की गिरफ्तार किया है। मॉड्यूल का संचालन अमेरिका स्थित हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासियन द्वारा किया जाता था, जो पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंदा का करीबी सहयोगी है। उसका सहयोगी शमशेर सिंह उर्फ शेरा है, जो वर्तमान में आर्मेनिया में रहता है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार हैप्पी पासियन रिंदा और शमशेर के साथ मिलकर युवाओं को राज्य में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए प्रेरित कर कट्टरपंथी बनाने का काम कर रहा था। पुलिस ने दो पिस्तौल समेत चार मैगजीन और 30 कारतूस बरामद किये। अमृतसर में राज्य विशेष ऑपरेशन सेल में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और शस्त्र अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### राजस्थान पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा, राहुल ने कहा-

# केंद्र में आए तो देंगे 30 लाख नौकरियां

**एजेंसी। जयपुर**

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुरुवार दोपहर राजस्थान में प्रवेश कर गई। यात्रा ने रतलाम (मध्य प्रदेश) के सैलाना से बांसवाड़ा के दानपुर में प्रवेश किया। राहुल राजस्थान के बॉर्डर तक खुली जीप में पहुंचे। रोड शो के बाद कॉलेज मैदान में हुई जनसभा में राहुल ने कहा कि राजस्थान की सरकार को 60 से 70 लोग चलाते हैं लेकिन उनमें आपको एक आदिवासी नहीं मिलेगा। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार में आने के बाद हमारा पहला काम होगा वंचितों को 30 लाख नौकरियां देना होगा। जनसभा में राहुल का हल देकर स्वागत किया गया। पेपर लीक पर राहुल ने कहा कि एग्जाम के दिन पता लगता है कि पेपर लीक हो गया। जिनके पास धन है, वे पेपर चुरा लेते हैं और हमें कहा जाता है कि पेपर लीक हो गया। अब आपको नौकरी नहीं मिलेगी। ऐसा सभी भर्तियों में होता है। हम पेपर लीक के खिलाफ कानून लाएंगे। इसमें हम एग्जाम दिलवाने का तरीका बदलेंगे। प्राइवेट कंपनियों के ठेके बंद कर पेपर सरकारी एजेंसी से ही छपवाया जाएगा। यदि इसके बाद भी पेपर लीक हो गया तो कड़ी कानूनी कार्यवाही होगी। राहुल ने कहा कि कॉलेज और डिप्लोमा के बाद एक साल के लिए हर ग्रेजुएट को प्राइवेट और सरकारी ऑफिस में ट्रेनिंग दी जाएगी और हर साल एक लाख रुपये मिलेगा। राहुल ने कहा कि देश के 10 लोगों में से नौ आपमें से हैं, लेकिन आप सभी के रास्ते बंद कर दिए गए।

# सीमा पर किसी भी खतरे से निपटने को तैयार है भारत : राजनाथ



**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को एनडीटीवी डिफेंस समिट में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत, सैन्य रूप से एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरा है। भारत अपनी सीमाओं पर किसी भी खतरे का उचित जवाब देने के लिए तैयार है। राजनाथ सिंह ने आगे कहा, ''इतिहास गवाह है, भारत ने कभी भी किसी भी देश पर पहले हमला नहीं किया है। लेकिन अगर हमें अपनी सीमाओं पर किसी भी खतरे का सामना करना पड़ता है तो हमारी सेना जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा, देश के सशस्त्र बलों का मनोबल बहुत ऊंचा है।

हमारे सैनिक जमीन, हवा या समुद्र से युद्ध के लिए हमेशा पूरी तरह तैयार हैं। यदि कोई भारत पर हमला करेगा तो हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब देगी। भारत अब एक प्रमुख विश्व आर्थिक और रणनीतिक शक्ति है। पीएम मोदी के मजबूत नेतृत्व में भारत, विश्व मामलों में बड़ी भूमिका निभा रहा है। अन्य देश अब भारत की बात सुनते हैं। भविष्य में भारत न केवल एक विकसित देश के रूप में उभरेगा, बल्कि एक मजबूत सैन्य शक्ति भी बनेगा। हमारे सशस्त्र बल देश का गौरव हैं। सरकार सैनिकों का मनोबल बढ़ाने और उनके प्रति सम्मान बढ़ाने के लिए जो भी जरूरी होगी, वह करेगी।

## इंडियन नेवी ने गल्फ ऑफ एडेन में मर्चेंट शिप के 21 सदस्यों को बचाया



भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस कोलकाता ने बारबाडोस के ध्वज वाले बल्क कैरियर एमवी ट्रू कॉन्फिडेंस से एक भारतीय नागरिक सहित चालक दल के 21 सदस्यों को बचाया है। इस जहाज पर अदन की खाड़ी में एक ड्रोन से हमला हुआ था। नेवी ने कहा कि यह घटना बुधवार को अदन से लगभग 55 नॉटिकल माइल्स दक्षिण पश्चिम में हुई, जिसमें चालक दल के सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें जहाज छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। आईएनएस कोलकाता शाम 4.45 बजे घटनास्थल पर पहुंचा और अपने हेलीकॉप्टर और नाव का उपयोग कर चालक दल के 21 सदस्यों को बचाया। चिकित्सा टीम द्वारा घायलों को मेडिकल सहायता प्रदान की गई। गंभीर रूप से घायल कर्मियों सहित बचाए गए दल को जिबूती ले जाया गया। इससे पहले सोमवार को, अदन से लगभग 90 नॉटिकल माइल्स दक्षिण पूर्व में लाइबेरिया के ध्वज वाले एमवी एमएससी स्काई 2 पर ड्रोन से मिसाइल हमले के बाद उसमें आग लग गई थी। भारतीय नौसेना के अनुसार, समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए क्षेत्र में तैनात मिशन आईएनएस कोलकाता ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और रात 10.30 बजे तक घटना स्थल पर पहुंच कर सहायता पहुंचाई।

## वायुसेना के सी-17 विमान ने स्वदेश निर्मित भारी प्लेटफॉर्म को किया एयर ड्राप

आईएएफ के परिवहन विमान सी-17 ने स्वदेश में विकसित एक भारी प्लेटफॉर्म को एयरड्रॉप किया है, जो 22 टन से अधिक भार को सहन कर सकता है। आईएएफ के एक अधिकारी ने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है। अधिकारी ने कहा, एडीआरडीई द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित और लगभग 45 हजार पाउंड भार ले जाने में सक्षम प्लेटफॉर्म को आईएएफ सी-17 विमान से परीक्षण के दौरान सफलतापूर्वक एयर ड्राप किया। एडीआरडीई हवाई डिलीवरी अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान है, जो एक प्रमुख रक्षा अनुसंधान प्रयोगशाला है। रक्षा मंत्रालय सशस्त्र बलों के लिए स्वदेशी तकनीकों और स्वदेशी रूप से विकसित आधुनिक उपकरणों पर

# पड़ोसी का लिखित समझौतों का पालन न करना चिंता का विषय : एस जयशंकर



**एजेंसी। टोक्यो**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को चीन का जिक्र करते हुए कहा कि यह चिंता का विषय है कि कोई देश पड़ोसी के साथ लिखित समझौतों का पालन नहीं करता। टोक्यो में पहले रायसीना गोलमेज सम्मेलन में भाग लेते हुए, जयशंकर ने कहा कि इंडो-पैसिफिक इलाके के देशों की क्षमताओं, प्रभाव और महत्वाकांक्षाओं में बड़े बदलाव के राजनीतिक और रणनीतिक परिणाम हुए हैं। इस वास्तविकता को ध्यान में रखते हुए काम करना होगा। चीन के साथ भारत के संबंधों पर उन्होंने कहा कि लगभग 45 वर्षों तक भारत-चीन सीमा पर रक्तपात नहीं हुआ, लेकिन 2020 में चीजें बदल गईं। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक प्रश्न के जवाब में कहा, आज हम कई बातों पर असहमत हो सकते हैं, लेकिन जब कोई देश, किसी पड़ोसी के साथ लिखित समझौतों का पालन नहीं करता है, तो यह चिंता का कारण है। उन्होंने स्वीकार किया कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों में अन्य देशों के साथ भारत का संबंध भी बदल रहा है।

नई दिल्ली में एक थिंक-टैंक में हाल ही में एक इंटरैक्टिव सत्र में, जयशंकर ने कहा था कि सरकार सीमा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है और चीन-भारत संबंधों में संतुलन होना चाहिए। मंत्री ने संबंधों को सामान्य बनाए रखने के लिए चीन के साथ सीमा समझौतों का पालन करने और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति बनाए रखने पर जोर दिया।